●वर्ष : 16 ●अंक : 288 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

सोमवार 10 फरवरी 2025

## समाचार

### केरल में व्यक्ति ने पत्नी की चाकू गोदकर हत्या की

**केरल।** के पलक्कड़ जिले में रविवार तड़के एक व्यक्ति ने पत्नी के साथ हुई कहासुनी के बाद उसकी कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना पलक्कड़ जिले के उप्पुमपडम इलाके में हुई। मृतका की पहचान यहां के थोलानूर के पास स्थित थोट्टाकारा निवासी चंद्रिका (52) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, चंद्रिका और उसके पति राजन (59) के बीच पिछले कुछ समय से पारिवारिक विवाद था। पुलिस ने बताया कि संदेह है कि दंपति के बीच रविवार तड़के भी बहस हुई और राजन ने गुस्से में चंद्रिका पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि राजन ने पत्नी की हत्या के बाद खुद को भी कथित तौर पर चाकू मारकर घायल कर लिया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, घटना के समय दम्पति की बेटी भी घर में मौजूद थी। जब उसने अपनी मां की चीखें सुनीं, तो उसने कमरे का दरवाजा खोलने की कोशिश की, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। उन्होंने बताया कि कुछ देर बाद राजन हाथ में चाकू लेकर बाहर आया और चंद्रिका कमरे में अचेत अवस्था में पड़ी मिली। उन्होंने बताया कि चंद्रिका को हालांकि तत्काल पास के एक अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। पुलिस ने बताया कि राजन को गंभीर चोटें आई हैं और उसका पड़ोसी त्रिशूर जिले के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

### उप्र : कैदी की रिहाई के लिए राष्ट्रपति के नाम से फर्जी आदेश मिला, प्राथमिकी दर्ज

**उत्तर प्रदेश।** के सहारनपुर जिले की जनकपुरी थाना पुलिस ने राष्ट्रपति के नाम से जिला कारागार में बंद हत्या के एक आरोपी की रिहाई के लिए फर्जी आदेश भेजने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रपति के नाम से जिला कारागार में एक विचाराधीन कैदी की रिहाई का आदेश पहुंचते ही खलबली मच गयी। वरिष्ठ जेल अधीक्षक को संदेह हुआ तो उन्होंने मामले की जांच कराई जिससे पता चला कि यह आदेश फर्जी है। वरिष्ठ जेल अधीक्षक सत्यप्रकाश ने पीटीआई- को बताया कि जिला कारागार में अजय हत्या के एक मामले में बंद है और इसका मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत में विचाराधीन है। इस बीच जिला कारागार प्रशासन को एक पत्र राष्ट्रपति कोर्ट के नाम से प्राप्त हुआ।

# मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने दिया इस्तीफा

## इस्तीफे के बाद मणिपुर में बढ़ी राजनीतिक हलचल



नूना न्यूज एजेंसी।

**मणिपुर।** में हिंसा के 21 महीनों के बाद आखिरकार रविवार को राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। बीरेन सिंह के इस्तीफे से मणिपुर की राजनीति में उथल-पुथल मच गई है। देखना होगा कि राज्य में आगे क्या होता है। इसमें केंद्र सरकार की भूमिका भी अहम रहने वाली है। सूत्रों के मुताबिक अगले दो दिनों के अंदर भाजपा नए मुख्यमंत्री का नाम तय कर सकती है। सोमवार से शुरू हो रहे राज्य विधानसभा के सत्र में कांग्रेस बीरेन सिंह के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने वाली थी। अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान होने की संभावना थी। कोंराड संगमा की नेशनल पीपल्स पार्टी (एनपीपी) के समर्थन वापस लेने के बाद भी सरकार को बचाए रखने के लिए भाजपा के पास पर्याप्त संख्या थी। लेकिन सूत्रों की मानें तो कई विधायक पार्टी के व्हिप को नकारते हुए अविश्वास प्रस्ताव पर बीरेन सिंह के खिलाफ वोट दे सकते थे, क्योंकि वे मुख्यमंत्री बदलने के पक्ष में थे। सूत्रों के अनुसार, मणिपुर में लगभग 12 विधायक मुख्यमंत्री परिवर्तन के पक्ष में थे। यहां तक कि मणिपुर विधानसभा के अध्यक्ष के साथ भी बीरेन सिंह के मतभेद सामने आए हैं।

बताया जा रहा है कि इन सभी परिस्थितियों पर केंद्रीय नेतृत्व से बातचीत के बाद ही बीरेन सिंह ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली में भाजपा की जीत के बाद मणिपुर की स्थिति पर पार्टी का शीर्ष नेतृत्व कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं चाहता है। अब यह देखना होगा कि बीरेन सिंह के स्थान पर कौन मुख्यमंत्री बनता है।

6 फरवरी को वह कुंभ में स्नान करने प्रयागराज गए, जहां उनके कई साथी कैबिनेट मंत्री भी थे। 6 फरवरी को राज्यपाल भल्ला भी प्रयागराज गए और उन्होंने भी महाकुंभ स्नान किया। 7 फरवरी को एन बीरेन सिंह प्रयागराज से दिल्ली लौटे। 9 फरवरी को बीरेन सिंह ने गृहमंत्री अमित शाह और जेपी नड्डा से मुलाकात की। इसके बाद वे दिल्ली से मणिपुर लौटे और राज्यपाल से मिलने का समय मांगा और शाम को इस्तीपा सौंपा।

### » राज्य में शांति स्थापना में मदद मिलेगी

भाजपा के सूत्रों ने उम्मीद जताई है कि बीरेन सिंह के इस्तीफे से राज्य में दो मुख्य जातीय समुदायों के बीच शांति स्थापित करने के लिए केंद्र के प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा। सूत्रों ने कहा कि राज्य में शांति और सुरक्षा उपायों में तेजी लाने के मकसद से ही पिछले साल दिसंबर में अजय भल्ला को राज्यपाल नियक्त किया गया था। सिंह के इस्तीफे से इस प्रक्रिया में मदद मिलेगी।

### » इस्तीफे से पहले का घटनाक्रम

2-3 फरवरी को मणिपुर के राज्यपाल अजय भल्ला दिल्ली गए थे। उन्होंने गृहमंत्री से मुलाकात की थी। राज्य के ताजा हालात पर विस्तृत रिपोर्ट दिया था। 5 फरवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव के दिन एन बीरेन सिंह दिल्ली गए थे। उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिलने का समय मांगा था। दिल्ली में उनकी बैठक नहीं हुई।

## मुख्यमंत्री नीतीश ने लॉन बॉल में स्वर्ण जीतने पर बिहार की महिला टीम को बधाई दी



नूना न्यूज एजेंसी।

**बिहार।** के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों की लॉन बॉल महिला ट्रिपल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने पर बिहार की टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा रविवार को जारी एक बयान में नीतीश ने कहा, 25 वर्षों के बाद राष्ट्रीय खेलों में बिहार के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर बिहार की बेटियों ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा, इस ऐतिहासिक जीत में बिहार की महिला टीम की खिलाड़ियों पायल प्रीति, खुशबू कुमारी और निखत खातून ने असाधारण कौशल, धैर्य और समर्पण का प्रदर्शन करते हुए लॉन बॉल में स्वर्ण पदक हासिल किया। इस ऐतिहासिक जीत पर पूरे बिहार को उन पर गर्व है। सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना है।

## दिल्ली चुनावों में करारी हार के बाद आतिशी ने पद से दिया इस्तीफा

### उपराज्यपाल ने दिल्ली विधानसभा भंग की

रविवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार अधिनियम, 1991, 1 की धारा 6 की उपधारा (2) (बी) द्वारा मुझे प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, 08 फरवरी, 2025 से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सातवीं विधानसभा को भंग करते हैं।



नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की करारी हार के एक दिन बाद रविवार को सीएम आतिशी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने अपना इस्तीफा उपराज्यपाल वीके सक्सेना को सौंप दिया। आतिशी के इस्तीफे के बाद उपराज्यपाल ने दिल्ली की सातवीं विधानसभा को भंग कर दिया। इसके लिए उन्होंने अधिसूचना जारी की।

बता दें, कल आए नतीजों में 70 विधानसभा सीटों में से बीजेपी ने 48 सीटों पर जीत दर्ज की है। अरविंद केजरीवाल की अगुवाई वाली आप सिर्फ 22 सीटें ही जीत पाई। कांग्रेस को चुनाव में एक भी सीट नहीं मिली।

**आतिशी ने इस्तीफा दिया**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप की हार के बाद रविवार को सीएम आतिशी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राज निवास पहुंचकर दिल्ली के उपराज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

पिछले साल सितंबर में आतिशी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, जब आप संयोजक और उनके पूर्ववर्ती अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते पद से इस्तीफा दे दिया था। 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में निवर्तमान मुख्यमंत्री आतिशी समेत पांच महिला उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की, जबकि 2020 के चुनाव में यह संख्या आठ थी।

## करारी हार ने पैदा किए आप के सियासी भविष्य पर सवाल

### उन्हें पार्टी से किनारे किया, जिनमें आत्मचिंतन की शक्ति थी : डॉ. चंद्रचूड़

राजनीतिक विश्लेषक और दिल्ली विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग में प्रोफेसर डॉ. चंद्रचूड़ सिंह बताते हैं कि देश को वैकल्पिक राजनीति दिलाने का वादा करके राजनीतिक पार्टी बनाने वाले अरविंद केजरीवाल और उनके सहयोगियों ने उन्हीं प्रतिमानों को खुद ही खत्म किया, जिनकी नींव पर पार्टी टिकी थी।

नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** करारी हार के बाद आप के भविष्य पर भी सवाल उठने लगे हैं। खासकर इसलिए कि चुनावी शिकस्त से शीर्ष नेतृत्व की वैधानिक शक्ति कमजोर हुई है। सत्ता की यह कमजोरी पार्टी के भीतर से संकट पैदा कर सकती है। राजनीतिक पंडितों का मानना है कि बगैर किसी विशेष विचारधारा वाली व्यक्ति केंद्रित पार्टी आप के लिए आने वाले महीने संकट भरे होंगे। इसमें नेतृत्व के लिए आप को संभाल पाना चुनौती भरा होगा। आशंका इस बात की भी जाहिर की जा रही है कि कहीं इसका हस्त्र जनता दल और असम गण परिषद सरीखा न हो जाए। राजनीतिक विशेषज्ञ बताते हैं कि विविधता से भरे देश में किसी राजनीतिक दल का वजूद मजबूत हाईकमान, उसकी विचारधारा और जमीनी स्तर तक का मजबूत संगठन जरूरी है।

राज्यों में सरकार होने के बाद भी कांग्रेस जैसी पार्टी आज अगर संघर्ष कर रही है तो उसके पीछे उसमें राजनीतिक संपदा और दक्षता का अभाव होना है। फिर भी मजबूत इच्छा शक्ति से भरा शीर्ष नेतृत्व तमाम संकटों के बाद भी



कांग्रेस को खड़ा रख सका है। दूसरी तरफ मजबूत वैचारिक आधार के साथ पीएम को नेतृत्व ने भाजपा को पूरे देश में विस्तार दिया है। दिलचस्प यह कि ढाई दशक से शीर्ष पद संभालने वाले पीएम मोदी पर निजी स्तर पर भ्रष्टाचार का कोई दाग भी नहीं लगा है।

सियासी उत्तरदायित्व, शुचिता व नैतिकता, ग्रास रूट से कार्यकताओं को मिलने वाली जिम्मेदारी सरीखे दूसरी कई सारी चीजें पार्टी में गायब हैं। वहीं, उन लोगों को भी पार्टी से किनारे किया गया, जिनमें आत्म चिंतन की शक्ति थी, मर्यादित आवाज थी, नैतिक व बौद्धिक पूंजी थी। पार्टी का मौजूदा शीर्ष नेतृत्व से भी नैतिकता का आवरण हट गया है।

### शीर्ष नेतृत्व साफ, पार्टी संभालना होगा मुश्किल

विश्लेषक बताते हैं कि आतिशी और गोपाल राय के अलावा शीर्ष नेतृत्व साफ हो गया है। पार्टी पहली बार विपक्ष में बैठ रही है। केजरीवाल और सिसोदिया पार्टी के विधानमंडल और दो बड़े नेताओं से किस तरह डील करेंगे, इससे यह तय होगा कि पंजाब में किस तरह से पार्टी काम करेगी।

दिल्ली में अगर नेता प्रतिपक्ष को आप का शीर्ष नेतृत्व छूट देता है तो पंजाब की सरकार, उसके मुख्यमंत्री, मंत्री और विधायक भी अपेक्षा करेंगे। यह पार्टी के भीतर हितों में टकराव पैदा कर सकता है। केजरीवाल की सबसे पहली चुनौती यही होगी। विपक्ष से निपटना तो बाद की बात है।

### आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज की घटना ने बंगाल के सिस्टम में सड़न को उजागर किया: प्रधान

**कोलकाता ।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पश्चिम बंगाल की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज में एक प्रशिक्षु चिकित्सक की बलात्कार के बाद हत्या की घटना यह साबित करती है कि राज्य का सिस्टम पूरी तरह सड़ चुका है। प्रधान ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में गुंडों को नागरिक पुलिस जैसी सामाजिक पहलों में शामिल किया गया है। उन्होंने कोलकाता में एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस तरह की घटना भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा, जो कुछ आर. जी. कर में हुआ, वह गंभीर चिंता का विषय है। समाज की सुरक्षा के लिए बनाए गए तंत्र में गुंडों की भर्ती इस बात का संकेत है कि यह व्यवस्था सड़ चुकी है।

## मणिपुर में शांति बहाल करने के लिये सभी प्रयास कर रही सरकार : मुख्यमंत्री बीरेन सिंह

नूना न्यूज एजेंसी।



**मणिपुर।** के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने शनिवार को कहा कि पूर्वोत्तर के हिंसा प्रभावित राज्य में सरकार शांति बहाल करने के सभी प्रयास कर रही है और यह सुनिश्चित कर रही कि लोग पहले की तरह एक साथ मिलजुल कर रहें। मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार शांति बहाल करने और लोगों के पहले की तरह शांतिपूर्ण तरीके से साथ रहने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मई 2023 में मणिपुर में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। डीजीएआर महिला एवं पुरुष पोलो चैंपियनशिप 2025 के समापन समारोह को संबोधित करते हुये सिंह ने विभिन्न टूनार्मेंट आयोजित करने के लिए सेना एवं असम राइफल्स की सराहना की। उन्होंने कहा कि ये मणिपुर में पोलो को बढ़ावा देने तथा घोड़ों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सिंह ने यह भी कहा कि सरकार ने मणिपुर में घोड़ों की सुरक्षा के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं और दोहराया कि आधुनिक पोलो की उत्पत्ति इसी राज्य से हुई है। उन्होंने कहा, लम्फेलपट में करीब 30 एकड़ का चारागाह आवंटित किया गया है। इंफाल पूर्वी जिले के पंगेई में एक चारागाह और अन्य चारागाह भी विकसित किए गए हैं।

## रायबरेली के पास ट्रेन को पटरी से उतारने की कोशिश नाकाम

नूना न्यूज एजेंसी।

**रायबरेली।** में रेलवे स्टेशन के समीप चंपा देवी मंदिर के पास पटरी पर पत्थर रखकर ट्रेन को पटरी से उतारने की कोशिश नाकाम हो गयी क्योंकि समय रहते लोको पायलट ने उसे (पत्थर को) देख लिया और आपातकालीन ब्रेक लगा दी। रेलवे अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार मामले की सूचना कोतवाली पुलिस और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) को दी गयी। वरिष्ठ खंडीय अभियंता (सीनियर सेक्शन इंजीनियर) की ओर से कोतवाली पुलिस को तहरीर भी दी गई है। अधिकारियों के मुताबिक स्टेशन से कुछ दूर चंपा देवी मंदिर के पास रेलवे पुल के ट्रैक पर किसी ने पत्थर रख दिया। रेलवे पुल पर ह्यगार्ड रेलिंग और रनिंग रेलिंग के बीच 450 मिमी का मानक अंतर है, जहां शनिवार रात पत्थर रख दिये गये थे। शनिवार रात लखनऊ से आने वाली यशवंतपुर एक्सप्रेस जब करीब पहुंची तो सिग्नल लाल होने के कारण ट्रेन की गति धीमी थी। इस पर यशवंतपुर एक्सप्रेस के लोको पायलट ने रेलवे पटरी पर पत्थर रखे देख लिये। लोको पायलट ने आपातकालीन ब्रेक लगाकर ट्रेन रोकी और पत्थर हटवाया, उसके बाद गाड़ी आगे बढ़ी। लोको पायलट ने इसकी सूचना नियंत्रण कक्ष को दी। इसके बाद वरिष्ठ खंडीय अभियंता (बछरावां) ने आरपीएफ और नगर कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी। अधिकारियों के अनुसार रात में ही रेलवे अधिकारी, आरपीएफ और सिविल पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे, छानबीन की। जांच के बाद देर रात रेलवे के वरिष्ठ खंडीय अभियंता ने नगर कोतवाली पुलिस को घटना के संबंध में तहरीर दी। वरिष्ठ खंडीय अभियंता शुभम श्रीवास्तव ने बताया कि पत्थर रखे होने की सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे तथा आरपीएफ और सिविल पुलिस को भी सूचना दी गई थी। श्रीवास्तव के अनुसार आरपीएफ और पुलिस अधिकारियों ने भी छानबीन की है।

## ज्वलंत मुद्दा
### सम्पादकीय



### गढ़ भी नहीं रहा और सेनापति भी नहीं



मराठी की एक कहावत में गढ़ जीतने को अहम तो बताया गया है, लेकिन गढ़ की जंग में अगर सेनापति का बलिदान हो जाता है तो उस जीत को भी बड़ा नहीं माना जाता। इसी मराठी कहावत की तर्ज पर दिल्ली की सियासी जंग को अरविंद केजरीवाल के संदर्भ में देखें तो कह सकते हैं कि गढ़ तो गया ही, सिंह यानी सेनापति भी नहीं रहा। अलग तरह की वैकल्पिक राजनीति और उसके जरिए आम लोगों को खुशहाल और नए तरह के भविष्य का सपना दिखाकर राजनीति में आए अरविंद केजरीवाल के लिए दिल्ली विधानसभा में बहुमत एक तरह से गढ़ यानी किला ही था। अरविंद केजरीवाल वह किला अब खो चुके हैं और उनके लिए चिंता की बात है कि खुद उनके साथ उनके सेनापति इस जंग में खेत रहे हैं। तो क्या यह मान लिया जाए कि आंदोलन से उपजी राजनीति के दौर का खात्मा तय है? अभी तो यह मान लेना कि आम आदमी पार्टी खत्म हो जाएगी, थोड़ी जल्दबाजी होगी। लेकिन अतीत के उदाहरणों को देखें तो साफ लगता है कि केजरीवाल के लिए राह अब आसान नहीं रही। अन्ना हजारे के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के साथ उभरी आम आदमी पार्टी ने अलग तरह की राजनीति देने का वादा किया था। अन्ना के भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन को लेकर लोगों को कितनी उम्मीदें थीं कि अन्ना का अनशन तो दिल्ली में हो रहा था, लेकिन उसके समर्थन में राजस्थान के रेतीले इलाकों में इक्का-दुक्का घरों के साथ बसी ढाणियों, झारखंड-छत्तीसगढ़ के सुदूर जंगलों, पानीपत से लेकर मोतिहारी, कच्छ लेकर अरूणाचल प्रदेश तक, शायद ही कोई शहर या गांव रहा होगा, जहां मोमबत्तियां न जली हों। ये मोमबत्तियां दरअसल नए भारत की अंजोरियाभरी राह का सपना थीं। आम आदमी पार्टी का जब गठन हुआ तो लोगों को उम्मीद थी कि उसके जरिए देश और उनकी जिंदगी में ऐसा प्रकाश फैलेगा, जिसमें उनके, उनकी संततियों और उनके देश का भविष्य उज्ज्वल होगा।

SYED ZAKI HAIDER
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## आप निभाएगी मजबूत विपक्ष की भूमिका

### अरविंद केजरीवाल के साथ बैठक के बाद बोलीं आतिशी

नूना न्यूज एजेंसी।



**दिल्ली।** विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने रविवार को पार्टी के नवनिर्वाचित 22 विधायकों के साथ बैठक की। इस बैठक के बाद दिल्ली की निवर्तमान सीएम आतिशी ने पत्रकारों से बात की। उन्होंने बताया कि केजरीवाल ने नवनिर्वाचित 22 विधायकों को अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में जनता के लिए काम करने के दिशा-निर्देश दिए हैं। आतिशी ने कहा, 'आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने पार्टी के नवनिर्वाचित 22 विधायकों के साथ बैठक की और सभी विधायकों को दिशा-निर्देश दिए कि अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में जनता के जो भी काम हैं, वह आप विधायकों को ही करने हैं। जनता ने आप के 22 विधायकों पर भरोसा जताकर उन्हें यहां भेजा है और अब हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनकी सेवा करें, उनकी समस्याओं का समाधान करें और दूसरी जिम्मेदारी विपक्ष की भूमिका निभाना है और आप विधायकों का काम है कि सरकार बनाने वाली पार्टी जवाबदेह हो।' आतिशी ने कहा, 'भाजपा ने वादा किया था कि पहली कैबिनेट बैठक में 2500 रुपये की योजना पारित की जाएगी और 8 मार्च तक दिल्ली की सभी महिलाओं के खाते में 2500 रुपये जमा हो जाएंगे। आप इस पर भाजपा की जवाबदेही सुनिश्चित करेगी और सुनिश्चित करेगी कि दिल्ली की हर महिला को भाजपा की ओर से यह 2500 रुपये मिलें। हम यह भी सुनिश्चित करेंगे कि आप ने जो काम किया है, वह पूरा हो। उन्होंने कहा, 'पिछले 10 सालों में जो कुछ भी किया है, उसे भाजपा रोक नहीं सकती। हम भाजपा को बताना चाहते हैं कि जैसा कि उन्होंने वादा किया था, न केवल सभी दिल्लीवासियों को मुफ्त बिजली मिलेगी, उन्हें 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी, सभी सुविधाएं जारी रहेंगी, सरकारी स्कूल अच्छे रहेंगे, मोहल्ला क्लीनिक में मुफ्त इलाज जारी रहेगा, सरकारी अस्पतालों में सभी इलाज जारी रहेंगे, इसलिए हम भाजपा की जवाबदेही सुनिश्चित करेंगे चाहे वह दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपये देना हो या आम आदमी पार्टी द्वारा किए गए कामों को जारी रखना हो। दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली हार पर आतिशी ने कहा कि पार्टी इसके पीछे के कारणों पर विश्लेषण कर रही है। उन्होंने कहा, 'अभी विश्लेषण चल रहा है कि आप क्यों हारी, लेकिन यह दिल्ली की जनता का जनादेश है, हम जनादेश का सम्मान करते हैं। आतिशी ने कहा कि यह चुनाव इतनी गुंडागर्दी के साथ हुआ, ऐसा चुनाव दिल्ली के इतिहास में कभी नहीं हुआ होगा। जहां खुलेआम पैसा बांटा जा रहा है, खुलेआम शराब बांटी जा रही है, पुलिस बंटवा रही है और जो भी इसकी शिकायत कर रहा है उसे जेल में डाला जा रहा है। लेकिन हम दिल्ली की जनता के जनादेश को स्वीकार करते हैं और एक रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे।

# "माननीय प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में असंभव संभव हुआ" दिल्ली विधानसभा चुनाव में विजया उत्सव रिकॉर्ड और ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाया: फिरासथ अली बाकरी

**हैदराबाद।** टुडे फरवरी - प्रेस विज्ञप्ति - भाजपा तेलंगाना के पूर्व राज्य प्रवक्ता मीर फिरासथ अली बाकरी ने आज दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में विजया उत्सव की शानदार जीत पर मीठी #जलेबियों का वितरण किया। हैदराबाद के चारमीनार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अजा खाना जहरा एक्स रोड ओल्डसिटी के सामने पूर्व मंत्री संयुक्त आंध्र प्रदेश श्री सी कृष्ण यादव जी, श्रीमती वीरमणि, श्रीमती दरारथ लक्ष्मी, दिनेश अंबारे, अली गुटमी, निसार अहमद, शब्बीर अली के साथ। मीर फिरासथ अली बाकरी ने कहा कि भाजपा दिल्ली में सरकार बनाने जा रही है और न केवल विधानसभा चुनाव जीत रही है, बल्कि ऐतिहासिक बहुमत के साथ जीत रही है। 70 में से 48 विधानसभा सीटों पर जीत हासिल कर उसने विभाजनकारी राजनीति और विभाजनकारी मानसिकता को करारा जवाब दिया है। मीर फिरासथ अली बाकरी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली 'भारी जीत' के लिए लोगों का शुक्रिया अदा किया। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि उपचुनाव में जीत के लिए मतदाताओं का भी शुक्रिया। हम सभी समाज के लोगों का शुक्रिया अदा करते हैं। मैं भाजपा के सभी कार्यकताओं का भी शुक्रिया अदा करता हूं।



# इंसानियत से बड़ा कोई मजहब नहीं : हुज्जतुल इस्लाम वल मुस्लिमीन मौलाना सय्यद असलम रिजवी साहब (चीफ शिया उलेमा बोर्ड, महाराष्ट्र)



**जौनपुर।** नगर के बलुआघाट स्थित पंजतनी कमेटी के कैम्प कार्यालय में महाराष्ट्र शिया उलेमा बोर्ड के अध्यक्ष हुज्जतुल इस्लाम वल मुस्लिमीन मौलाना सै. मो. असलम रिजवी का सदस्यों ने जोरदार स्वागत कर अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पुणे से आये मौलाना असलम रिजवी ने कहा कि समाज को शिक्षित करने से जहां देश तरक्की करता है वहीं लोगों के जीने का नजरिया भी बदलता है। ऐसे में हम लोगों को चाहिए कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जो भी कदम उठाना पड़े उसे पीछे नहीं हटना चाहिए। मौलाना असलम रिजवी ने कहा कि आज दीने इस्लाम के नाम पर कुछ लोग नफरत फैलाने का काम करते हैं जो सही नहीं है। इस्लाम में हमेशा भाईचारा, मोहब्बत का पैगाम दिया है। ऐसे में हम लोगों को हजरत मो. मुस्तफा (स.अ.) व अहलेबैत के बताए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि गरीब, बेसहारा व मजलूमों की हमेशा मदद करनी चाहिए चाहे वह किसी भी धर्म का हो क्योंकि इंसानियत से बड़ा कोई भी धर्म नहीं है। कर्बला में हजरत इमाम हुसैन ने दीने इस्लाम को बचाने के साथ-साथ मानवता की भी रक्षा की थी। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से शिक्षा में योगदान की अपील करते हुए कहा कि शिक्षा के दम पर लोगों के किरदार में निखार आता है तो वहीं देश-दुनिया में शिक्षा के दम पर उनके समाज की भी अलग पहचान बनती है, यही वजह थी कि हजरत मोहम्मद मुस्तफा (स.अ.) ने कहा था कि अगर शिक्षा को हासिल करने के लिए दूर देश भी जाना चाहिए तो पीछे नहीं हटना चाहिए। इस मौके पर सै. अब्बास सिबतैन सिराजी, यूशा अब्बास, पंजतनी कमेटी के अध्यक्ष शाहिद मेहंदी, उपाध्यक्ष नेहाल हैदर, अंजुमन हुसैनिया के अध्यक्ष सकलैन हैदर खान कंपू, महासचिव मिर्जा जमील, मिर्जा वकार, अफरोज कमर, मो. कमर सहित अन्य लोग मौजूद रहे। आभार सै. हसनैन कमर दीपू ने प्रकट किया।

# सीजीएसटी ने महागुन इं. प्रा.लि.के नोएडा और गाज़ियाबाद कार्यालयों से सात करोड़ रुपये की जीएसटी वसूली

**(हरेश उपाध्याय)**

**गाज़ियाबाद।** केंद्रीय माल-सेवाकर अधिनियम के तहत आयुक्त संजय लवानिया की अगुवाई में सीजीएसटी गाज़ियाबाद की कर अपवंचन शाखा के अधिकारियों ने मेसर्स महागुन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नोएडा और गाज़ियाबाद स्थित कार्यालयों पर एक बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन के दौरान यह पाया गया कि कंपनी द्वारा विभिन्न मदों में कुल लगभग 15 करोड़ रुपये से ज्यादा की जीएसटी जमा नहीं की गई थी व सीजीएसटी अधिकारियों ने लगभग 7 करोड़ रुपये की जीएसटी वसूली की व आगे की कार्रवाई जारी रखी है। अधिकारियों ने बताया कि यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि कंपनी ने और कितनी जीएसटी का भुगतान नहीं किया है और पूरी कार्रवाई के बाद बड़े पैमाने पर कर वसूली की उम्मीद है। कार्रवाई में अपर आयुक्त आलोक सिंह, अपर आयुक्तअरुण कुमार द्विवेदी व सहायक आयुक्त संजीव ऋषि व अपवंचन शाखा के वरिष्ठ अधिकारी के नेतृत्व में हुई।




# अमेरिका की ओर से भारतीय नागरिकों के हथकड़ी लगाकर भेजना भारत का अपमान: बजरंग गर्ग



**हिसार।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा अमेरिका द्वारा 104 अवैध भारतीय अप्रवासियों के हाथों में हथकडियां व पैरों में बेडियां लगाने के विरोध आज हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सीनियर प्रवक्ता व जिला कन्वीनर बजरंग गर्ग के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन व पत्रकार वार्ता करने के उपरांत अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला जलाया गया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधि भारी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर प्रदेश सीनियर प्रवक्ता बजरंग गर्ग ने उपस्थित प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अमेरिका द्वारा भारतीय नागरिकों के हथकड़ी लगाकर भारत भेजना यह भारत देश का अपमान है, जिसे किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। एक तरफ तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार-बार कहते है कि मेरी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से दोस्ती है लेकिन अमेरिका भारत देश को नीचा दिखा रहा है जो सरासर गलत है। यह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कमजोरी के कारण अमेरिका ने ऐसी घटिया हरकत की है। जिसका करारा जवाब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अमेरिका को देना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी विफलता छुपाने की बजाएं अमेरिका से भारतीय नागरिकों को सम्मान जनक भारत देश में लाना चाहिए। अमेरिका द्वारा की गई इस हरकत का पूरे विश्व में विरोध हो रहा है। बजरंग गर्ग ने कहा कि देश व प्रदेश के ट्रैवल एजेंट फर्जी वाडा करके भारतीयों से नाजायज पैसे लेकर जो भारतीयों को विदेशो में भेज रहे है। सरकार को उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए और अमेरीका में अवैध रूप से रह रहे भारतीयों का भारत सरकार अपने निजी जहाज से उन्हें भारत देश में लाने के लिए कठोर कदम उठाने चाहिए।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर दिलबाग हुड्डा, हनुमान ऐरन, रवि भूटानी, संतोष जून, अमर गुप्ता, बीर सिंह ख्यालिया, बिल्लू मय्यड़, सुरेश गर्ग, गीता आहूजा, मीरा देवी, सरोज श्योराण, दलजीत पंघाल, अजय कुमार जाखड़ गगन खेड़ी, चंद्र भान काजला, बलराज सिंह मलिक, ओम प्रकाश कुंडू, अनुपाल भुक्कल, सुरेश पंघाल, भारत सोनी, जगजीत सिंधू, सोनू लंकेश, सुरेश कुमार वाल्मीकि, रणधीर सिंह बामल, विक्टर डेविड, राजेंद्र बंसल, रामबीर ढांडा, रजत हुड्डा, निरंजन कुमार गोयल, नरेंद्र कुमार पूनिया लाडवा, रणधीर मतलोदा, दिनेश कुमार, दीपक, अतुल कुमार, मनोज कुमार, अखिल गर्ग, नीतू रानी, ज्योति कुमारी,पिंकी रानी, सुमन सोनी, अनिल बिश्नोई, ओम प्रकाश बजाज आदि कांग्रेस प्रतिनिधि भारी में मौजूद थे।

# डीजल के पैसे मांगे तो पेट्रोल पंप मैनेजर को चलते ट्रक से लटकाया

**नारनौल** एक पेट्रोल पंप के मैनेजर को डीजल की उधारी के पैसे मांगने पर ट्रक चालक द्वारा खिड़की से लटकाकर उसे जान से मारने की कोशिश करने का मामला सामने आया है। मैनेजर ने इस बारे में पुलिस में शिकायत की है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने ट्रक मालिक व चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शहर थाना पुलिस को दी गई शिकायत में नांगल चौधरी रोड पर बने दीवान पेट्रो प्वाइंट इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के मैनेजर कंवर सिंह ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह कई सालों से पंप पर मैनेजर के पद पर कार्यरत है। शुक्रवार दोपहर वह पंप के बाहर खड़ा था। इस दौरान वहां पर एक ट्रक आकर रुका। इस ट्रक का मालिक सतपाल व संदीप हैं, जो कई वर्षों से डीजल ट्रक में डीजल डलवाते हैं। इनकी ओर पैसे भी बकाया थे। जब उसने इनको देखा तो इनसे डीजल के पैसे मांग लिए। इस पर इन्होंने रोड पर बुला लिया। जिसके बाद हिसाब करने की बात कहकर ट्रक के अंदर बैठा लिया। गाड़ी में बैठाने के बाद इन्होंने उसके साथ मार पिटाई शुरू कर दी। बाद में उन्होंने गाड़ी चला दी। जिसके बाद इन्होंने उसको खिड़की से बाहर लटका दिया।

### दस किलोमीटर दूर तक ले गए

खिड़की के बाहर लटकाने के बाद भी दोनों उसको मारते रहे। वे करीब उसको दस किलोमीटर तक ऐसे ही खिड़की के बाहर लटकाते हुए ले गए। इस दौरान उसको गाड़ी से नीचे गिराने के लिए कई बार ब्रेकर भी कुदाए। उन्होंने उसको लगातार जान से मारने का प्रयास किया। शिकायत में बताया गया है कि पंप पर लगे अन्य कर्मचारियों ने उसको देख लिया था। जिसके बाद कर्मचारियों ने मालिक संदीप संघी को फोन किया। सूचना मिलने पर पंप के मालिक ने करीब दस किलोमीटर तक ट्रक चालक का पीछा किया। इस दौरान उन्होंने मालिक की गाड़ी को भी टक्कर मारने की कोशिश की। बाद में भोजावास बस स्टैंड के पास दोनों गाड़ी को रोक उसे वहीं पर खड़ी करके फरार हो गए। इसके बाद उन्होंने डायल 112 पर पुलिस को इस घटना की सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसको अस्पताल पहुंचाया। वहीं जब ट्रक मालिकों को फोन किया तो दोनों वहीं आ गए।

# बस अड्डे के सामने कैब संचालकों ने किया रोडवेज चैकिंग दस्ते पर हमला

**हिसार** हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा ने रोडवेज चैकिंग दस्ते पर कैब संचालकों द्वारा हमला किए जाने की घटना पर रोष जताया है। सांझा मोर्चा नेताओं ने कैब संचालकों द्वारा दी गई धमकी व हाथापाई किए जाने की शिकायत शहर थाना पुलिस को दी है, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिय है। सांझा मोर्चा के हिसार डिपो प्रधान राजबीर दुहन, अजय दुहन व राजकुमार चौहान ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देशों पर डिपो महाप्रबंधक द्वारा गठित टीम शनिवार सुबह अवैध रूप से सवारियां भरने वाले वाहनों को रोक रही थी। बस अड्डे के ठीक सामने से अवैध रूप से सवारियां ढ़ोने वाले कैब संचालकों से जब सवारियां भरने व अन्य तरह के कागजात जांचने के लिए मांगे गए तो वे विरोध करने लगे। इस दौरान कैब संचालक एकत्रित हो गए और उन्होंने चैकिंग दस्ते की टीम को घेरकर हाथापाई व गाली—गलौच शुरू कर दी। कैब संचालकों ने चैकिंग दस्ते की गाड़ी के बोनट पर जोर-जोर से मुक्के मारे और गाड़ी को आगे से उठाने का भी प्रयास किया। इसी दौरान चैकिंग टीम ने डिपो महाप्रबंधक को मामले की सूचना दी। राजबीर दुहन, अजय दुहन व राजकुमार चौहान ने बताया कि डिपो महाप्रबंधक ने पुलिस अधिकारियों को इसकी सूचना दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर कैब संचालक उन्हें धमकी देते हुए फरार हो गए।

# हकृवि के कीट विज्ञान विभाग में 21 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स शुरू

**हिसार (जगमार्ग न्यूज)।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कीट विज्ञान विभाग में सेंटर ऑफ एडवांस्ड फैकल्टी ट्रेनिंग के तत्वावधान में 21 दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स आरम्भ हुआ। कोर्स का मुख्य उद्देश्य वैज्ञानिकों को स्थाई कृषि के लिए बदलते जलवायु परिवेश में कीट प्रबंधन से अवगत करवाना है। विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। अनुसंधान निदेशक ने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग पौध वैज्ञानिकों के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है। ग्लोबल वार्मिंग की वजह से भविष्य में कीटों की समस्या बढ़ सकती है। उन्होंने वैज्ञानिकों से इस दिशा में कार्य करने का आह्वान किया ताकि ग्लोबल वार्मिंग के कारण पड़ने वाले दुष्प्रभावों से बचा जा सके। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ एस. के. पाहुजा ने बताया कि समन्वित कीट प्रबंधन वर्तमान समय की एक बहुत महत्वपूर्ण आवश्यकता है। कीट विज्ञान विभाग की अध्यक्ष एवं कोर्स निदेशक डॉ. सुनीता यादव ने केंद्र की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और ट्रेनिंग कोर्स की विषय वस्तु पर भी प्रकाश डाला। इस केन्द्र द्वारा आयोजित यह 37वां प्रशिक्षण कोर्स है। इस अवसर पर कृषि महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष, प्रशिक्षण संयोजक डॉ एस. एस. यादव, डॉ. कृष्णा रोलानिया, डॉ. दिलीप कुमार तथा विभाग के सभी कीट वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

# राज्य के किसानों को सशक्त बनाने के लिए बिहार स्थित स्टार्ट-अप एग्रीफीडर में सह-संस्थापक बनीं एक्ट्रेस नीतू चंद्रा




**दिल्ली।** अपने राज्य के किसानों को सशक्त बनाने के लिए एवं बिहार के गांव में रोजगार पैदा करने के लिए बिहार की बेटी और हॉलीवुड और बॉलीवुड की प्रख्यात एक्ट्रेस व राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निमार्ता नीतू चंद्रा ने , पीरपैंती , भागलपुर स्थित स्टार्टअप 'एग्रीफीडर' एग्रीकल्चरल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड में सह-संस्थापक के रूप में निवेश किया है। 'एग्रीफीडर' के संस्थापक रमन कुमार, रौनक कुमार और प्रिया पांडे का उद्देश्य छोटे और सीमांत किसानों के जीवन स्तर में सुधार करना है। कंपनी वर्तमान में पांच हजार से ज्यादा सीमांत किसानों के नेटवर्क के साथ काम कर रही है, जिसमें हजार से अधिक महिला किसान भी शामिल हैं और उन्हें स्वदेशी खाद्य श्रेणियों, पैकेजिंग और आपूर्ति श्रृंखला के माध्यम से सशक्त बना रही है। इस संबंध में रमन कुमार का कहना है कि हम बोर्ड में हॉलीवुड और बॉलीवुड अभिनेत्री नीतू चंद्रा के साथ जुड़ने से बहुत उत्साहित हैं। उनकी भागीदारी ब्रांड की तेजी से वृद्धि में योगदान देगी। 'एग्रीफीडर' किसानों के लिए एक अनोखा प्लेटफॉर्म है, जो उन्हें अपने उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने में मदद करता है।

# दिल्ली ने चुनी विकास की राह: विनोद चावला

**भिवानी** दिल्ली चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत की खुशी में शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय हांसी गेट स्थित इंपूर्वमेंट ट्रस्ट मार्केट में जलेबी वितरित कर खुशी मनाई। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विनोद चावला ने कहा कि दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकासात्मक सोच पर मोहर लगाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने पर उन्हे आप-दा की सरकार से छुटकारा मिला है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के बहुत से लोग दिल्ली में निवास करते है। ऐसे में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश में हो रहे अभूतपूर्व विकास कार्यो से काफी प्रभावित है तथा दिल्ली में भी हरियाणा की तर्ज पर ही विकास करवाना चाहते है। जिसके चलते उन्होंने दिल्ली में भाजपा की सरकार बनाने का काम किया। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने जिस प्रकार तक लंबे समय से दिल्ली की जनता को झूठ के सहारे बरगलाकर रखा, उस झूठ की राजनीति का दिल्ली की जनता ने अंत कर विकास की राह चुनते हुए भाजपा की सरकार बनाने का काम किया है। जिसके बाद अब दिल्ली में भी विकास की गति तेज होगी। इस अवसर पर अधिवक्ता राहुल नरेंद्र शर्मा, टोनी तंवर, राकेश मिश्रा, संजय गिरधर, राजेंद्र बजाज, संजय शर्मा, अमित शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में नीतू बनी बेस्ट एथलीट



**तोशाम** स्थानीय चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन छात्राओं के पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि दलवीर गोदारा पूर्व प्राचार्य ने शिरकत की और छात्राओं को खेल के महत्व के बारे में बताया। प्राचार्य डॉक्टर मंजीत सिंह ने दलवीर गोदारा का स्वागत किया। 200 मीटर दौड़ में नीतू प्रथम, भावना द्वितीय तथा प्रार्थना तृतीय स्थान पर रही लंबी कूद प्रतियोगिता में नीतू प्रथम, शर्मिला द्वितीय, अंकित तृतीय स्थान पर रही डिस्कशन में नीतू प्रथम, प्रार्थना द्वितीय, शर्मिला तृतीय स्थान पर रही तो शॉटपुट में नीतू व प्रार्थना संयुक्त रूप से प्रथम, शर्मिला द्वितीय तथा आर्थिक तृतीय स्थान पर रही वहीं रिले रेस में प्रथम स्थान भावना की टीम ने द्वितीय स्थान नीतू की टीम ने और तृतीय स्थान प्रार्थना की टीम ने प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में नीतू प्रथम, भावना द्वितीय और मुस्कान तृतीय स्थान पर रही, 3000 मीटर दौड़ में प्रार्थना प्रथम, उषा द्वितीय स्थान पर रही 1500 मीटर दौड़ में प्रार्थना प्रथम, मुस्कान द्वितीय और मुस्कान तृतीय स्थान पर रही तो 800 मीटर दौड़ में प्रार्थना प्रथम, मुस्कान द्वितीय और भावना तृतीय स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ में प्रार्थना प्रथम, नीतू द्वितीय और भावना तृतीय स्थान पर रही। जैवलिन थ्रो में प्रथम स्थान शर्मिला ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान नीतू ने प्राप्त किया और रेनू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ऊंची कूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान नीतू, द्वितीय स्थान शर्मिला और तृतीय स्थान ज्योति ने प्राप्त किया। सबसे ज्यादा स्थान प्राप्त करते हुए बेस्ट एथलीट कुमारी नीतू रही।

# सिविल अस्पताल से आए एक टेलीफोन पर अधिवक्ता पहुंचे ब्लड बैंक रक्तदान करने



**भिवानी।** नागरिक अस्पताल से आई एक सूचना पर अधिवक्ताओं ने रक्तदान कर जरूरतमंदों का जीवन बचाने की मुहिम में अपना सहयोग दिया। जानकारी के अनुसार बीते दिन अधिवक्ता मुकेश गुलिया के पास भिवानी के चौ. बंसीलाल नागरिक अस्पताल के ब्लड बैंक से फोन आया कि उन्हे ए-पॉजिटीव रक्त की सख्त जरूरत है तथा जितना जल्दी हो सकें ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान करें। जिसके बाद अधिवक्ता मुकेश गुलिया अपने साथ सुधीर शर्मा, पीयूष वर्मा व रविंद्र पपोसा को साथ लेकर तुरंत अस्पताल की तरफ रवाना हुए। जहां चारों अधिवक्ताओं ने रक्तदान किया। जिसमें मुकेश गुलिया ने 35वीं बार रक्तदान किया, पीयूष वर्मा ने 7वीं बार व रविंद्र पपोसा व सुधीर वर्मा ने 5वीं बार रक्तदान किया। ब्लड बैंक प्रभारी डा. मोनिका ने बैज लगाकर अधिवक्ताओं को सम्मानित किया और शर्मिला घणघस ने चारों अधिवक्ताओं का आभार जताया। डा. मोनिका ने कहा कि जब भी अधिवक्ताओं के पास जाते है तो अधिवक्ता रक्तदान के लिए तैयार रहते हैं। अधिवक्ता मुकेश गुलिया ने बताया कि अधिवक्ता न्याय के क्षेत्र में नहीं, बल्कि सामाजिक क्षेत्र में भी लोगों की सेवा करने के लिए तत्पर हैं।

### विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने विजेता फुटबॉल खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाएं दी

# विजेता फुटबॉल टीम का गांव अलखपुरा पहुंचने पर भव्य स्वागत



**बवानीखेड़ा।** हरियाणा सहित हल्का बवानीखेड़ा व गांव अलखपुरा का खेलों में गौरव बढ़ाते हुए अलखपुरा पहुंची विजेता फुटबॉल खिलाड़ी बेटियों के स्वागत के लिए गांव में समारोह का आयोजन किया गया। स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि हल्का बवानी खेड़ा के विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि ने सभी बेटियों को आशीर्वाद दिया और जीत के लिए बधाइयां दी। जानकारी देते हुए मंच संचालक योग सहायक गजानंद कौशिक ने बताया कि उत्तराखंड के हल्द्वानी में आयोजित राष्ट्रीय खेलों के फुटबॉल खेल में गोल्ड मैडल जीतकर गांव लौटी अलखपुरा की बेटियों का सभी ग्रामवासियों ने गर्मजोशी व ढोल-नगाड़े बजाकर स्वागत किया। राष्ट्रीय खेलों में फुटबॉल में गोल्ड मैडल विजेता बेटियों के साथ, ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी चौधरी बंशीलाल विश्विद्यालय में गोल्ड मैडल विजेता बेटियों का भी स्वागत किया गया। राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा की टीम कप्तान संजू यादव के नेतृत्व में खेली और फाइनल में उड़ीसा की टीम को पेनल्टी शूट आउट में उड़ीसा को 2 के बदले 4 गोल से हराकर खिताब के रूप में गोल्ड मैडल पर कब्जा किया।

फुटबॉल खिलाड़ियों के स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हल्का बवानी खेड़ा विधायक कपूर सिंह बाल्मिकी ने खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए खेल ग्राउंड पर चारों और बड़ी लाइटें लगवाने की घोषणा की। जिससे खिलाड़ियों को प्रेक्टिस के दौरान सुविधा हो सके। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे दिल्ली हॉप्स क्लब के संरक्षक संजय यादव और उनकी धर्मपत्नी उर्मिला यादव ने भी बेटियों को जीत की शुभकामनाएं दी। पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सीमा लांबा व सुनील लांबा ने बेटियों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर गोरधन दास शर्मा पीटीआई, कोच सोनिका बिजरानिया, विपिन कुमार, अजय सिहाग, दीपक कालीरमण,सुरेश जाखड़, बलबीर जाखड़, मनदीप जाखड़, राजेश हवलदार, राजेश पीटीआई, सुनहरा प्रधान , विनीत तंवर सहित अनेकों ग्रामवासी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### बेसहारा गोवंश और जीव-जंतुओं का संरक्षण सामाजिक, धार्मिक व पारिस्थितिक जिम्मेदारी: मेहरा

**भिवानी** जीव-जंतु कल्याण सेवा ट्रस्ट दुल्हेड़ी की टीम शनिवार को गांव ढाणीमाहु में पहुंची। इस दौरान गांव ढाणी माहू निवासी ओमप्रकाश मेहरा ने अपने पुत्र डा. बीआर अंबेडकर यूथ संगठन हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष पवन मेहरा के साथ ट्रस्ट के सदस्यों को पौधा भेंट कर सम्मानित किया तथा बेसहारा गौवंश व जीव-जंतुओं के संरक्षण में योगदान करने का आश्वासन भी दिया। इस मौके पर पवन मेहरा ने बताया कि शनिवार को गांव ढाणीमाहु में मुरारी जांगड़ा दुल्हेडी की टीम पहुंची। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा अब तक 40 से अधिक गांवों का दौरा कर जीव-जंतुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जा चुका है। इस मौके पर मुरारी जांगड़ा व निगांणा गांव की टीम ने कहा कि वे 101 गांवों का दौरा पूरा करेंगे, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीणों को बेसहारा गौवंश व जीव-जंतुओं के संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा सकें। इस अवसर पर राजेश मेहरा, सुनील, आशीष, रामनिवास, संदीप आदि मौजूद रहे।

### सतलोक आश्रम में तीन दिवसीय कार्यक्रमों का समापन

**भिवानी** परमेश्वर कबीर साहेब के 507वें निर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय कालुवास मोड़ स्थित सतलोक आश्रम में तीन दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन शनिवार को संत गरीबदास महाराज के अमर ग्रंथ का अखंड पाठ का समापन हुआ। वही कार्यक्रम के तीनों दिन विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। आश्रम प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान आध्यात्मिक प्रदर्शनी, रक्तदान शिविर, दहेज मुक्त रमैनी शादियों का भी सफल आयोजन किया गया। इस तीन दिवसीय सत्संग समागम मे लाखों की संख्या में देश विदेश से आए श्रद्धाओं ने हिस्सा लिया। आश्रम प्रबंधन समिति के सदस्यों अंजू बाई, भगत बलवान दास, भगत धर्मपाल दास, भगत वजीर दास, भगत जगबीर दास एडवोकेट और जिला कोऑर्डिनेटर भगत नानक दास, भगत धर्मवीर दास डाबला, भगत नरेंद्र दास आदि सेवादारों का इस सफल आयोजन में विशेष योगदान रहा।

### अधिवक्ताओं ने लड्डू खिलाकर मनाया जीत का जश्न

**भिवानी** भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली में ऐतिहासिक जीत पर शनिवार को स्थानीय कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं ने लड्डू खिलाकर भाजपा की जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर संजय तंवर व संजू गुजरानी ने बताया कि केजरीवाल की भ्रष्ट नीतियों एवं झूठ से दिल्ली की जनता बुरी तरह से परेशान हो चुकी थी तथा वह आम आदमी पार्टी से पीछा छुड़वाना चाहती थी। आम आदमी पार्टी ने विकास कार्य करने की बजाए दिल्ली की जनता को सिर्फ बरगलाने का ही काम किया, जिसका जवाब दिल्ली की जनता ने वोट की चोट से दिया तथा भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाई है। इस मौके पर अमित ढुल, विरेंद्र दुहन, राकेश ओबरा, अविनाश तंवर, विनय तंवर, राजेश आर्य, रविंद्र क्लर्क, रविंद्र पपोसा सहित अन्य अधिवक्तगण मौजूद रहे।

### जोगेंद्र को मिली बसपा जोन कोर्डिनेटर की जिम्मेवारी

**भिवानी** बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती के निर्देशानुसार भिवानी निवासी जोगेंद्र कायला को बसपा जोन कोर्डिनेटर की जिम्मेवारी सौंपी है। नवनियुक्त जोन कोर्डिनेटर ने अपनी नियुक्ति पर बसपा सुप्रीमो मायावती, राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद, केंद्रीय राज्य प्रभारी रणधीर सिंह बेनीवाल, केंद्रीय राज्य प्रभारी प्रताप सिंह, हरियाणा प्रदेश के नवनियुक्त अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर व प्रदेश प्रभारी विशाल गुर्जर का आभार जताया तथा कहा कि उन्हे जो जिम्मेवारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे तथा पार्टी की मजबूती के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। यह जानकारी देते हुए बसपा जिला अध्यक्ष प्रदीप रंगा ने बताया कि हरियाणा प्रदेश को 6 जोन में विभाजित किया गया है। जिसमें जोगेंद्र कायला को जोन नंबर-4 के जोन कोर्डिनेटर की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

### पूर्व जिला पार्षद रेणू बाला को कोर्डिनेटर की जिम्मेवारी

**भिवानी** आगामी निकाय चुनाव के लिए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा हरियाणा में नियुक्तियां की गई है। इसी कड़ी में भिवानी की बवानीखेड़ा की पूर्व जिला पार्षद रेणू बाला व अनिल नेहरा को कोर्डिनेटर की जिम्मेवारी मिली है। उन्हे सौंपी जिम्मेवारी पर रेणू बाला व अनिल नेहरा ने कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल सहित अन्य शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि वे निकाय चुनाव में कांग्रेस की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे तथा कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस विश्वास पर खरा उतरने का काम करेंगे।

### धनाना की बॉक्सर बेटी साक्षी फिर बनी गोल्डन गर्ल

**भिवानी** गांव धनाना की बॉक्सर बेटी साक्षी एक बार फिर गोल्डन गर्ल बनी है। साक्षी ने सेना की तरफ से सर्विसेज टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए 38वें नेशनल गेम्स में गोल्ड मेडल जीता है। यह प्रतियोगिता 31 जनवरी से 7 फरवरी तक पिथौरागढ़ उत्तराखंड में आयोजित हुई थी। नेशनल गेम्स में यह साक्षी की ये लगातार दूसरी स्वर्ण जीत है। इससे पहले उन्होंने गोवा में 2023 में आयोजित नेशनल गेम्स में भी गोल्ड मेडल जीता था। साक्षी हरियाणा के भिवानी जिले के धनाना गांव से हैं। साक्षी की जीत पर उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा है।

### कड़ी मेहनत कर लक्ष्य को प्राप्त करें छात्र:ईश्वर मालवाल

**तोशाम** माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ईश्वर मालवाल ने कहा है कि छात्र-छात्राएं कड़ी मेहनत कर लक्ष्य को प्राप्त करें। बिना मेहनत सफलता हासिल नहीं की जा सकती। इसलिए निष्ठा, लगन एवं ईमानदारी से अध्ययन किया जाना चाहिए। उन्होंने बच्चों को अनुशासित रहते हुए निरंतर कड़ी मेहनत करने की नसीहत दी। शनिवार को वे आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 50वीं वर्षगांठ पर आयोजित वार्षिक पारितोषिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बोल रहे थे। रामचन्द गंगवा व तोशाम के सरपंच राजेश तंवर बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। स्कूल संचालक जेसी मालवाल, योगेंद्र मालवाल व प्राचार्य भारत भूषण ने अतिथियों का स्वागत किया। माटी कला बोर्ड के चेयरमैन ने कहा कि बच्चे मेहनत से जी न चुराएं और समय का सदुपयोग करें। रामचन्द्र गंगवा ने कहा कि जीवन में सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। इसलिए जरूरी है समय का प्रबंध सही तरीके से किया जाना चाहिए। इस दौरान बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ स्कूली स्तर की परीक्षाओं में अव्वल रहने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

### साइबर फ्रॉड के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**नारनौल** बैंक खाते की केवाईसी अपडेट करने के नाम पर साइबर फ्रॉड करने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना की पुलिस टीम ने एक आरोपी संतोष वासी सादिकपुर मुरौल जिला मुजफ्फरपुर बिहार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जांच में पता लगाया कि साइबर ठगी की वारदात में आरोपी का बैंक अकाउंट और मोबाइल नंबर प्रयोग हुआ था। शिकायतकर्ता अरविन्द्र वासी गांव खेडकी ने थाना साइबर में साइबर फ्रॉड की शिकायत दी कि वह पब्लिक हेल्थ मे सर्विस करता है। रविवार को समय करीब 3 पीएम पर उसके मोबाइल पर मैसेज प्राप्त हुआ, जिसमें किसी को एमबीएस मे पेई एड करने बारे दर्शाया हुआ था। उसके कुछ देर बाद फिर से मैसेज प्राप्त हुआ जिसमें उसको को रजिस्टर्ड करने बारे दर्शाया हुआ था। उसके बाद फिर से अलग-अलग मैसेज प्राप्त हुए और बाद मे उसके मोबाईल नम्बर पर बहुत सारे ओटीपी प्राप्त हुए और उसके खाते से 2,00,000 रुपये डेबिट होने बारे मैसेज प्राप्त हुआ और उसके बाद एटीएम मशीन से कार्ड लेस 10,000 रुपये डेबिट होने बारे मैसेज प्राप्त हुआ। इस तरह किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके धोखाधड़ी करके कुल 2,10,000 रुपये खाते से निकाल लिए गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने संबंधित कंपनियों से पत्राचार कर जानकारी एकत्रित की और पता लगाया कि आरोपियों ने केवाईसी अपडेट करने के नाम पर शिकायतकर्ता से उसके खाते से संबंधित प्राप्त कर उसके साथ ठगी की वारदात को अंजाम दिया।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पृथ्वी बचाने की होनी चाहिए शिक्षा की प्राथमिकता: त्रिवेणी बाबा

**भिवानी** आज समय की मांग है कि बच्चों में हरियाली के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाई जाए और उन्हे अपने स्कूलों व घरों के परिसर में हरियाली बढ़ाने के लिए छोटे लेकिन महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रेरित किया जाए। यह बात त्रिवेणी बाबा ने जवाहर नवोदय विद्यालय देवराला के स्कूल परिसर में त्रिवेणी रोपित करने के उपरांत व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि आज शिक्षा की प्राथमिकता पृथ्वी बचाने की होनी चाहिए। त्रिवेणी बाबा ने कहा कि बच्चें देश का भविष्य है, ऐसे में यदि उन्हे स्कूली स्तर पर ही पर्यावरण संरक्षण के बारे अवगत करवाया जाए तो निश्चित तौर पर इसके सुखद परिणाम भविष्य में देखने को मिलेंगे। कार्यक्रम के संयोजक हवलदार लोकराम नेहरा ने बताया कि आगामी 10 वर्ष हमें धरती मां को देने होंगे, तभी धरती जीने लायक रह सकती है। इस मौके पर समस्त स्कूल स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे। इस मौके पर प्राचार्य विनोद कुमार, राजेंद्र सिंह तंवर, विकास, अनीशा, सत्येंद्र, जतिन, विवेक, लक्ष्य, मोहित, अनिता, सुनीता, कविता, अदिति, निहारिका सहित समस्त स्कूल स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

### हर्षोल्लास के साथ फेयरवेल पार्टी का आयोजन

**लोहारू** ढुकराल पब्लिक स्कूल, लोहारू में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ अपने सीनियर को विदाई दी। 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि वे इस स्कूल को, अपने अध्यापकों और विशेष रूप से स्कूल के निदेशक नरेश ढुकराल को हमेशा याद रखेंगे। फेयरवेल पार्टी में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें नृत्य, संगीत और हास्य प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। छात्रों ने अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। निदेशक नरेश ढुकराल और अध्यापकगण ने सभी विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह में पर चैयरमेन ताराचंद ढुकराल, निदेशक नरेश ढुकराल, शशी ढुकराल, चारु ढुकराल ,प्रधानाचार्या सरोज ,उप प्रधानाचार्या सुखवंती,वरिष्ठ अध्यापक सुनील, मुकेश, निखिल, अन्तर,राकेश, विकास, रवि, ऋषि, वरिष्ठ अध्यापिका पूनम,दर्शना, निलम, सविता व छात्र उपस्थित रहे।

### छात्रों ने किया राखीगढ़ी के ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण

**लोहारू** चौ बंसी लाल राजकीय महाविद्यालय लोहारू के विद्यार्थियों ने हडप्पाकालीन ऐतिहासिक स्थल का भ्रमण किया। हरियाणा पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग पंचकुला के निर्देशन में महाविद्यालय के छात्रदल ने शैक्षणिक भ्रमण करते हुए हड़प्पा कालीन स्थल राखीगढ़ी में पुरातात्विक उत्खनन का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इतिहास के प्रोफेसर अनिरुद्ध पूनियाँ ने छात्रों को जानकारी देते हुए बताया कि राखीगढ़ी स्थल भारत का हड़प्पा युग का सबसे विशाल स्थल है। यह नगर हड़प्पा के पूर्व, परिपक्कव और उत्तर हड़प्पा काल का हिस्सा रहा है। हरियाणा मे हड़प्पा के लगभग 1700 स्थल हैं। राखीगढ़ी मे सात टीले मे बस्तियों के अवशेष मौजूद है। जिनमें से तीन मे समय समय पर खुदाई का कार्य चलता रहता है। ये टीले भारतीय पुरातात्विक सर्वे विभाग के अंतर्गत हैं। छात्रों ने हरियाणा पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग द्वारा आयोजित पॉटरी वर्कशॉप में भाग लिया। इस भ्रमण में इतिहास के प्रोफेसर अनिरुद्ध पूनियाँ, यात्रा के संयोजक रमेश कुमार , विजय कुमार कॉमर्स के अलावा अनिल कुमार लैब सहायक मौजूद रहे । एम ए इतिहास के छात्र राकेश ,मनीष और मनोज ने शैक्षणिक यात्रा को उद्देश्यपरक और रुचिकर बताया।

## समाचार

### पिता ने जताई संगम स्नान की इच्छा तो कैलिफोर्निया से दौड़ी चली आई बेटियां



**महाकुम्भ नगर।** 09 फरवरी महा कुम्भ 2025 की दिव्यता और भव्यता शब्दों से परे है। इसकी आध्यात्मिक भव्यता से श्रद्धालु अभिभूत हैं। देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु प्रयागराज के संगम में आस्था की डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं और सनातन संस्कृति के इस शाश्वत स्वरूप में स्वयं को समर्पित कर रहे हैं। इसमें कई भावनात्मक पहलू भी देखने को मिल रहे हैं। इसका एक नजारा तब देखने को मिला जब अपने पिता की संगम स्नान की इच्छा को पूरा करने के लिए बेटियों ने अब्रॉड से इंडिया और फिर प्रयागराज तक का सफर किया।

**>> पूरी की पिता की इच्छा**

भारत के कोने-कोने से श्रद्धालु मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की पावन गोद में स्नान के लिए महाकुम्भ की ओर खिंचे चले आ रहे हैं। संगम में स्नान कर श्रद्धालु स्वयं को धन्य मान रहे हैं और दिव्य अनुभूति से ओत-प्रोत हो रहे हैं। संगम स्नान करने आई एक श्रद्धालु ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया, "मैंने और मेरी बहन ने अपने 85 वर्षीय पिता से उनके जन्मदिन पर उनकी इच्छा पूछी। उन्होंने कहा झ 'मेरे पास सब कुछ है, पर यदि पूछ रहे हो तो कुम्भ मेले में गंगा स्नान करना चाहता हूं।'" उनकी इस पवित्र इच्छा को पूरा करने के लिए दोनों बहनें कैलिफोर्निया से प्रयागराज पहुंचीं। पिता को संगम स्नान कराने के लिए उन्होंने काफी लंबी दूरी तय की, लेकिन इसके बावजूद पिता की इच्छा पूरी करने की खुशी ने उनकी पूरा थकान उतार दी। इच्छा पूरी होने पर पिता की खुशी का भी कोई ठिकाना नहीं रहा।

### दिव्य-भव्य महाकुम्भ में सनातन आस्था की डुबकी लगाएंगी देश की प्रथम नागरिक

**महाकुम्भ नगर, 9 फरवरी।** प्रयागराज की पावन धरा पर सोमवार को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कदम रखेंगी और इसकी भव्यता व दिव्यता की साक्षी बनेंगी। वे आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी और इस दौरान संगम स्नान के साथ ही यहां अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगी। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे।

**संगम में लगाएंगी आस्था की डुबकी**

राष्ट्रपति मुर्मू सुबह संगम नोज पहुंचकर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाएंगी। मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में राष्ट्रपति आस्था की डुबकी लगाकर सनातन आस्था को मजबूत आधार देंगी। देश की प्रथम नागरिक का संगम में पावन डुबकी लगाने का यह ऐतिहासिक क्षण होगा। बता दें कि इससे पहले भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुम्भ में पावन स्नान किया था।

### अभिनेत्री और पूर्व सांसद जया प्रदा ने बेटे संग लगाई पावन डुबकी

**महाकुम्भ नगर, 09 फरवरी।** प्रयागराज में महाकुम्भ 2025 का भव्य आयोजन जारी है और इसमें श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। अभिनेत्री और पूर्व सांसद जया प्रदा ने रविवार को अपने बेटे संग त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई। उन्होंने कुम्भ मेले में पहुंचकर अपनी खुशी जाहिर की और केंद्र एवं राज्य सरकार की व्यवस्थाओं की सराहना की।

**श्रद्धालुओं की आस्था का अद्भुत नजारा**

जया प्रदा ने कहा, "मैं बहुत खुश हूं। लाखों श्रद्धालु जिस भक्ति और श्रद्धा के साथ त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाने आ रहे हैं, वह देखने लायक है।" उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ करते हुए कहा, "सरकार ने जिस तरह से सभी भक्तों के लिए शानदार व्यवस्थाएं की हैं, वह काबिल-ए-तारीफ है।"

**श्रद्धालुओं के लिए सुव्यवस्थित इंतजाम**

महाकुम्भ 2025 में सुरक्षा, सफाई, परिवहन और अन्य सुविधाओं को लेकर इस बार विशेष ध्यान दिया गया है। राज्य सरकार द्वारा जगह-जगह कैंप, स्वास्थ्य सुविधाएं, सुरक्षा बलों की तैनाती और ट्रैफिक प्रबंधन के इंतजाम किए गए हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। महाकुम्भ के आयोजन को लेकर देश ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज आ रहे हैं। इसमें फिल्मी सितारों की साथ ही राजनीति से जुड़े लोगों की भी बड़ी संख्या है।

### नेफेड के माध्यम से अब तक 1000 मीट्रिक टन से अधिक राशन संतों, कल्पवासियों को किया गया वितरित




**महाकुम्भनगर, 09 फरवरी।** महाकुम्भ में श्रद्धालुओं, संतों और कल्पवासियों के लिए राशन की विशेष व्यवस्था की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय और उत्तर प्रदेश सरकार की पहल पर नैफेड (एनएएफईडी) के माध्यम से आटा, दाल, चावल और अन्य जरूरी सामान सस्ती दरों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। श्रद्धालु इसे व्हाट्सएप और कॉल के जरिए भी मंगवा सकते हैं। अब तक 1000 मीट्रिक टन से अधिक राशन सिर्फ नेफेड के माध्यम से संतों, महात्माओं में वितरित किया जा चुका है। इस काम के लिए पूरे महाकुम्भनगर में बीस मोबाइल वैन लगातार दौड़ाई जा रही हैं। जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।

**आश्रमों और श्रद्धालुओं तक पहुंचेगा सस्ता राशन**

महाकुम्भ में आए संतों, उनके आश्रमों, कल्पवासियों और श्रद्धालुओं के लिए मोबाइल वैन के जरिए राशन की डिलीवरी की जा रही है। नैफेड के राज्य प्रमुख रोहित जैमन ने बताया कि गृह मंत्रालय और यूपी सरकार मिलकर महाकुम्भ में राशन वितरण की इस विशेष योजना को संचालित कर रहे हैं। एमडी दीपक अग्रवाल इस पूरी योजना की मॉनिटरिंग खुद कर रहे हैं।

**आटा, चावल 10-10 किलो के पैकेट में उपलब्ध**

श्रद्धालु और कल्पवासी 72 75 78 18 10 पर कॉल या व्हाट्सएप के जरिए राशन ऑर्डर कर सकते हैं। इसके तहत सस्ती दरों पर राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसमें आटा, चावल 10-10 किलो के पैकेट में और दालें एक किलो के पैकेट में दी जा रही हैं।

# तीन दिवसीय तबलीगी इजतमा हुआ संपन्न,नगर पालिका के इंतजामों से खुश नजर आए लोग



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** रविवार को नगर में कनेटा रोड पर शेख जहूर कॉलोनी में चल रहा तीन दिवसीय इस्लामी तबलीगी इजत्मा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो गया, वही नगर पालिका द्वारा किए गए पानी के छिड़काव, पेयजल की व्यवस्था, चूना पट्टी आदि से तबलीगी इजत्मा में आई जनता संतुष्ट नजर आई, वहीं इस मौके इजत्मा को खिताब करते हुए मौलाना सलमान स्योहारा ने फरमाया जो दुनिया में आया है उसे जाना है इसके लिए सबको तैयारी करनी है। मौत कब किसको आ जाये कुछ कहा नहीं जा सकता है। अल्लाह ने हमें दुनिया में भेजा है हमें उसकी इबादत करनी है। जब हम अल्लाह के बताये हुए रास्ते पर चलेंगे तो जन्नत हमें जरूर मिलेगी। हराम हलाल का बहुत ख्याल रखना है। सूदखोरी पर कड़ा बयान देते हुए मौलाना ने फरमाया सूदखोर को अल्लाह बहुत बड़ा अजाब देगा। कयामत के दिन इसका जवाब देना होगा। उन्होंने फरमाया सूद पर पैसा लेकर जो शादियां की जा रही है वह बहुत गलत है। सूद पर पैसा लेकर स्टैंडिंग शादियां की जा रही है। कयामत के दिन पैसा कहा से आया था और कैसे खर्च किया इसका भी हिसाब देना होगा। उम्मते मुसलमान अल्लाह ने कुरआन नाजिल किया है। कुरान पाक से दूर हो जाता हैं उस पर से अल्लाह की रहमत भी उठ जाती हैं। हुजूर पाक के दामन को थामे रहना पूरी दुनिया को फतह कर लोगे। जब हुजूर पाक की तालिमात हमारे दिल में होंगी तो दुनिया में कोई हमारा दुश्मन नहीं होगा। पहले लोग मिसाल दिया करते थे कि मुसलमान झूठ नहीं बोलता है। मुसलमान अल्लाह रसूल के बताए हुए रास्ते पर जिंदगी गुजारे तो पूरी दुनिया उसकी हुकुम गुजार हो जायेगी। नबी पाक की तालिमात में खैर हैं अमन ओर ईमान है। हमारे नबी पाक पर के पास लोग अपना अमानत रखते थे उन्हें उम्मीद थी मुसलमान बेमानी नहीं करेगा। कुरान पाक किताब है कुरान में पूरी दुनिया की हिस्ट्री मौजूद हैं। अल्लाह जब आजाब भेजनें पर आ जाये तो उसे कोई नही रोक सकता वो सबसे बड़ी ताकत हैं दुनिया की ताकत मकड़ी के जाले की बराबर है। आज उम्मत अल्लाह के हुकुम को तोड़ रही है नबी पाक की दुआओं का असर है जो आजाब नही आ रहा है। अल्लाह फरमाता है जिसको हम चाहे लड़का दे ओर जिसको चाहे लड़की दे। दुनिया वाले आज अपनी काबलियत पर घमंड करते है। हुजूर की दुआओ के सदके में हम खा पी रहे है। जवान अपनी जवानी को महफूज नही रख पा रहे है कसरत से तलाक दी जा रही है। नौजवान पूरी पूरी रात मोबाइल देख रहे है। दावत ओर तब्लीग का काम अल्लाह ने चलाया है इसमें मेहनत करों कदर करों बहुत सहूलियत ओर ईमान आयेगा। सारे रास्ते नाकामयाबी के है अल्लाह की रस्सी पकड़ लो। सिर्फ यही रास्ता है जो तुम्हे बचा सकता है। अपने बच्चों को अल्लाह के रास्ते में निकालों ओर खुद भी निकल जाओं। अल्लाह यकीन करने वालों की दुआ को ही कबूल करता है। अल्लाह ही बीमारी व परेशानी को दूर करने वाली ताकत है। इस दौरान निकाह भी कराये गये। दुआ कराने के साथ ही तबलीगी इजत्मा का समापन हो गया। इस मौके पर मुफ्ती जुल्फिकार, मुफ्ती शोएब, मौलाना अनस, मुफ्ती जियाउल हक, कारी आसिफ, कारी शरीफ, हाफिज अकरम, मौलाना शमशुल हक, मौलाना जहीर, मौलाना उस्मान, कारी नदीम, मौलाना असगर, मुफ्ती मुशब्बर, शाहनवाज अंसारी चौधरी अकिल अहमद, हम्जा अली आदि सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## 27 फरवरी तक गन्ना मूल्य घोषित न होने पर 28 फरवरी को नेशनल हाईवे जाम करेगी भाकियू शंकर



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**अमरोहा।** रविवार को रजबपुर थाना क्षेत्र के फरीदपुर गांव मे भारतीय किसान यूनियन शंकर ने जन जागरण कार्यक्रम चलाया गया जिसकी अध्यक्षता कमल प्रधान ने संचालन चौधरी नरेंद्र सिंह ने किया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने कहा देश के किसानों का हर पटल पर शोषण हो रहा है विगत 2 वर्षों से रजबपुर विद्युत स्टेशन पर 5टश्अ ट्रांसफार्मर नहीं रखा गया है जिस कारण एक दर्जन गांवों को ट्यूबवेल बिजली नहीं मिल पा रही है, तथा इसके साथ गांव में किसानो की खतौनियों में अंश निर्धारण गलत होने के कारण फार्म रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है, महा (नीलगाय) किसानों की तैयार फसलों को बर्बाद कर रहे हैं प्रदेश सरकार ब्लॉक स्तर पर योजना के तहत सेक्टरों की तारबंदी लगवा कर फसलों को बचाया जाए , विगत 8 वर्षों में योगी सरकार ने मात्र 55 रुपए प्रति कुंतल गन्ना बढ़ोतरी की है जबकि गन्ना उत्पादन में लागत कई गुनी बढ़ गई है चीनी मिलों के चलने के लंबे समयांतराल बाद भी गन्ना किसानों के गन्ना मूल्य की घोषणा नहीं हुई है यदि 27 फरवरी तक गन्ना मूल्य की घोषणा नहीं होती तो संगठन 28 फरवरी को अतरासी चौराहे से गजरौला तक ठल्9 पर गन्ना डालकर हाईवे जाम करेगी, जन जागरण कार्यक्रम संगठन के सभी ब्लॉक अध्यक्ष तहसील अध्यक्ष संगठन मंत्री जिला अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्र में चलाएं, तथा सोमवार को मुरादाबाद में अंबेडकर पार्क पर धरना प्रदर्शन को जाया जाएगा, इस मौके पर मुख्य रूप से राजवीर सिंह, टीटू सिंह, अमित चौधरी, खेमपाल सिंह, बलराज सिंह, सरदार विक्रम सिंह, जन्म सिंह, कर्मवीर सिंह, सरदार मंजीत सिंह मेहर सिंह, गोयल सिंह, वीरेंद्र सिंह, तीरथ, मनजीत सिंह, मनवीर सिंह, नरेश सिंह, गुड्डू अनिल कुमार सोनू बबली मौजूद रहे।

## छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**गजरौला।** रविवार को गजरौला थाना क्षेत्र में 11वीं की छात्रा से छेड़छाड़ करने एवं रोज डे पर प्रपोज करने तथा लड़की के मना करने पर उसे जबरन मिठाई खिलाने की कोशिश करने और लड़की के साथ मारपीट करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, बताते चलें कि थाना हसनपुर के गांव अलीपुर खादर का रहने वाला बलविंदर उर्फ मोंटी नौनेर गांव के हेल्थ एंड वैलनेस केंद्र में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर पद पर तैनात है वही कक्षा 11 की छात्रा आरोपी के सेंटर क्षेत्र के एक गांव की निवासी है वह वैलनेस केंद्र पर आती जाती थी तथा दोनों में इसी के चलते जान पहचान हो गई थी, वहीं रोज डे पर बलविंदर ने छात्रा को मिलने के लिए बुलाया और उसे प्रपोज किया लेकिन लड़की ने मना कर दिया तथा उसके बाद पीड़िता को आरोपी ने जबरदस्ती मिठाई खिलाने की कोशिश की इस दौरान छात्रा ने मिठाई खाने से भी मन कर दिया और बचती नजर आई, वहीं आरोपी ने मिठाई का डिब्बा उसके ऊपर फेंक कर मारा, वहां मौजूद एक शख्स ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जिसमें आरोपी हेल्थ कम्युनिटी ऑफिसर छात्रा से मारपीट व अभद्रता करते हुए दिखाई दे रहा है वीडियो में एक सफेद कलर की कार भी दिखाई दे रही है तथा एक अन्य लड़का भी दिखाई पड़ रहा है, शनिवार को इस घटना का वीडियो सामने आया था, घटना के बाद पीड़िता गजरौला थाने पहुंची और बलविंदर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, रिपोर्ट दर्ज होते ही पुलिस ने कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर बलविंदर को गिरफ्तार कर लिया ' इस घटना को लेकर लोगों में काफी नाराजगी है लोगों का कहना है कि इस प्रकार से तो बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है तथा लोगों ने आरोपी के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## नारी शक्ति और युवा चेतना से सनातन के मेल का साक्षी बन रहा है प्रयागराज महाकुम्भ



**महाकुम्भ नगर, 9 फरवरी ।** प्रयागराज महाकुम्भ सनातन के विस्तार की नई इबारत लिख रहा है। महाकुम्भ में बड़ी संख्या में लोग सनातन का हिस्सा बन रहे हैं। इनमें नारी शक्ति और युवा चेतना सबसे अधिक जुड़ रहे हैं। मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से सनातन को मजबूत करने के आवाहन के बाद यह बदलाव महाकुम्भ में अधिक देखने को मिल रहा है।

**संन्यासिनी अखाड़े में 246 महिलाओं ने ली महिला नागा संस्कार की दीक्षा**

प्रयागराज महाकुम्भ सनातन में नारी शक्ति को भागीदारी को लेकर भी नया इतिहास लिख रहा है। महाकुम्भ में मातृ शक्ति ने अखाड़ों से जुड़ने में गहरी रुचि दिखाई है। संन्यासिनी श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े की अध्यक्ष डॉ. देव्या गिरी बताती हैं कि इस बार महाकुम्भ में 246 महिलाओं को नागा संन्यासिनी का दीक्षा संस्कार किया गया है। कुम्भ या महा कुम्भ में नागा संन्यासिनी की दीक्षा लेने की अब तक कि यह सबसे अधिक संख्या है। इसके पहले 2019 के कुम्भ में 210 महिलाओं को नागा संन्यासिनी की दीक्षा देने का था। देव्या गिरी का कहना है कि इन महिलाओं में अधिक संख्या उच्च शिक्षित और आत्म चिंतन के लिए जुड़ने वालों की है।

**महाकुम्भ में 7 हजार से अधिक महिलाओं ने ली गुरु दीक्षा**

महाकुम्भ जैसे धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन से जन मानस को सनातन को समझने और इससे जुड़ने का अवसर देते हैं। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की तरफ से महाकुम्भ दिव्य ,भव्य और डिजिटल स्वरूप दिए जाने से इस आयोजन का हिस्सा बनने के लिए करोड़ों लोग आए हैं। महाकुम्भ में इन धर्म गुरुओं के शिविर में सनातन से जुड़ने वालो की कतारें लगी रही। जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरी, श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अरुण गिरी, और वैष्णव संतो के धमार्चार्यों में सनातन से जुड़ने वालों में महिलाओं की संख्या अधिक रही। सभी प्रमुख अखाड़ों में इस बार सात हजार से अधिक महिलाओं ने धमार्चार्यों से गुरु दीक्षा ली और सनातन की सेवा का संकल्प लिया।

## गौवंशीय पशुओं के ओज और खून मिलाने से क्षेत्र में फैली सनसनी, बजरंग दल ने दी आंदोलन की चेतावनी



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** रविवार को नगर में उस समय सनसनी फैल गई जब तीन गोवंशीय पशुओं की औज एवं खून मिलने की चर्चा क्षेत्र में आग की तरह फैल गई, बताते चलें के नगर के रहरा अड्डे के पास स्थित एक पेट्रोल पंप के पीछे तीन गोवंश पशुओं के ओज और खून बिखरा हुआ मिलने से स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। घटना की जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। सूचना पर कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह और कस्बा इंचार्ज संदीप पंवार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच में जुट गए, तथा पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है। बजरंग दल के नगर संयोजक राहुल हिंदुस्तानी ने बताया कि क्षेत्र में लगातार हो रही गोकशी की घटनाएं चिंताजनक हैं। उन्होंने गौतस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। हिंदू संगठनों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इन घटनाओं पर रोक नहीं लगी तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित की गई है। गौतस्करों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए आसपास के इलाकों में छापेमारी की जा रही है। स्थानीय प्रशासन ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया है।

## सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने त्रिवेणी संगम में किया पवित्र स्नान



**महाकुम्भ नगर, 9 फरवरी।** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया। वे इस ऐतिहासिक आयोजन में भाग लेने वाले पूर्वोत्तर भारत के पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं। मुख्यमंत्री तमांग ने संगम स्नान को एक आध्यात्मिक रूपांतरण का अनुभव बताते हुए कहा कि यह उनके लिए गहरी शांति और आत्मिक उत्थान का क्षण था। उन्होंने कहा कि इस दिव्य आयोजन में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। लाखों श्रद्धालु यहां आस्था और भक्ति के साथ एकत्र हुए हैं, और इस ऊर्जा को महसूस करना अत्यंत प्रेरणादायक है।

**प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी का आभार**

मुख्यमंत्री तमांग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने मुझे महाकुम्भ 2025 का हिस्सा बनने और त्रिवेणी संगम में स्नान करने का अवसर प्रदान किया।

**सिक्किम से 135 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भी लिया हिस्सा**

मुख्यमंत्री तमांग के साथ सिक्किम से आए 135 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भी महाकुम्भ में भाग लिया और संगम में स्नान कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। उन्होंने प्रयागराज प्रशासन द्वारा की गई उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की सराहना की और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल तथा अन्य अधिकारियों का विशेष धन्यवाद व्यक्त किया। मुख्यमंत्री तमांग ने त्रिवेणी संगम के पवित्र जल से आशीर्वाद लेकर समस्त देशवासियों के लिए धर्म, शांति और सद्भाव की कामना की।

### कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने भी लगाई पावन डुबकी

प्रयागराज महाकुम्भ मेले में कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने भी रविवार को परिवार सहित त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई। 144 वर्ष में आयोजित हो रहे इस महाकुम्भ में शामिल होकर उन्होंने खुशी जाहिर की।

## प्रयागराज पहुंचे उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, कहा झ यह आस्था का महासंगम



**महाकुम्भ नगर, 09 फरवरी।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी महाकुम्भ 2025 के पावन अवसर पर रविवार को प्रयागराज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने महाकुम्भ को आस्था का महासंगम करार दिया और कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि यह महाकुम्भ हमारे युग में आया है। उन्होंने महाकुम्भ के भव्य आयोजन के लिए पीएम मोदी और सीएम योगी की प्रशंसा की। मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड मंडपम का भी निरीक्षण किया। साथ ही, वह सेक्टर 8 में आयोजित ज्ञान महाकुंभ्ह्व में भी हिस्सा लेने पहुंचे।

**त्रिवेणी से समृद्ध भारत के लिए करेंगे कामना**

प्रयागराज पहुंचने पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा, "यह आस्था का महासंगम है। हमारे देश के करोड़ों लोग यहां पवित्र स्नान कर रहे हैं। हम सौभाग्यशाली हैं कि यह महाकुम्भ हमारे युग में आया है।" उन्होंने आगे कहा, "हम मां गंगा, यमुना और सरस्वती से प्रार्थना करेंगे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारा देश निरंतर समृद्धि और प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ता रहे।" उन्होंने सीएम योगी को भी भव्य आयोजन के लिए धन्यवाद कहा।

**उत्तराखंड मंडपम में आए श्रद्धालुओं से की मुलाकात**

यहां से सीएम धामी ने महाकुम्भ 2025 में स्थापित उत्तराखंड मंडपम का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्तराखंड मंडपम में आए श्रद्धालुओं से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने श्रद्धालुओं से व्यवस्थाओं की जानकारी ली और उनकी सुविधा को लेकर संतोष जताया। यह मंडपम उत्तराखंड से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाओं से सुसज्जित है, जिससे वे अपनी आध्यात्मिक यात्रा को सहजता से पूरा कर सकें। महाकुम्भ 2025 में देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु संगम में पुण्य स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। उत्तराखंड मंडपम जैसे केंद्र उन्हें विशेष सुविधाएं प्रदान कर रहे हैं, जिससे उनकी यात्रा और अधिक स्मरणीय बन सके।

# यमुना मां के श्राप व पीएम मोदी की नीतियों के सामने फेल हुए केजरीवाल : डॉ. अरविंद शर्मा

## कैबिनेट मंत्री बोले, दिल्ली की जनता ने निभाया वायदा

➪ 2020 में केजरीवाल ने कहा था, यमुना साफ न कर पाऊं तो मत देना वोट



**सोनीपत।** सहकारिता, कारागार, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने दिल्ली चुनाव पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी यमुना मां के श्राप व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के सामने फेल हो गए है।

वर्ष 2020 में उन्होंने खुद कहा था कि यदि वो यमुना की सफाई सुनिश्चित न कर पाएं तो दिल्ली की जनता उन्हें वोट न करे। आज दिल्ली की जनता ने अपना वायदा निभा दिया है। शनिवार को गोहाना में छोटूराम चौक पर सिग्मा एजुकेशन एंड इमिग्रेशन कंसल्टेंट कार्यालय का उद्घाटन किया।इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में दिल्ली की जनता-जनार्दन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर भरोसा और अरविंद केजरीवाल की डर व भ्रम की राजनीति पर अपना जनादेश दिया है। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने दिल्ली में 27 साल के बाद भाजपा सरकार बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी व दिन रात भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में काम कर रहे कार्यकर्ताओं को शुभकानाएं दी। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के विकास को 11 साल तक महज इसलिए रोकने का काम किया, ताकि उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विकास का श्रेय न देना पड़े। चुनाव को साम-दाम, दंड-भेद की नीति पर लड़ते हुए अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली और हरियाणा के भाईचारे को खराब करने व यमुना मां को कलंकित करने की कोशिश की। उनकी चालाकियों को दिल्ली की जनता ने समझा और करारा जवाब दिया। कैबिनेट मंत्री डॉ.अरविंद शर्मा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने महसूस किया कि अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा करोड़ों परिवारों को दिए जा रहे लाभ उनतक नहीं पहुंचने दिए, इससे स्पष्ट हो गया था कि उन्हें दिल्ली के विकास और आमजन की भलाई से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि आज दिल्ली की डबल इंजन की सरकार बनने से दिल्ली के विकास की र तार बढ़ेगी और आम आदमी को केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की नीतियों का भरपूर लाभ मिलेगा। दिल्ली में भाजपा की ब पर जीत पर गोहाना पहुंचे कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा का कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया व उन्हें जीत की बधाई दी। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जलेबियां बांटी व कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा का मुंह मीठा करवाया। इस दौरान डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि इस बार दिल्ली ने गोहाना की जलेबियों का स्वाद चखा, जो उनको भा गई और दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र मुदगिल, राजेश भावड, डॉ ओमप्रकाश शर्मा, कुलदीप शर्मा, सुमित कक्कड़, अरुण निनानिया, राजकुमार शर्मा, श्यामलाल आढ़ती, सत्यनारायण शर्मा, रमेश कश्यप आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर दिल्ली की जनता ने लगाई मोहर: कृष्णा गहलावत



**सोनीपत।** दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर राई हलका विधायक कृष्णा गहलावत के कैंप कार्यालय में शनिवार को कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर खुशियां मनाई। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर मोहर लगाई है, जिससे अब दिल्ली के विकास को नए आयाम मिलेंगे। विधायक कृष्णा गहलावत के कैंप कार्यालय में उनके निर्देशन में कार्यकर्ता एकजुट हुए। विधायक स्वयं दिल्ली थी, जहां से उन्होंने कार्यकर्ताओं को संदेश प्रेषित करते हुए जीत की बधाई दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली और दिल्ली की जनता के दिलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बस गए हैं। यह इन चुनावों के नतीजों ने भी साबित कर दिया है। दिल्ली की जनता ने आप के झूठ को नकारते हुए भाजपा के सच को स्वीकार किया है। दिल्ली की जनता विकास चाहती है, जिसने आप को लगातार मौका दिया किंतु जनता को सिर्फ झूठे वायदे ही मिले। कैंप कार्यालय में विधायक कृष्णाव गहलावत के प्रेस सचिव योगेश पाराशर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नाचते-गाते हुए भाजपा की जीत की खुशी मनाई। प्रेस सचिव ने कहा कि दिल्ली के विधानसभा चुनावों में विधायक कृष्णा गहलावत के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जी-तोड़ मेहनत की, जिसके परिणामस्वरूप भाजपा की जीत का तोहफा मिला है। इस मौके पर बड़ी सं या में कार्यकर्ता मौजूद थे। इनमें प्रमुख रूप से अमित नाहरा, उमेश सरपंच नाहरा, भगत सिंह नाहरा, पं. बलबीर, एडवोकेट रजनीश मलिक, कृष्ण पंवार, ओमप्रकाश नाहरा, भगत सिंह दहिया, अशोक मेहंदीपुर, सुनील उर्फ शीलू मेहंदीपुर, तीर्थ गढ़ी ब तावरपुर, रामफूल मेहंदीपुर, अमरजीत मेहंदीपुर, संजय मुरथल, मनोज नाहरा, दीपक मुकीमपुर, सुरजीत छतेहरा, कृष्णे छतेहरा आदि मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### अमेरिका भेजने के नाम पर लाखों रुपए ठगी करने के 2 मामलों में दो आरोपी काबू

**कैथल** विदेश भेजने के सब्जबाग दिखाकर आमजन से लाखों रुपए धोखाधड़ी करने वालो आरोपियों पर एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार शिकंजा कसते हुए इकनॉमिक सैल द्वारा अलग अलग 2 मामलों में 2 आरोपियों को काबू किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव हरनामपुरा जिला जींद निवासी प्रतीक की शिकायत अनुसार वह विदेश जाना चाहता था। इसके लिए उसने अपने ताऊ राजेश के साथ जाकर गांव बादड़ जिला पानीपत निवासी रोहताश से बातचीत की। रोहताश ने उसको अमेरिका भेजने के लिए 38 लाख रुपये में बात तय हुई। इस पर आरोपी रोहताश ने उनके परिवारजनों से उसके दस्तावेज ले लिए। 17 जनवरी को रोहताश ने उसे दिल्ली से दुबई भिजवा दिया और 10 दिन बाद दुबई से नेपाल भिजवा दिया। 7 फरवरी को नेपाल में उसके पास आरोपी रोहताश द्वारा भेजा आदमी आया और उसका पासपोर्ट ले लिया। उसके बाद दोनों आरोपियों ने मिलकर वहां से उसका अपहरण करवा दिया और जबरदस्ती घर पर संदेश भिजवाया कि वह मैक्सिको पहुंच गया है। आरोपियों ने उसके घर फोन किया कि आपका बेटा अमेरिका पहुंच गया है। यह कहकर आरोपियों ने उसके परिवार के सदस्यों को ग्रीन वैली होटल में क्योडक़ के पास बुलाया। उसके परिवार ने आरोपियों को 35 लाख रुपये दे दिए। आरोपियों ने उसके साथ-साथ अन्य कई लड़कों को भी नेपाल में बंधक बनाकर रखा हुआ था। बाद में नेपाल की पुलिस ने उनको बचाया और 24 फरवरी को वह अपने घर पर पहुंचा। यहां आने के बाद जब उन्होंने आरोपियों से अपने रुपये वापस मांगे तो रोहताश ने केवल 99 हजार रुपये वापस दिए। बाकी रुपये मांगने पर आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। रोहताश के साथ गांव डोहर निवासी प्रवीन, अशोक, ईश्वर व गांव बकनौर जिला अंबाला निवासी बजिंद्र भी मिले हुए थे। पांचों आरोपियों ने मिलकर उसके साथ 34 लाख रुपये की धोखाधड़ी की है। जिस बारे थाना सदर में मामला दर्ज कर लिया गया उक्त मामले की जांच इकनॉमिक सैल प्रभारी इंस्पेक्टर चंद्रभान की अगुवाई में एएसआई मनोज कुमार की टीम द्वारा करते हुए आरोपी जिला करनाल के गांव भोला खालसा निवासी अशोक को काबू कर लिया गया। प्रवक्ता ने बताया कि दूसरे मामले में गांव अटेला निवासी सज्जन कुमार की शिकायत अनुसार यूचर हाइट इमिग्रेशन पॉइंट कैथल के संचालक मोहित, गांव ढाचर निवासी कर्ण व क्योड़क निवासी अमित युवाओं को विदेश भेजने का काम करते हैं। वह अपने पोते देवेंद्र कुमार को अमेरिका भेजने के लिए आरोपियों से उनके कार्यालय में मिला। आरोपियों ने उसके पौते को विदेश भेजने के लिए 45 लाख रुपये मांगे और कहा कि पहले 10 लाख रुपये व पोते के जरूरी दस्तावेज जमा करवा दें। आठ सितंबर 2023 उन्होंने रुपये व दस्तावेज ले लिए। उसके बाद और रुपये देने के लिए कहने लगे। बाद में उन्होंने उससे अलग-अलग समय में कुल 16 लाख 51 हजार रुपये ले लिए। उसके बाद भी आरोपियों ने उसके पौते को विदेश नहीं भेजा। उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो उनको जान से मारने की धमकी दी गई। जिस बारे थाना सदर में मामला दर्ज किया गया था। मामले की जांच इकनॉमिक सैल के पीएसआई संदीप कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी अशोका कॉलोनी कैथल निवासी मोहित को गिर तार कर लिया गया। उक्त दोनो आरोपी शनिवार को न्यायालय में पेश किए जाएंगे, जिनसे पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।



### निरंतर मुहिम के दौरान नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए पुलिस प्रयासरत

**कैथल** नशा तस्करो की धरपकड़ व अन्य अपराधीक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए एसपी राजेश कालिया के निर्देसानुसार डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में कैथल पुलिस लगातार प्रयासरत है। शनिवार की सुबह थाना प्रबंधक कलायात एसआई जयभगवान, एसएचओ तितरम एसआई कृष्ण, एसएचओ थाना शहर पीएसआई शनेष, एसएचओ थाना ढांड इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह, एसएचओ गुहला एसआई रामपाल तथा कमांडो दस्ते के साथ 15 पुलिस टीमों में शामिल करीब 200 पुलिस कर्मचारियों द्वारा स्नाईपर डॉग की सहायता से थाना कलायत, ढांड, शहर व गुहला क्षेत्र में सर्च आपरेशन चलाया गया। जिसके तहत पूरे क्षेत्र में आमजन के मन में सुरक्षा के भावों को पू ता किया गया व करीब 150 संदिग्ध घरों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छिपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला या अपराधीक कार्य करने वाला गैर कानूनी तरीके से न रहता हो। एसपी राजेश कालिया ने कहा कि सुबह-सुबह चलाए गए इस अभियान का मु य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पु ता करना व अपराधियों में भय उत्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान में मु य रूप से नशे का कारोबार करने वालों और आपराधिक कार्यों में शामिल आरोपी जो गैर कानूनी तरीके से रह रहे हों पर शिकंजा कसना है, जिला पुलिस का उद्देश्य कैथल जिला को नशा मुक्त बनाना है। इसके साथ साथ पुलिस द्वारा सर्च ऑपरेशन के अलावा वहां मौजूद आमजन को समझाया गया कि किसी प्रकार के मादक पदार्थ बेचने वाले या अन्य किसी अपराधी के बारे में पुलिस को सूचित करें, सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा, इसके साथ साथ नशा ना करने बारे भी जागरूक किया गया। पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा और इससे या तो अपराधीक व्यक्ति अपराध करना छोड़ देगा या वह कैथल के क्षेत्र को छोड़ देगा।



### जानकार बनकर फर्जी व्हाट्सएप प्रोफाइल लगाकर, फर्जी नंबर से उधार के पैसों की कर रहे मांग

**कैथल** पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि एसपी राजेश कालिया के मार्गदर्शन में कैथल पुलिस द्वारा विशेष जागरुक अभियान चलाकर लोगों को साइबर अपराधों से बचने हेतु जागरूक किया जा रहा है। जो इस अभियान के तहत पुलिस द्वारा शहरी/ग्रामीण क्षेत्र तथा स्कूल, कॉलेज इत्यादि में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और लोगों को नए तकनीकी के बारे जागरूक किया जा रहा है कि किस प्रकार से साइबर क्रिमिनल नए-नए तरीके अपनाकर लोगो को बेवकूफ बनाकर धोखाधड़ी करते हैं। एसपी राजेश कालिया ने बताया की आजकल साइबर ठग किसी परिचित जानकर की फर्जी प्रोफाइल लगाकर फर्जी व्हाट्सएप नंबर से उधार पैसे की मांग करके ठगी को अंजाम दे रहे हैं। साइबर अपराधी इंटरनेट की दुनिया में सक्रिय रहते हैं। वे लगातार नए मौकों की तलाश में रहते हैं। व्हाट्सएप के जरिए कई बार व्हाट्सएप पर आपके परिचित की तस्वीर लगा कर, साइबर अपराधी आपको मैसेज भेजते हैं और यह बताते हैं कि वह किसी जरूरी मीटिंग में है और कुछ पैसे की जरूरत है। क्योंकि वह मीटिंग में बात नहीं कर पाएंगे। इसलिए उनके अकाउंट में ही में पैसे डाल दें। इस दौरान वे यह भी बताते हैं कि यह नंबर भी उन्हीं का है। चूंकि प्रोफाइल फोटो में आपके परिचित की तस्वीर रहती है तो आप आनन-फानन में पैसे डाल देते हैं। अगर आप इन बातों का ध्यान रखेंगे तो आप ठगी से बच सकते हैं।




## पत्रकार एकता संघ पुनः हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी कुमार वालिया व प्रदेश उपाध्यक्ष डी आर भटनागर नियुक्त किये गये



1 अश्वनी कुमार वालिया



2 डी आर भटनागर

**चंड़ीगढ़।** पत्रकार एकता संघ में पदाधिकारियों की एक अलग ही सोच है जो पत्रकारों के हितों में कार्यरत हैं संगठन के पदाधिकारियों के साथ-साथ किसी भी पत्रकार का उत्पीड़न सम्बंधित मामला आता है तो शीघ्र ही संज्ञान में लिया जाता है संगठन में एकता भाईचारा विश्वास एक दूसरे का सम्मान जो काफी समय से चला आ रहा है संगठन लगातार विस्तार मजबूती की ओर बढ़ रहा वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष केडी सिंह लखनऊ के द्वारा हरियाणा में पुनः दोबारा अश्वनी कुमार वालिया को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी की कमान सौंपी गयी साथ ही सीनियर सिटीजन डी आर भटनागर वरिष्ठ पत्रकार को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्ति की गयी है पत्रकार एकता संघ परिवार की ओर से लगातार शुभकामनाएं दी जा रही है हरियाणा में भी संगठन विस्तार मजबूती को लेकर जिम्मेदारी के साथ सभी पदाधिकारी मिलकर मजबूती प्रदान करने का कार्य करेंगे वहीं नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने कहा कि पत्रकार एकता संघ को धरातल पर संगठित कर जिम्मेदारी से कार्य करते हुए संगठन को मजबूत करेंगे।

## जींद से पानीपत मजदूरी के पैसे लेने आया युवक लापता

**मतलौडा,** खंड के गांव नैन में मजदूरी के पैसे लेने के लिए जींद के रोजला गांव से आए युवक के लापता होने का मामला सामने आया है। जिला जींद के गांव रोजला निवासी रोहताश ने मतलौडा पुलिस को दी शिकायत में बताया की उसका 35 वर्षीय संदीप पिछले 3 महीने से गांव नैन में शटरिंग का काम करने के लिए आता था। 15 दिन पहले 25 जनवरी को उसका बेटे ने बताया की वह गांव नैन से मजदूरी के पैसे लेने जा रहा है लेकिन वापिस नहीं आया। जिसकी आस पास व रिश्तेदारियों में तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। उसका बेटा शादीशुदा है और 2 बच्चों का पिता है। मतलौडा पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सोनीपत में स्पा सेंटर में पुलिस रेड: देह व्यापार में लिप्त 4 महिलाएं मिलीं



**सोनीपत।** मुरथल में पुलिस ने एक स्पा सेंटर में रेड कर देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है। यहां से पुलिस ने एक महिला को अंतवस्त्रों में जहां ग्राहक के साथ पकड़ा, वहीं 3 अन्य महिलाएं भी ग्राहक के इंतजार मे मौजूद थी। पुलिस ने मौके से कुल 62 हजार 50 रुपए बरामद किए गए हैं। महिलाओं ने बताया कि वे मजबूरी में देह व्यापार कर रही थी । उनको एक ग्राहक के 500 रुपए मिलते हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि मुरथल में एनएच-44 स्थित 51 माइल स्टोन में तीसरी मंजिल पर द रिबॉर्न स्पा एंड वेलनेस सेंटर चल रहा है। यहां पर देह व्यापार कराया जाता है। तीसरी मंजिल पर चल रहे इस स्पा सेंटर के मालिक नवीन राणा है। पुलिस ने पहले एक डमी कस्टमर भेजा, जिसे पहचान के लिए 500-500 रुपए के दो हस्ताक्षरित नोट दिए गए थे। बाद में सहायक पुलिस आयुक्त के नेतृत्व में महिला पुलिसकर्मियों की टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान कमरा नंबर 5 में एक व्यक्ति विनय को आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया। उसके साथ एक महिला भी अंत वस्त्रों में मिली। स्पा में कुल 9 कमरे थे और काउंटर से एक रजिस्टर बरामद हुआ, जिसमें ग्राहकों का पूरा रिकॉर्ड था। पुलिस की कार्रवाई के दौरान यहां से ऐसी तीन महिलाएं भी मिली, जोकि पुलिस के अनुसार ग्राहकों का इंतजार कर रही थी । पुलिस के अनुसार यहां मिली महिलाओं ने बताया कि मसाज करने के बहाने केबिन के अंदर जाकर ग्राहकों के साथ देह व्यापार करना उनकी मजबूरी हो जाती है।

### पुलिस ने स्पा संचालक को दबोचा

मुरथल थाना प्रभारी राजीव कुंडू ने बताया कि पुलिस ने मौके से कुल 62 हजार 50 रुपए बरामद किए गए। इनमें पुलिस अधिकारी द्वारा चिह्नित नोट भी शामिल थे। पुलिस ने स्पा संचालक अतिशय, मैनेजर सुमित और कर्मचारी संदीप को गिर तार किया गया। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि उन्हें मजबूरी में यह काम करना पड़ता था। संचालक उनके दस्तावेज और मोबाइल फोन अपने पास रखता था। पुलिस ने थाना मुरथल में अनैतिक देह व्यापार अधिनियम 1956 की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित महिलाओं को महिला पुलिसकर्मियों की निगरानी में सुरक्षित स्थान पर भेजा गया है। मामले में पुलिस की आगे की जांच जारी है।

## स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर आदर्श चुनाव आचार संहिता की दृढ़ता से की जाए पालना : उत्तम सिंह

➪ उ मीदवार 11 फरवरी से 17 फरवरी, 2025 तक संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष कर सकेंगे नामांकन दाखिल



**करनाल।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता की दृढ़ता से पालना की जाए तथा कहीं पर भी आचार संहिता की उल्लंघना बारे जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना तुरंत रिटर्निंग अधिकारी को दें। उन्होंने कहा कि सभी रिटर्निंग अधिकारी नामांकन प्रक्रिया को लेकर समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जाए। उ मीदवार 11 फरवरी से 17 फरवरी, 2025 तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। इसके लिए समय सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि 12 फरवरी व 16 फरवरी, 2025 को अवकाश होने के कारण कोई नामांकन दाखिल नहीं किया जाएगा। स्थानीय निकाय चुनाव के लिए 2 मार्च, 2025 को मतदान होगा तथा 12 मार्च को मतगणना होगी। उन्होंने बताया कि स्थानीय निकाय चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से स पन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए गए है और अलग-अलग कार्यो के लिए समुचित प्रबंधन के लिए उच्च अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने सभी नोडल अधिकारी को निर्देश दिए कि वे समन्वय के साथ कार्य करें और चुनाव को लेकर अपनी जि मेदारी को गंभीरता से लें क्योंकि स्थानीय निकाय के चुनाव काफी संवेदनशील होते है और छोटे-छोटे इश्यू भी बड़े बन जाते है, इसलिए सभी अधिकारी अपनी ड्यूटी को पूरी ईमानदारी से करें। किसी भी उ मीदवार व राजनीतिक दल के साथ पक्षपात न करें।

**यहां होगा नामांकन**

करनाल नगर निगम मेयर निर्वाचन हेतु वार्ड 1 से 20 तक करनाल की उपायुक्त कार्यालय कोर्ट रूम में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम घरौंडा राजेश कुमार नामांकन लेंगे।-करनाल नगर निगम सदस्य निर्वाचन हेतु वार्ड 1 से वार्ड 5 तक प्रबंध निदेशक, शुगर मिल कार्यालय, मेरठ रोड, करनाल में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एमडी शुगर मिल राजीव प्रसाद नामांकन लेंगे।

## कांग्रेस भवन में मेयर उपचुनाव को लेकर प्रभारी ने ली बैठक

➪ 10 फरवरी शाम चार बजे तक कर सकते हैं आवेदन



**सोनीपत।** जिला कांग्रेस भवन सोनीपत में नगर निगम सोनीपत मेयर पद के उपचुनाव को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पृथला से विधायक व उपचुनाव प्रभारी रघुवीर तेवतिया ने की। बैठक में 10 फरवरी शाम चार बजे तक आवेदन करने व एक कमेटी का गठन करने का फैसला किया गया। सभी ने इस फैसले का सर्वस मति से स्वागत किया। सोनीपत पहुंचने पर पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने रघुबीर तेवतिया का बुकें भेंट कर स्वागत किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रभारी रघुबीर तेवतिया ने कहा कि सोमवार 10 फरवरी शाम 4 बजे तक जो व्यक्ति कांग्रेस पार्टी से मेयर पद का चुनाव लड़ना चाहता है वह जिला कांग्रेस भवन मे आवेदन पत्र दे सकता है या प्रदेश प्रभारी को भी आवेदन कर सकता है। इसके उपरांत 10 फरवरी शाम 4 बजे पुनः कांग्रेस भवन में बैठक का आयोजन किया जाएगा। जितने भी आवेदन पत्र प्राप्त होंगे कमेटी हाइकमान से चर्चा कर उन नामों पर विचार करेगी।

उन्होंने कहा कि बीते नगर निगम चुनाव में भी सोनीपत में कांग्रेस पार्टी ने विजयी परचम लहराया था, इस चुनाव में भी कांग्रेस पार्टी को ही सोनीपत की जनता आशीर्वाद देने का काम करेंगी। इस दौरान पूर्व सांसद धर्मपाल मालिक, विधायक इंदु राज नरवाल, पूर्व विधायक जगबीर मालिक, पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार, पूर्व विधायक सुखबीर फरमाना, पूर्व विधायक पदम दहिया, कर्नल रोहित चौधरी, राजीव सरोहा, मनजीत गहलावत, जोगेंद्र दहिया, मनोज रिढ़ाऊ, प्रेम अत्रि, सुरेंद्र छिकारा, ललित पवार, पवन गर्ग प्रधान, जयभगवान आंतिल, कमल हसीजा, सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### ये है कमेटी में शामिल

कमेटी में चौ धर्मपाल सिंह मलिक, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष को चेयरमैन, सांसद पंडित सतपाल ब्रह्मचारी, विधायक इंदुराज नरवाल, पूर्व विधायक जगबीर मलिक, पूर्व विधायक जयवीर बाल्मीकि, पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार, पूर्व विधायक कुलदीप शर्मा, पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, पूर्व विधायक सुखबीर फरमाणा, कर्नल रोहित चौधरी, जयभगवान दीपालपुर, कार्यकारी मेयर राजीव सरोहा, प्रेम अत्री एडवोकेट, पार्षद सुरेंद्र नैय्यर, पार्षद नवीन तंवर, नीलकंठ मुखीजा, प्रेम नारायण गुप्ता को सदस्य बनाया गया है।

## दिल्ली में बीजेपी की जीत पर बोले कटारिया, यह लोकतांत्रिक प्रजातांत्रिक और राष्ट्र निर्माण की जीत



**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के पूर्व सदस्य सूरजभान कटारिया ने आज दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है की यह लोकतांत्रिक प्रजातांत्रिक और राष्ट्र निर्माण की जीत है।

कटरिया के समर्थकों ने आज मिठाई बाटकर खुशियों का इजहार किया और सूरजभान कटारिया ने उपस्थित सभी को कहा कि 27 वर्षो के बाद में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी की सरकार के बाद भारतीय जनता पार्टी की सरकार का गठन दिल्ली प्रदेश में हुआ है जोकि दिल्ली को विकास की दृष्टि में आगे बढ़ाएगा। कटारिया ने कहा है कि अब देश, दिल्ली में और दिल्ली नगर निगम में तीनों जगह सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति के तहत विकास कार्य आरंभ होंगे।

**दौरा** जीटी रोड पर ड्रेन नंबर 8 के पुल पर बनाई जा रही सर्विस लेन के कार्य को जल्द करवाएं : डॉ. मनोज कुमार

# उपायुक्त ने एनएचएआई अधिकारियों के साथ किया एनएच-44 का दौरा

➪ डीसी ने भिगान टोल से 200 मीटर दोनो साइड में लगवाएं आईपी कैमरे, ताकि जरूरत पड़ने पर स्थिति का लिया जा सके सही जायजा



**सोनीपत।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने शुक्रवार को एनएचएआई के पीडी जगभूषण व अन्य अधिकारियों के साथ एनएच-44 (जीटी रोड) का दौरा करते हुए उन्होंने हाइवे पर चल रहे कार्यों को तेजी से पूरा करवाने के निर्देश दिए।

इस दौरान उपायुक्त ने ड्रेन नंबर-8 के पुल पर बनाई जा रही सर्विस लेन के कार्यों का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस कार्य को तुरंत पूरा करें ताकि लोगों को जाम की स्थित से मुक्ति मिले और न ही कोई सड़क दुर्घटना हो। दौरे से पहले उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कैंप कार्यालय में एचएचएआई, नगर निगम व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर जिला से गुजरने वाले नेशनल हाइवे से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने भिगान टोल के कर्मचारियों के व्यवहार की निंदा करते हुए स त निर्देश दिए कि वे वहां से गुजरने वाले लोगों के साथ अच्छा व्यवहार करें। इसके अलावा टोल पर देखा गया है कि लंबी-लंबी लाइन लगी रहती है, जिससे लोगों को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। उन्होंने स त निर्देश दिए कि भिगान टोल को जाम मुक्त बनाने के लिए सुबह और शाम अतिरिक्त कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए, अन्यथा भविष्य में अगर टोल पर जाम की स्थित उत्पन्न हुई तो टोल का संचालन करने वाली कंपनी पर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके अलावा टोल के 200 मीटर दोनों साइड आईपी कैमरे लगवाएं जाए ताकि जरूरत पडने़ पर कैमरों की मदद से स्थिति का जायजा लिया जा सके। इसके अलावा उन्होंने कहा कि कई बार शिकायत मिली है कि भिगान टोल पर जो सेंसर सिस्टम लगाया गया है वह पुराना हो गया है, जिससे वाहनों के फास्टटेग को स्केन करने में देरी होती है, जिससे जाम की स्थित उत्पन्न होती है इसलिए इस स्केनर सिस्टम का बदलकर अच्छा सिस्टम लगाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने कहा कि एनएच-44 पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बहालगढ़, मुरथल, सेक्टर-7, कुंडली के आस-पास व अन्य जगहों पर सर्विस लेन पर ब्रेकर बनाए जाए ताकि एचएच-44 पर चढ़ते समय पीछे से आ रहे वाहनों की स्पीड कम हो सके और सड़क दुर्घटना न हो। इसके अलावा जीटी रोड़ पर कई जगह जंपर व गड्ढे हो गए हैं, जिन्हें तुरंत ठीक करवाना सुनिश्चित करें। गोहाना से सोनीपत तक बनाएं जा रहे नेशनल हाईवे को बनाने वाली कंपनी कार्य पर गहरी नाराजगी जताते हुए उपायुक्त ने कहा कि इस कार्य को तेजी से पूरा करवाएं अन्य संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उन्होंने जाहरी, लाठ जोली में बन रहे लाईओवर की स्थिति का जायजा लिया और कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ढाबों के गंदे पानी को मुरथल में बनाए गए एसटीपी तक पहुंचाने के लिए जीटी रोड के नीचे से गुजरने वाली सीवरेज लाई के कार्य को तेजी से पूरा करवाएं ताकि ढाबों का गंदा पानी आसानी से एसटीपी तक पहुंच सके और सड़क पर गंदा पानी इकट्ठा न हो। बैठक में उन्होंने ककरोई रोड को लेकर अधिकारियों के साथ बातचीत कर समाधान निकालते हुए निर्देश दिए कि जब तक इसका स्थाई समाधान नहीं होता तब तक इस रास्ते को ब्लॉकिंग टाईलों से अच्छी तरह पक्का करवाएं ताकि यहां से ककरोई जाने वाले लोग आसानी से गुजर सके। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि नेशनल हाइवे के निर्माण कार्य के लिए मिट्टी व अन्य सामग्री लाने के लिए प्रयोग किए जा रहे वाहनों के कारण कई गांवों की सड़के टूट गई है, जिसको लेकर कई बार लोगों की शिकायते आ रही है इसलिए इन सभी रास्तों की तुरंत मर मत करवाएं। इस मौके पर एनएचएआई के पीडी जगभूषण, नगर निगम के एसई डॉ. विजय, जनस्वास्थ्य विभाग के एसई राजीव गुप्ता सहित संबंधित सभी अधिकारी व नेशनल हाईवे का निर्माण करने तथा टोल का संचालन करने वाली कंपनियों के अधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# व्यापारी नेता के घर चोरों ने किया हाथ साफ

## घर का ताला तोड़कर उड़ाये सोने के जेवरात व चार लाख की नगदी

■ उरई

उरई के मोहल्ला पटेल नगर निवासी उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष के यहां बीते रोज चोरों ने धाबा बोलकर घर का ताला तोड़ दिया, तथा घर में रखी 4 लाख की नगदी तथा तकरीबन 3 लाख के सोने चांदी के जेवरात उड़ा दिए, जिन जेवरात को उड़ाया गया है उनमें तीन सोने की अंगूठी एक डायमंड की अंगूठी तीन जोड़ा सोने के कंगन तथा अन्य सामान बताई जा रहे हैं व्यापारी नेता अपने परिवार के साथ बरुआ सागर झांसी में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था।जब वह आज वापस आया तब घर का ताला टूटा देखकर उसे चोरी की जानकारी हुई,व्यापारी नेता द्वारा तत्काल पुलिस को खबर की गई,जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण करने के उपरांत जांच शुरू कर दी है।

जानकारी में बताया गया कि विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष एवं उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संदीप तिवारी 5 फरवरी को जनपद झांसी के बरुआ सागर में अपनी पत्नी तथा बच्चों के साथ गए हुए थे, घर में ताला पड़ा हुआ था जिसकी जानकारी चोरों को हो गई,रात में चोरों ने किसी समय घर का ताला तोड़कर घर में रखे सोने के जेबरात तथा चार लाख की नंगदी साफ कर दी,जब आज संदीप तिवारी अपने परिवार सहित वापस आया तब उसने घर का टूटा ताला देखकर अंदर प्रवेश किया अंदर अलमारी में समान खुला पड़ा था तत्काल संदीप तिवारी द्वारा पुलिस को इसकी सूचना दी गई जिस पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।ग्रह स्वामी द्वारा तकरीबन सात लाख की चोरी बतायी गयी हैं।

## दो व्यक्तियों के बीच हुई मारपीट

**जालौन-उरई।** पैतृक जमीन के बंटवार को लेकर परिवार के ही दो व्यक्तियों के बीच गाली, गलौज व मारपीट हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिकरीराजा निवासी ऋषि कुमार व संतोष कुमार के बीच पैतृक जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसी विवाद को लेकर शनिवार की सुबह दोनों के बीच गाली, गलौज होने लगी। गाली, गलौज से शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया और एक दूसरे के बीच हाथापाई होने लगी। मौके पर मौजूद लोगों के समझाने के बाद भी न मानने पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# डेढ़ वर्षीय मासूम बालिका की पानी के टब में डूबने से मौत

■ उरई



कदौरा थाना अंतर्गत ग्राम राम सोंधी में आज एक मासूम बच्ची खेलते खेलते पानी के टव में डूब गयी,जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई,परिजनों की जब नजर पड़ी तो उसे अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया.

जानकारी में बताया गया है कि गांव रामसौढ़ी निवासी रीना देवी की पुत्री सारथी रीना के पास ही खेल रही थी, रीना अपने घरेलू काम में लगी हुई थी, इसी दौरान बच्ची खेलते खेलते पानी के टव में डूब गई तथा पानी भर जाने के कारण उसकी दम घुटने से मौत हो गई,जब रीना की नजर टव में तैर रही बच्ची पर पड़ी तो उसके होश उड़ गए,वह सीखने चिल्लाने लगी, जिससे गांव के लोग एकत्र हो गए, ग्रामीणों द्वारा बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कदौरा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## महिला मजदूर निर्माणाधीन मकान से गिरकर घायल

**कोंच।** मकान पर काम कर रही महिला मजदूर नसरीन पत्नी मुन्ना निवासी नया पटेल नगर ब्लॉक कालौनी ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि रेलवे स्टेशन के पास राजकुमार अग्रवाल उर्फ बबलू बेदी के निर्माणाधीन मकान में वह मजदूरी कर रही थी। 2 फरवरी की शाम करीब 4 बजे काम जल्दी खत्म करने की जल्दबाजी में अव्यवस्थित रूप से रखी गयी गिट्टी से भरी बोरी तीसरी मंजिल से नीचे आकर उसके ऊपर गिर पड़ी जिससे उसकी रीढ़ की हड्डी टूट गयी।पीड़ित महिला ने बताया कि वह बहुत गरीब है तथा उसने मकान मालिक राजकुमार से इलाज कराने की बात कही तो उसने इलाज के लिए रुपये देने से इनकार कर दिया।पीड़ित महिला मजदूर ने पुलिस को बताया कि उसका पति मानसिक रूप से बीमार रहता है जिसके चलते वह मजदूरी कर 3 नाबालिग बच्चों का भरण पोषण करती है और उसके घायल हो जाने से बच्चे अब भूख से परेशान हैं।पुलिस ने प्रार्थनापत्र पर जांच के निर्देश दिए।

## पत्नी को लेने गए पति व देवर ने पत्नी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की

**जालौन-उरई।** मायके में रह रही प ी को लेने गए पति व देवर ने प ी के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़िता की सूचना पर पुलिस ने आरोपी पति व देवर के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना निवासी सन्नो ने पुलिस को बताया कि उसे परिजनों ने उसकी शादी कोंच निवासी इमरान के साथ की थी। लेकिन इमरान उसे परेशान करता था और मारपीट करता था। परिजनों ने कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन उसकी आदतों में सुधार नहीं हुआ। जिसके चलते वह करीब डेड़ साल से अपने मायके में रह रही है। शनिवार को उसके पति इमरान और देवर शाहरूख उसके घर आ धमके और उसके साथ उसे साथ ले जाने का दबाव बनाने लगे। जब उसने इंकार किया तो गाली, गलौज व मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता की सूचना पर पुलिस ने आरोपी पति व देवर के खिलाफ कार्रवाई की है।

## मटर खरीदने पर दुकानदारों में हुई मारपीट



■ कोंच

शुक्रवार की रात गल्ला मंडी में किसानों द्वारा बेचने के लिए ट्रैक्टर ट्रॉली में लादकर लाई गयी हरी मटर की फलियों की खरीद को लेकर कुछ खरीददार दुकानदारों में लड़ाई झगड़ा होने लगा था। सूचना मिलने पर पुलिस बल के साथ पहुंचे पहुंचे कोतवाली की मंडी चौकी प्रभारी नितेश कुमार झगड़ा कर रहे संबंधित दुकानदारों को पकड़कर कोतवाली ले आए थे।वही पुलिस ने एक पक्ष के नसरुद्दीन और गुलाम मुहम्मद पुत्रगण लल्लू खां, सहाबउद्दीन पुत्र शमशुउद्दीन, साहिल पुत्र गुलाम मुहम्मद, अहसान पुत्र नसरुद्दीन और दूसरे पक्ष के हनीफ पुत्र अहमद व समीर पुत्र साबिर का शांति भंग में चालान कर दिया है।

## छठें दिन रासलीला, श्रीकृष्ण रूकमणि विवाह एवं गोपी संवाद का वर्णन कथा व्यास ने किया

■ जालौन-उरई

नगर के वीर बालाजी हनुमान मंदिर व द्वारिकाधीश मंदिर प्रांगण में आयोजित साप्ताहिक भागवत कथा के छठे दिन रासलीला, श्रीकृष्ण रूकमणि विवाह एवं गोपी संवाद का वर्णन कथा व्यास ने किया।



नगर के पेट्रोल टैंक वाले वीर बालाजी हनुमान मंदिर पर रामलीला, नौ कुंडीय श्रीसीताराम महायज्ञ एवं भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। द्वारिकाधीश मंदिर प्रांगण में भी भागवत कथा आयोजन किया जा रहा है। छठे दिन कथा व्यास हरप्रसाद अडजारिया और अनुराग चंसौलिया ने भक्तों को संबोधित कर कहा कि रास तो जीव का परब्रह्म ईश्वर के साथ मिलन की कथा है। आस्था और विश्वास के साथ भगवत प्राप्ति का फल प्राप्त होता है तो उसे रास कहा जाता है। भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए। मथुरा गमन प्रसंग में अक्रूरजी भगवान को लेने आए।

जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गई। कहने लगी, हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हम से प्रेम क्यों किया। कहा कि जो भक्त ईश्वर प्रेम में आनंदित होते हैं और श्रीकृष्ण तथा रूक्मिणी के विवाह में शामिल होते हैं, उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। बताया कि जीव परमात्मा का अंश है। इसलिए जीव के अंदर अपार शक्ति रहती है। यदि कोई कमी रहती है, तो वह मात्र संकल्प की होती है। कपट रहित होने से और संकल्प करने से प्रभु निश्चित ही उस संकल्प को पूरा करते हैं। इस मौके पर पारीक्षित पूनम देवी, गुरूनारायण साहू, ध्रुव चंसौलिया, बृजेश चंसौलिया, दिलीप साहू, अनूप महाराज, देवेश वर्मा, अवधेश, पवन, राहुल, विनोद, मधु पांडेय, रागिनी, मोहिनी आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली विधानसभा एवं मिल्कीपुर उपचुनाव में प्रचंड जीत पर भाजपाईयों ने मनाया जश्न

■ कानपुर



दिल्ली विधानसभा एवं अयोध्या जिले के मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव में जीत की खुशी में भाजपाईयों ने केशव नगर स्थित भाजपा कार्यालय में आतिशबाजी की। दिल्ली में भाजपा ने सभी समीकारणों को ध्वस्त करते हुए पार्टी के 27 वर्षों के वनवास को खत्म कर इस बार विधानसभा चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया है। भाजपा की शानदार जीत से कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में विजय श्री हासिल कर भाजपा की सरकार बनने एवं मिल्कीपुर सीट जीतने की खुशी में पार्टी कार्यकताओं ने केशव नगर स्थित भाजपा कार्यालय में जीत का जश्न मनाया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल एवं दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह को माला पहनाकर जीत की बधाई दी। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने भी मिठाई खिलाकर पार्टी कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा कराया। जीत की खुशी में कार्यकर्ताओं ने कार्यालय में आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। महिला और पुरुष कार्यकर्ता भी ढोल पर नाच कर जश्न मना रहे थे।

कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय अध्यक्ष के अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि दिल्ली में 27 वर्षों से जो आपदा छाई थी उससे दिल्ली की जनता को मुक्ति मिल गई है। अन्ना के आंदोलन में सवार होकर झूठ का माहौल बनाने वाले और ईमानदारी का ढोल पीटने वाले अरविंद केजरीवाल और उनके दर्जनों मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए। दिल्ली विधानसभा चुनाव में दिल्ली की जनता ने केजरीवाल की पोल खोलते हुए इस बार भाजपा को प्रचंड बहुमत का जनादेश दिया है। दिल्ली की जनता को आपदा से मुक्ति मिलने पर आज अन्ना हजारे को भी तसल्ली मिली होगी।

इंडी गठबंधन ने लोकसभा चुनाव में जॉर्ज सोरेश और विदेशी शक्तियों के इशारे पर झूठा निरेटिव सेट कर संविधान बदलने , आरक्षण खत्म करने के बारे जनता को बरगलाने का काम किया। लोकसभा चुनाव के बाद हरियाणा, महाराष्ट्र दिल्ली और मिल्कीपुर की जनता ने इंडी गठबंधन को मुंहतोड़ जवाब देने का काम किया है। दिल्ली की जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास की जीत है।

दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि दिल्ली एवं मिल्कीपुर चुनाव की जीत विकसित भारत की संकल्पना की सिद्धि को समर्पित है। यह जीत पीएम नरेंद्र मोदी की लोक-कल्याणकारी नीतियों , उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व और डबल इंजन की भाजपा सरकार की शक्ति पर दिल्ली और मिल्कीपुर की जनता-जनार्दन के विश्वास की मुहर है। उन्होंने कहा कि देश के पीएम नरेंद्र मोदी अजेय थे, अजेय हैं और अजेय रहेंगे। पार्टी की शानदार जीत की खुशी में नाच रहे कार्यकर्ताओं के ऊपर कार्यालय के छज्जे से जबरदस्त पुष्प वर्षा की गई।

प्रमुख रूप से विधायक महेश त्रिवेदी,अरुण पाठक, पूनम द्विवेदी, कौशल किशोर दीक्षित, रघुनंदन भदौरिया, अनीता गुप्ता, जय प्रकाश कुशवाहा, विनोद मिश्रा, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी, प्रकाश वीर आर्य,पार्षद डॉ अखिलेश बाजपेई, जितेंद्र सचान, गणेश शुक्ला, राजन चौहान, अर्जुन बेरिया , शिवपूजन सविता, अनीता त्रिपाठी, संजीव बेरी आदि मौजूद रहे।



## भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपाईयों ने गोला दागकर व मिठाई बांटकर मनाया जश्न

**कोंच।** उप्र की अयोध्या विधान सभा की मिल्कीपुर सीट तथा दिल्ली विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर नगर के भाजपा कार्यकर्ताओ ने जश्न मनाया तथा गोला दागकर मिठाई बांटी भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल के नेतृत्व मे कार्यकर्ता झंडाघर पर एकत्रित हुए तथा राहगीगो को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी योगी मोदी जिन्दाबाद,भाजपा जिन्दाबाद,जयश्रीराम जैसे गगनभेदी नारो के साथ भाजपाई एक दूसरे को गले लगा रहे थे।नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल ने कहा कि यह जीत योगी मोदी की जीत है उन्होने कहा दिल्ली की जनता केजरीवाल की झूठ से ऊब चुकी थी उन्होने कहा दिल्ली बासियो ने मोदी पर अटूट विश्वास जता कर दिल्ली को भगवामय कर दिया।अंजू ने मिल्कीपुर विधान सभा की जीत पर योगी मोदी को बधाई दी तथा कहा कि सपा को जनता ने करारा जवाब दिया है।इस मौके पर अनिल कपूर, रवि कुशवाह, बृजेंद्र कुशवाह, महेन्द्र सोनी, बाबूराम पाल, विक्रम तोमर, सौरभ पुरवार आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आत्महत्या के लिए उकसाने पर पत्नी सहित तीन ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कालपी-उरई ।** बीते डेड़ माह पहले कालपी कोतवाली क्षेत्र के गांव जोल्हूपुर मोड़ रेलवे क्रॉसिंग के समीप ट्रेन से कटकर हुई मौत की घटना ने नया मोड़ ले लिया है। पीड़ित पक्ष के द्वारा उकसाकर आत्महत्या करने को मजबूर करने का आरोप लगाते हुए पत्नी सहित तीन ससुरालीजनों के खिलाफ हत्या की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। मालूम हो कि दिनांक 30-12-2024 को जोल्हुपुर रेलवे क्रॉसिंग के समीप ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई थी, घटना में मृतक की शिनाख्त अर्जुन सिंह निवासी ग्राम कुराराहमीरपुर के रूप में हुई थी। इस घटना को लेकर वादी विशाल पुत्र दुर्गा निवासी ग्राम बागी थाना कदौरा ने कालपी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि मृतक अर्जुन की पत्नी एवं ससुरालीजन आए दिन अर्जुन उत्पीड़न करते रहते थे तथा आत्महत्या करने के लिए प्रेरित करते थे। पत्नी एवं ससुरालीजनों के उकसाने तथा उत्पीड़न को लेकर के द्वारा जोल्हुपुर मोड़ रेलवे क्रॉसिंग में पहुंचकर ट्रैन के आगे कूदकर जान दे दी थी। तत्समय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कर ली थी। कोतवाली पुलिस ने आत्महत्या की धारा में मुकदमा दर्ज करके विवेचना शुरू कर दी है।

### अलग-अलग स्थानों पर बाइकों में हुई भिडंत में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल

**जालौन-उरई ।** अलग अलग स्थानों पर बाइकों में हुई भिडंत में आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हुए। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद उच्च संस्थान रेफर किया गया। गुरसरांय के अखिलेश कुमार (45) व रामनरेश (42) को स्किन प्रॉब्लम थी। बीते आठ माह से वह जालौन में दवा लेने के लिए आते रहे हैं। हर बार की भांति इस बार भी वह बाइक से जालौन दवा लेने के लिए आ रहे थे। जब वह छानी खास गांव के पास पहुंचे। तभी सामने से जालौन निवासी श्याम सिंह (35) तेज रफ्तार बाइक लेकर छानी की ओर जा रहे थे। जैसे ही दोनों बाइकें आमने सामने पहुंची तो श्याम सिंह ने बेकाबू होकर बाइक में टक्कर मार दी। दोनों बाइकों में भिडंत के बाद बाइक सवार तीनों व्यक्ति सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर, बंगरा मार्ग पर सुड़ार पुलिया के आगे बाइक चालक रामनारायण प्रजापति निवासी ग्राम रौरा थाना रेड़र की बाइक से सामने से आ रहे बाइक सवार कल्लू निवासी मलकपुरा की बाइक की टक्कर हो गई। कल्लू के साथ उनका एक साथी भी सवार था। आमने सामने हुई टक्कर में तीनों बाइक सवार घायल हो गए। राहगीरों की मदद से से सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें उच्च संस्थान रेफर कर दिया।

### कुंभ से लापता युवक सकुशल घर लौटा

**कोंच।** बीते रोज कुम्भ मेला में हुई भगदड में लापता हुए कुंवरपुरा निवासी वृद्ध सकुशल घर लौट आ गया है।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुरा निवासी वृद्ध गोविंदसिंह 27 जनवरी को कुम्भ मेला गया हुआ था। 28 जनवरी की शाम उसका घर वालों से संपर्क टूट गया था। 28 की रात मेले में भगदड़ की घटना होने से परेशान बेटे मनोज ने 1 फरवरी को कोतवाली में पिता के गुम हो जाने की जानकारी दी थी। 4 फरवरी को अचानक से वह मेले में ही रिश्तेदारों को नजर आ गए और फिर रिश्तेदारों की मदद से वह 5 फरवरी को घर वापस लौट आये हैं। शनिवार को कोतवाली पहुंचे गोविंद दास ने बताया कि उनका मोबाइल बंद हो गया था और मेले से कुछ दूरी पर शास्त्री पुल के नीचे इतने दिनों तक बने रहे।उन्होने कहा कुंभ मे सरकार एवं वहां के लोगो के द्वारा भोजन पानी की व्यवस्था काफी अच्छी की गयी है कही किसी तरह की कोई परेशानी नही है इसलिए वह इतने दिन वहाँ ठहरे रहे।

### दिव्यांगजनों को बांटे गए क्रत्रिम अंग

**कोंच।** दिव्यांगजन सशक्तिकरण और समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किए गए नि:शुल्क कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में कोंच ब्लॉक क्षेत्र के 35 और नदीगाँव ब्लॉक क्षेत्र के 15 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल, वैशाखी आदि उपकरण बांटे गये। उपकरण पाकर दिव्यांगों के चेहरों पर प्रसन्नता साफ़ तौर पर देखी गयी। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख रानी देवी एवं बीडीओ सर्वेश कुमार रवि ने कहा कि दिव्यांगों का जीवन आसानी से आगे बढ़ सके इसके लिए उन्हें जरूरी उपकरण बांटे गये हैं। जो भी दिव्यांग उपकरण पाने से बाकी रह गए हैं उन्हें आगामी समय में परीक्षण के बाद जरूरी उपकरण बांटे जाएंगे। इस दौरान एडीओ देवेंद्र निरंजन, नरेशचंद्र द्विवेदी, विनोद वर्मा सहित विभागीय कर्मियों में प्रवीण कुमार, शैलेन्द्र गुप्ता, डोस चतुर्वेदी, राकेश कुमार, धीरज कुमार आदि उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल

**कालपी-उरई।** शनिवार की दोपहर को कालपी - दौलतपुर राष्ट्रीय राजमार्ग में चलती मोटरसाइकिल के फिसलने के कारण उसमें बैठे दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये।दोनों घायलों का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में प्राथमिक उपचार कराया गया। हालत नाजुक होने पर दोनों लोगों को रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जनपद कानपुर देहात के भोगनीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर निवासीगण भूपेंद्र पुत्र सरमन सिंह तथा उपेंद्र सिंह पुत्र ओंकार सिंह मोटरसाइकिल से अपने गांव से कालपी आ रहे थे। बताते हैं कि हाईवे रोड में मोटरसाइकिल फिसल गयी।फल स्वरुप उसमें बैठे भूपेंद्र सिंह तथा भूपेंद्र सिंह घायल हो गए। आनन-फानन में दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में भर्ती कराया गया। ड्यूटी में मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शेख शहरियार तथा चीफ फार्मासिस्ट वीरेंद्र कुमार के द्वारा दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। हालत नाजुक होने पर दोनों घायलों को उच्च इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। सूचना पाकर दोनों घायल युवको के परिजन सरकारी अस्पताल में पहुंच गये।

## ब्रीफ न्यूज

### पूर्व सीएम निशंक की बेटी के साथ करोड़ों की ठगी

**हरिद्वार,** उत्तराखंड के पूर्व सीएम डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक की बेटी आरुषि निशंक से मुंबई के कथित फिल्म निर्माताओं ने पांच करोड़ रुपये की ठगी कर ली। ठगी के आरोप में मुंबई के दो फिल्म प्रोड्यूसर, मानसी वरुण बागला और वरुण प्रमोद कुमार बागला के खिलाफ देहरादून कोतवाली नगर में केस दर्ज कराया गया है। निर्माताओं ने आरुषि से कहा कि एक फिल्म में मुख्य भूमिका है, जिसे आरुषि को निभाने के लिए पांच करोड़ निवेश करना होगा, जिससे उन्हें फिल्म की आय में 20 प्रतिशत का लाभ मिलेगा। 10 अक्टूबर 2024 को उन्होंने पहली किश्त के रूप में दो करोड़ दिए लेकिन बाद में अलग-अलग दबाव और बहानों से उनसे 19 नवंबर को एक करोड़, 27 अक्टूबर को 25 लाख, और 30 अक्टूबर को 75 लाख और लेकर ठगा।

### सामंथा प्रभु से तलाक पर नागा चैतन्य ने तोड़ी चुप्पी

**चेन्नई,** साउथ एक्टर नागा चैतन्य ने सामंथा रुथ प्रभु के साथ अपने तलाक पर पहली बार बात की। उन्होंने कहा कि यह तलाक दोनों की सहमति से हुआ था। अब वे दोनों अपने-अपने जीवन में आगे बढ़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह एक टूटे हुए परिवार से आते हैं, इसलिए किसी भी रिश्ते को खत्म करने से पहले 1000 बार सोचेंगे। रॉ टॉक्स विद वीके पॉडकास्ट पर बातचीत के दौरान नागा चैतन्य ने कहा कि हम दोनों ने अलग-अलग रास्तों पर जाने का फैसला किया। हमने अपनी वजहों से यह निर्णय लिया और एक-दूसरे का सम्मान करते हैं। हम अपनी जिंदगी में अपने तरीके से आगे बढ़ रहे हैं। मुझे नहीं लगता कि इससे ज्यादा कुछ समझाने की जरूरत है। मैं उम्मीद करता हूं कि दर्शक और मीडिया इसका सम्मान करेंगे। हमने अपनी प्राइवेसी मांगी है।

### इल्तिजा का दावा- मैं और मां महबूबा नजरबंद

**कश्मीर,** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने दावा किया है कि उन्हें और उनकी मां को नजरबंद कर दिया गया है। अधिकारियों ने उनके दरवाजों पर ताले लगा दिए हैं। इल्तिजा ने सोशल मीडिया एक्स पर घर के बंद दरवाजों पर लगे तालों की फोटो शेयर की है। इल्तिजा ने हाउस अरेस्ट का दावा करते हुए लिखा- चुनाव के बाद भी कश्मीर में कुछ नहीं बदला। अब पीड़ितों के परिवारों को सांत्वना देना भी अपराध माना जा रहा है। दरअसल, महबूबा (पीडीपी चीफ) सोपोर में वसीम मीर के परिवार से मिलने जाने वाली थीं। आरोप है कि सेना ने वसीम मीर की हत्या की है। वहीं, इल्तिजा माखन दीन के परिवार से मिलने के लिए कदुआ जाने वाली थीं।

### पानीपत की नहर में कूदी ब्लॉगर की लाश मिली

**पानीपत,** हरियाणा के पानीपत जिले में नहर में कूदी दिल्ली की ब्लॉगर श्रुतिका (25) का शव देर रात सोनीपत के खुबडू झाल में मिला। वह 5 फरवरी को पानीपत के जट्टू रोड स्थित एक होटल में अपने लिव-इन पार्टनर से मिलने आई थी। झगड़े के बाद नहर में कूद गई। दिल्ली की रोहिणी निवासी ब्लॉगर श्रुतिका दिल्ली पैरलल नहर में शव मिल गया है। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने शाहू को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस आरोपी प्रेमी से पूछताछ कर रही है। परिजनों ने उसकी हत्या का शक भी जाहिर किया है। श्रुतिका ने अंगूठी बेचने पर कहासुनी के बाद नाराज होकर नहर में छलांग लगा दी थी। युवक ने पुलिस को सफाई दी है कि वह उसे बचाने के लिए नहर में कूदा था, लेकिन बचा नहीं पाया।

## स्वदेशी क्रायो इंजन का वैक्यूम इग्निशन परीक्षण सफल

### इसरो द्वारा इस इंजन का उपयोग पहले मानव उड़ान मिशन गगनयान के लिए किया जाएगा

● चेन्नई

इसरो ने स्वदेशी क्रायोजेनिक इंजन का वैक्यूम इग्निशन परीक्षण एलवीएम-3 प्रक्षेपण यान में सफलतापूर्वक किया है जिसका उपयोग पहले मानव उड़ान मिशन गगनयान के लिए किया जाएगा। इसरो ने शनिवार को कहा कि उसने एलवीएम3 के ऊपरी चरण को संचालित करने वाले स्वदेशी सीई20 क्रायोजेनिक इंजन का इग्निशन परीक्षण सफलतापूर्वक किया जिसमें वैक्यूम स्थितियों में मल्टी-एलिमेंट इग्नाइटर था जो अंतरिक्ष की वैक्यूम स्थिति में इंजन इग्निशन का अनुकरण करता है।

यह टेस्ट शुक्रवार को तमिलनाडु के महेंद्रगिरि में इसरो प्रोपल्शन कॉम्प्लेक्स में उच्च ऊंचाई परीक्षण सुविधा में किया गया। टेस्ट के दौरान इंजन थ्रस्ट चैंबर का प्रज्वलन वैक्यूम में मल्टी-एलिमेंट इग्नाइटर के साथ किया गया। टैंक दबाव की स्थितियों के तहत जो उड़ान में क्रायोजेनिक इंजन को फिर से शुरू करने के समय होने की उम्मीद है। टेस्ट के दौरान इंजन व सुविधा का प्रदर्शन सामान्य और उम्मीद के मुताबिक था। क्रायोजेनिक इंजन को फिर से शुरू करना स्वाभाविक रूप से जटिल है और पुनरारंभ संचालन से संबंधित अध्ययनों के हिस्से के रूप में इसरो संग्रहित गैस प्रणाली के बजाय बूटस्ट्रैप मोड में टर्बोपंप की शुरुआत की खोज कर रहा है।



#### परीक्षणों की श्रृंखला की रूपरेखा तैयार

थ्रस्ट चैंबर और गैस जनरेटर दोनों को टैंक हेड स्थितियों के तहत फिर से प्रज्वलित करने की उम्मीद है। इसरो ने उड़ान के दौरान कई क्रायोजेनिक इंजन को फिर से शुरू करने की क्षमता बढ़ाने की दिशा में बूटस्ट्रैप मोड में इंजन शुरू करने के उद्देश्य से परीक्षणों की एक श्रृंखला की रूपरेखा तैयार की है। इससे पहले मल्टी-एलिमेंट इग्नाइटर का उपयोग करके इंजन इग्निशन परीक्षण वैक्यूम चैंबर के बाहर जमीनी परिस्थितियों में किया गया था। यह इंजन सिंगल स्टार्ट के साथ उड़ान में 19 से 22 तक के थ्रस्ट लेवल के लिए काम करने के लिए पहले से ही योग्य है और गगनयान मिशन के लिए भी योग्य है।

## चिकित्सकों का कारनामा, इंसान को लगा दी सुअर की किडनी

### ऑपरेशन के बाद घर भी लौटा शख्स

**नई दिल्ली,** किडनी की दिक्कत का सामना कर रहे लोगों के लिए डॉक्टरों ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। न्यू हैम्पशायर में डॉक्टरों सुअर के जीन में परिवर्तन कर उसकी किडनी को एक 66 वर्षीय शख्स में सफलतापूर्वक प्रत्यर्पित कर दिया। इस ऑपरेशन की सफलता के बाद मरीज को कुछ दिन हॉस्पिटल में रखा गया। मरीज की हालत में लगातार सुधार हो रहा था, इससे उसे एक हफ्ते बाद ही डिस्चार्ज कर दिया गया है। फिलहाल वह बिना किसी समस्या के अपने घर में रह रहा है।

**किडनी डोनर नहीं मिल रहा था:** डॉक्टरों ने 25 जनवरी को 66 साल के टिम एंड्रूज का ऑपरेशन किया था। टिम पिछले दो सालों से लगातार किडनी की समस्या से जूझ रहे थे। वह लगातार किडनी डोनर की तलाश में थे, लेकिन उन्हें कोई नहीं मिल रहा था।

**टिम दो सालों से थे किडनी के मरीज**

टिम के मुताबिक किडनी डोनर ढूंढने में उन्हें करीब सात साल का समय लग सकता था। लेकिन इस समस्या के चलते उन्हें लगातार हार्ट संबंधी समस्याओं और डायलिसिस की जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा था, जिससे उनके बचने की संभावना कम थी। टिम को जब इस प्रयोग के बारे में पता चला तो उन्होंने खुशी-खुशी इसके लिए मंजूर दे दी। डॉक्टरों के मुताबिक ऑपरेशन करने के कुछ ही समय में किडनी ने सही तरीके से अपना काम करना शुरू कर दिया।

### पीएम मोदी की ट्रम्प से मुलाकात से पूर्व यूएस प्रशासन की मांग

## भारत खरीदे ज्यादा से ज्यादा रक्षा उपकरण और हथियार

● नई दिल्ली



डोनाल्ड ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल में पहली बार अगले सप्ताह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने जा रहे हैं। दोनों नेताओं की मुलाकात अमेरिकी राष्ट्रपति आवास व्हाइट हाउस में होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम नरेंद्र मोदी 13 फरवरी को अमेरिका पहुंच सकते हैं। ट्रम्प और मोदी की मुलाकात के दौरान कई अहम मुद्दों पर बातचीत होनी है।

अब अमेरिका लगातार संकेत दे रहा है कि ट्रम्प सरकार भारत पर दबाव बनाएगी कि वह उससे ज्यादा से ज्यादा रक्षा उपकरण और हथियार खरीदे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और पीएम नरेंद्र मोदी की मुलाकात से पहले गुरुवार को भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ की फोन पर बातचीत हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने को लेकर अपनी सहमति जताई।

#### अहम मुद्दों पर हुई वार्ता

गुरुवार को भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ से फोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। खासतौर पर राजनाथ सिंह और पीट हेगसेथ ने प्रौद्योगिकी सहयोग, रक्षा औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखलाओं के एकीकरण और संयुक्त सैन्य अभ्यास को मजबूत करने पर सहमति जताई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि, हमने मौजूदा रक्षा सहयोग की समीक्षा की और भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और आगे बढ़ाने पर चर्चा की।

#### अब तक 25 अरब डॉलर की भारत से हुई डील

इंडो-यूएस रक्षा उपकरणों से जुड़े व्यापार में एक दूसरे के अच्छे सहयोगी हैं। 2007 से अभी तक दोनों देशों के बीच 25 अरब डॉलर से ज्यादा की कई बड़ी डिफेंस डील हो चुकी हैं। ऐसे में ट्रम्प की सत्ता आते ही यूएस की चाहत अब और ज्यादा बढ़ गई है। अमेरिका चाहता है कि भारत उससे और ज्यादा रक्षा उपकरण खरीदे। कुछ दिनों पूर्व जब मोदी-ट्रम्प की फोन पर बात हुई थी तो उस समय भी ट्रम्प ने मोदी से अमेरिकी हथियारों की खरीदारी को बढ़ाने का आग्रह किया था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का हमेशा से व्यापार में लेन-देन संबंधी नजरिया रहा है।

#### ट्रम्प प्रशासन से सावधानी से हो वार्ता

अमेरिका और भारत में डिफेंस कारोबार को लेकर भारत सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि, भारत को नए ट्रम्प प्रशासन के साथ सावधानी से वार्ता करनी होगी। अमेरिकी सैन्य तकनीक निश्चित रूप से शीर्ष स्तर की है। लेकिन इसे उचित लागत पर विदेशी सहयोग के साथ मेक इन इंडिया की हमारी नीति के साथ तालमेल बिठाना होगा।

## डील के तहत हमास ने गाजा युद्धविराम के बाद 3 बंधकों को रेडक्रास को सौंपा

**तेल अवीव,** गाजा युद्धविराम समझौते के तहत, इज़राइल को तीन इस्राइली बंधकों की रिहाई मिली है। इन बंधकों को चिकित्सा उपचार के लिए ले जाया जाएगा और उनके परिवार के सदस्यों से मिलवाया जाएगा। हमास के सशस्त्र लड़ाकों ने शनिवार को रेडक्रॉस को तीन और बंधक सौंपे, जो सभी इस्राइली हैं स्वदेश पहुंचे। इजराइल ने भी फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई पर सहमति दी। हमास-इजराइल में पांचवी बार रहवासियो की अदला-बदली की गई। इन तीन बंधकों में एली शरबी, (52), ओहाद बेन अमी, (56) और ओर लेवी (34) शामिल हैं। ये सभी 7 अक्टूबर, 2023 को हमास के नेतृत्व वाले इस्राइल पर हमले के दौरान अगवा किए गए थे, जिसने युद्ध को जन्म दिया था। डील के तहत, इजराइल को 183 फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई होगी है, जिनमें से 18 को उम्रकैद की सजा सुनाई थी। हमास को बंधकों की रिहाई के लिए इस्राइल से वार्ता करनी होगी। हालांकि, यूएस राष्ट्रपति ट्रम्प के फिलिस्तीनी आबादी को गाजा से स्थानांतरित करने के प्रस्ताव ने डील पर संदेह पैदा कर दिया है।

#### हमास ने 2023 में बनाया था बंधक


ओर लेवी


एली शरबी


ओहद बेन अमी

#### हमास ने इजराइल पर लगाए आरोप

हमास ने इजरायल पर 19 जनवरी को प्रभावी हुए युद्ध विराम समझौते के तहत सहमत खाद्य और अन्य मानवीय आपूर्ति ले जाने वाले सैकड़ों ट्रकों के प्रवेश में देरी करने का आरोप लगाया है। हमास ने एक बयान में कहा, यह राहत और आश्रय प्राथमिकताओं में स्पष्ट हेरफेर को दर्शाता है।

## पीएम ने ली वेव्स सलाहकार बोर्ड की बैठक

**नई दिल्ली,** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को मनोरंजन और संस्कृत कार्यक्रमों के सृजन का एक आकर्षक केंद्र के रूप में विकसित करने के सरकार के प्रयासों के तहत शुक्रवार रात 'वेव्स' के सलाहकार बोर्ड की एक व्यापक बैठक की अध्यक्षता की।

वेव्स विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों का एक वैश्विक शिखर मंच है जो मनोरंजन, रचनात्मकता और संस्कृति की दुनिया की हस्तियों को एक साथ लाता है। पीएम ने बैठक के बाद एक्स पर लिखा कि अभी-अभी मनोरंजन, रचनात्मकता और संस्कृति की दुनिया को एक साथ लाने वाले वैश्विक शिखर सम्मेलन- वेव्स के सलाहकार बोर्ड की एक बड़ी बैठक संपन्न हुई।

**दुनिया की हस्तियों को एक साथ लाता है वेव्स**

सलाहकार बोर्ड के सदस्य, जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं, जिन्होंने न केवल हमारे प्रति अपना समर्थन दोहराया, बल्कि भारत को वैश्विक मनोरंजन केंद्र बनाने के प्रयासों को और कैसे बढ़ाया जाए, इस विषय पर बहुमूल्य जानकारी भी साझा की। ऑडियो विजुअल से हुई बैठक में रिलायंस उद्योग समूह के प्रमुख मुकेश अंबानी, महिंद्रा ऐंड महिंद्रा समूह के आनंद महिंद्रा, माइक्रोसॉफ्ट के सत्य नडेला जैसी उद्योग जगत की हस्तियों ने सुझाव रखे।

## सोनमर्ग बाजार में लगी आग, 20 दुकानें खाक



**कश्मीर,** जम्मू-कश्मीर के मशहूर टूरिस्ट स्पॉट सोनमर्ग के मेन मार्केट में शनिवार शाम अचानक भीषण आग लग गई। एक रेस्टोरेंट से शुरू हुई आग तेजी से मार्केट की अन्य दुकानों और होटलों में फैल गई। आग लगने के कारण टूरिस्ट्स में भगदड़ मच गई।

आग इतनी भयानक थी कि उसका धुआं मीलों दूर से भी दिखाई दे रहा है। आग की चपेट में आकर करीब 20 दुकान खाक हो गई हैं। अब तक किसी के घायल होने की खबर नहीं है। सोनमर्ग जिला प्रशासन के मुताबिक, मौके पर आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियां लगाई गई हैं।

## 25 दिन में ही 40 करोड़ ने लगाई डुबकी

**प्रयागराज, आरएनएन।** महाकुंभ में 25 दिन में 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाकर नया रिकॉर्ड रच दिया है। ये स्वर्णिम उपलब्धि शुक्रवार को 94 लाख श्रद्धालुओं के स्नान के साथ ही हासिल हुई। 13 जनवरी से शुरू हुए महाकुंभ में 7 फरवरी तक 40.68 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया है। महाकुंभ अभी 19 दिन और रहेगा।

**महाकुंभ में बना रिकॉर्ड**

महाकुंभ में इस बार प्रदेश सरकार ने 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के आने का अनुमान जताया था।

लेकिन 45 दिन चलने वाले इस महाआयोजन के 25 दिन ही यह आंकड़ा पार हो गया। स्नान के महत्व और तैयारियों के बीच देश-दुनिया से रोजाना लाखों की संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं। महाकुंभ में मकर संक्रांति के पहले अमृत स्नान पर 3.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई थी। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर रिकार्ड 7.64 करोड़ ने अमृत स्नान किया। 3 फरवरी को तीसरे अमृत स्नान पर 2.57 करोड़ लोगों ने स्नान किया महाकुंभ 26 फरवरी तक है।

#### 4 किमी लंबा जाम: ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त



महाकुंभ का शनिवार को 27वां दिन था। अभी मेला 18 दिन और चलेगा। प्रयागराज-वाराणसी और नैनी से आने वाली सड़क पर 4-4 किमी का जाम लगा है। शहर में भी जगह-जगह जाम की स्थिति है। संगम पर श्रद्धालुओं को रुकने नहीं दिया जा रहा। संगम जाने वाले रास्ते पर भारी भीड़ है। रीवा रोड पर लगा भीषण जाम रीवा रोड पर भीषण जाम लगा है। संगम पहुंचने वालों का तांता लगा है। लोग घंटों से फंसे है। शनिवार के दिन कुंभ में भीड़ उमड़ी है। लखनऊ प्रतापगढ़ वालों को तेलियरगंज साइड रोका जा रहा। बैंक रोड पर भी जाम की स्थिति। यहां से संगम 8 किमी है। तुला रामबाग के पास लगा जाम गीता निकेतन तुला रामबाग के पास जाम लगा है। लोगों की भारी भीड उमड़ रही है। इसलिए ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। बालसन चौराहे पर पब्लिक का पैदल चलना मुश्किल हो रहा है।

## लापता यूएस विमान का मलबा अलास्का के नोम में मिला

**वाशिंगटन, आरएनएन।** अमेरिका के पश्चिमी अलास्का में नोम शहर जाते समय लापता हुए विमान का मलबा मिल गया है। विमान समुद्री बर्फ पर हादसे का शिकार हुआ था। इस हादसे में विमान में सवार सभी 10 लोगों की मौत हो गई है। यूएस कोस्ट गार्ड के प्रवक्ता माइक सालेर्नो ने जानकारी देते हुए बताया कि बचाव दल ने मलबा खोज लिया है। हेलीकॉप्टर से विमान का मलबा दिखने के बाद बचाव दल को मौके पर भेजा गया। बचाव दल ने पाया कि विमान में सवार सभी लोगों की मौत हो गई है। बेरिंग एयर का सिंगल-इंजन टर्बोप्रॉप विमान 9 यात्रियों और एक पायलट के साथ उनालक्लीट से रवाना हुआ था। अलास्का के सबसे पश्चिमी प्रमुख शहर नोम के पास विमान का संपर्क टूट गया था। कोस्ट गार्ड ने कहा कि यह नोम से 30 मील (48 किलोमीटर) दक्षिण-पूर्व में लापता हुआ था। इसके बाद बचाव का काम शुरू किया गया और कुछ घंटों बाद उन्हें विमान का मलबा मिल गया।


**दस लोगों की गई जान**

### आज का इतिहास

- **1757:** राबर्ट क्लाइव ने अलीनगर संधि द्वारा कलकत्ता (अब कोलकाता) को सिराजुदौला से लेकर ब्रिटिश नियंत्रण में शामिल कर लिया।
- **1760:** मराठा सेनापति दत्ताजी शिन्दे का निधन।
- **1788:** ऑस्ट्रिया ने रूस के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
- **1801:** फ्रांस और ऑस्ट्रिया ने लुनेविल्ले शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- **1824:** 19वीं सदी के प्रसिद्ध बंगाली कवि और नाटककार माइकल मधुसूदन दत्ता ने ईसाई धर्म अपनाया।
- **1922:** भारत के प्रसिद्ध होटल उद्योगपति एवं 'होटल लीला समूह' के संस्थापक सी.पी. कृष्णन नायर का जन्म।

### एयरो इंडिया 2025 — शो के दौरान दोनों सैन्य प्रमुख की 45 मिनट की उड़ान के पल होंगे ऐतिहासिक

## तेजस में एक साथ उड़ान भरेंगे वायुसेना और थल सेना प्रमुख

● बेंगलुरी

कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू में एयरो इंडिया शो का आयोजन किया जा रहा है। सारी दुनिया की नजर भारत के इस अहम कार्यक्रम पर टिक गई है। 10 फरवरी को यह कार्यक्रम शुरू होगा, जो अगले 5 दिनों तक चलेगा।

इस कार्यक्रम में भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह और सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्फ्ट तेजस में 45 मिनट की उड़ान भरेंगे। बता दें कि तेजस को भारत में ही बनाया गया है और





यह पूरी तरह स्वदेशी लड़ाकू विमान है। एयरो इंडिया शो का आयोजन बेंगलुरू में किया जा रहा है। इसके लिए पूरी तैयारियां की जा चुकी है। बता दें कि यह पहला मौका होगा, जब दोनों सेनाओं के प्रमुख एक साथ स्वदेशी निर्मित फाइटर प्लेन में उड़ान भरेंगे।

**रूस भेज रहा घातक लड़ाकू विमान**

बता दें कि येलहंका एयर फोर्स स्टेशन में होने वाले इस एयरो शो में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहे भारत की तस्वीर देखने को मिलेगी। ये शो दुनिया को भारत की हवाई ताकत का परिचय करवाएगा। सोमवार को हिंदुस्तान की ताकत की तस्वीरें देखने को मिलेगी।

#### वायुसेना ने की रिहर्सल

पिछले कुछ सालों में भारतीय वायुसेना कितनी मजबूत और आत्मनिर्भर हुई है उसकी एक झलक रिहर्सल में देखने को मिली। रक्षा क्षेत्र में आत्म निर्भर भारत की तस्वीर को दिखाते हुए एलएसी ने अपने एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर एएलएच, लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर एलयूएच को जोड़कर एक आत्मनिर्भर फॉर्मेशन तैयार की है जिसकी एक झलक फुल ड्रेस रिहर्सल में भी देखने को मिली। रिहर्सल के दौरान हमारे अपने हल्के लड़ाकू विमान एलएसी तेजस ने हैरत अंगेज हवाई करतब दिखाकर लोगों को मोह लिया तो वहीं सुखोई 30 ने भी बेंगलुरू के आसमान में अपना दम दिखाया है। आधुनिक हल्के लड़ाकू विमान राफेल की आसमान में गर्जना का भी लोगों को बेसब्री से इंतजार है।

#### यूएस दर्ज कराएगा अपनी उपस्थिति

अगले सप्ताह बेंगलुरु में होने जा रही एशिया की सबसे बड़ी हथियारों की प्रदर्शनी 'एयरो इंडिया' में अमेरिका अपने फाइटर जेट्स का प्रदर्शन भी करेगा। हालांकि, इस प्रदर्शनी में रूस भी अपने ताकतवर एयरक्राफ्ट के साथ शामिल होगा जिससे अमेरिका की चिंता थोड़ी बढ़ सकती है। भारत ने साल 2020 में अमेरिका से जो 2.13 अरब डॉलर की पनडुब्बियां और हेलिकॉप्टर खरीदे थे, अब उनसे जुड़े इक्विपमेंट्स की खरीदारी कर सकता है। दोनों देशों के बीच यह सौदा 1.1 अरब डॉलर का हो सकता है। सूत्रों की मानें तो डोनाल्ड ट्रंप की सरकार की इस सौदे पर भी नजर बनी हुई है। वहीं अमेरिका चाहता है कि, भारत उससे 6 हथियारबंद और सेंसर लैस पी-8आई एयरक्राफ्ट और खरीदे। भारत इससे पहले 12 ऐसे एयरक्राफ्ट अमेरिका से खरीद चुका है। दोनों के बीच यह सौदा 3.2 अरब डॉलर में हुआ था।

## धोखाधड़ी में अरेस्ट वारंट पर सोनू बोले 10 को दूंगा जवाब

**नई दिल्ली,** 10 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में सोनू सूद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआं। इसी बीच उन्होंने चुप्पी तोड़ी। उन्होंने साफ किया है कि वो सीधे तौर पर इस केस से इन्वॉल्व नहीं हैं। हाल ही में सोनू सूद ने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल पर लिख कि हमें ये साफ करने की जरूरत है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आ रही खबरें बेहद सनसनीखेज हैं। साफ कहूं तो कोर्ट ने हमें तीसरे पक्ष के संबंधित केस में गवाह के रूप में बुलाया है, जिससे हमारा कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा, मैं 10 फरवरी को अपना बयान दर्ज करवाऊंगा, जिसमें ये साफ करूंगा कि मेरा इस मामले से कोई संबंध नहीं है।

# शिक्षा का 'असर' सुधरती स्थिति

कुमार सिद्धार्थ



'शिक्षा की वार्षिक स्थिति रिपोर्ट' यानि 'एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट' ('असर') 2005 से एक एनजीओ 'प्रथम' द्वारा हर दूसरे साल प्रकाशित की जाती है। 'असर' एक नागरिक पहल पर होने वाला घरेलू सर्वेक्षण है जो बच्चों की स्कूली शिक्षा की स्थिति, उनके पढ़ने और अंकगणित कौशल का राष्ट्रीय स्तर पर अनुमान लगाता है। ताजा, 2024 की 'असर' रिपोर्ट में बच्चों की शैक्षणिक स्थिति में कुछ सुधार दिखाई दिया है। क्या हैं, ये सुधार?

Annual Status of Education Report
असर ASER 2024 RURAL
Facilitated by PRATHAM



सरकारी स्कूलों को लेकर अभिभावकों के मन में यह सवाल बना रहता है कि क्या वे उनके बच्चों को बेहतर भविष्य दे सकते हैं? हाल में जारी 'असर 2024' रिपोर्ट ने कुछ सकारात्मक संकेत दिए हैं जिनसे देश की प्राथमिक शिक्षा के वर्तमान हालात और चुनौतियों को समझने में मदद मिलती है। रिपोर्ट देश में पूर्व-प्राथमिक व प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों की एक बेहतर तस्वीर प्रस्तुत करती है। यह बताती है कि कैसे देश के सुदूर इलाकों में शिक्षा की रोशनी पहुँच रही है और पहले की तुलना में अधिक बच्चे स्कूलों और आंगनवाड़ी केन्द्रों से जुड़ रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कोविड-19 के बाद अब सरकारी स्कूलों में नामांकन दर फिर से अपने पूर्व के स्तर पर लौट आई है।

इस वर्ष 'असर' के सर्वेक्षण में देश के 605 ग्रामीण जिलों के लगभग अठारह हजार गाँवों के साढे छः लाख बच्चों को शामिल किया गया था। रिपोर्ट बताती है कि कक्षा 1 से 3 तक के बच्चों की पढ़ने और गणित की क्षमता में वर्ष 2022 की तुलना में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 3 से 6 वर्ष के बच्चों को लेकर महत्वपूर्ण निष्कर्ष सामने आए हैं। पहला, 2018 से 2024 के बीच पूर्व-प्राथमिक स्कूरलों के नामांकन में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। दूसरा, वर्ष 2024 तक 3 वर्ष की आयु के 77.4 फीसदी ग्रामीण बच्चे किसी-न-किसी प्रारंभिक शिक्षा कार्यक्रम में नामांकित हो सके हैं। खास बात यह है कि यह प्रगति ग्रामीण इलाकों में भी देखी गई है।

रिपोर्ट इस बात को भी रेखांकित कर रही है कि कोरोना महामारी से पहले, छह से चौदह वर्ष के बच्चों का सरकारी स्कूलों में नामांकन लगातार बढ़ रहा था। वर्ष 2006 से 2018 के बीच यह आंकड़ा 18.7 फीसदी से बढ़कर 30.8 फीसदी तक पहुंच गया था। फिर कुछ वर्षों तक यह स्थिर रहा, लेकिन कोविड के दौरान, आर्थिक तंगी के चलते कई अभिभावकों ने अपने बच्चों को निजी स्कूलों से निकालकर सरकारी स्कूलों में दाखिला दिलाया। इसका असर यह हुआ कि वर्ष 2018 में 65.6 फीसदी रही सरकारी स्कूलों की नामांकन दर 2022 में बढ़कर 72.9 फीसदी हो गई, परंतु अब यह आंकड़ा फिर घटकर 66.8 फीसदी पर आ गया है।

वहीं, कक्षा 1 में कम उम्र के बच्चों का नामांकन घट रहा है। 2018 में यह आंकड़ा 25.6 फीसदी था, जो 2022 में 22.7 फीसदी और 2024 में घटकर 16.7 फीसदी रह गया है। यह दशार्ता है कि कम उम्र में स्कूल में प्रवेश करने वाले बच्चों की संख्या में कमी आई है। इस प्रवृत्ति का संभावित कारण यह हो सकता है कि अब अधिक बच्चे आंगनवाड़ी केन्द्रों या अन्य पूर्व-प्राथमिक संस्थानों में दाखिला ले रहे हैं, जिससे वे औपचारिक स्कूली शिक्षा में थोड़ी बड़ी उम्र में प्रवेश कर रहे हैं।

गौरतलब है कि इस बार 'असर' 2024 ने डिजिटल साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण पहलू को भी केन्द्र में रखा है। रिपोर्ट के मुताबिक 15-16 वर्ष के 90 फीसदी ग्रामीण किशोरों के पास स्मार्टफोन हैं, लेकिन क्या वे इसका सही उपयोग कर पा रहे हैं? जब बच्चों को ऑनलाइन जानकारी खोजने या अलार्म सेट करने जैसे छोटे-मोटे कार्य दिए गए, तो पाया गया कि डिजिटल तकनीक के उपयोग में लड़के, लड़कियों की तुलना में थोड़े आगे हैं। हालांकि, कुछ राज्यों में लड़कियाँ भी इस अंतर को तेजी से पाट रही हैं और डिजिटल कौशल में बराबरी पर आ रही हैं।

शिक्षा में आए इस सकारात्मक बदलाव के मूल में 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह नीति इस बात पर जोर देती है कि बच्चे के शुरूआती तीन वर्ष, जो आमतौर पर आंगनवाड़ी, नर्सरी या प्री-प्राइमरी स्तर पर होते हैं, उसकी सीखने की नींव को मजबूत करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। इस चरण में अगर सही मार्गदर्शन और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं, तो आगे की शिक्षा सुगम हो सकती है।

इसी दृष्टिकोण को साकार करने के लिए केन्द्र सरकार ने 'निपुण भारत मिशन' की शुरूआत की थी। यह मिशन शिक्षा के शुरूआती वर्षों में बच्चों को मजबूत नींव देने पर केन्द्रित है, ताकि वे पढ़ने, लिखने और गणितीय समझ विकसित करने में सक्षम बन सकें। इसका लक्ष्य है कि वर्ष 2026-27 तक कक्षा 3 तक के सभी बच्चे बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक दक्षताएं हासिल कर लें। वास्ताव में 'निपुण भारत मिशन' शिक्षा प्रणाली में एक बड़ा बदलाव लाने की कोशिश कर रहा है, ताकि हर बच्चा न केवल स्कूल में नामांकित हो, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सके और भविष्य में आत्मनिर्भर बन सके।

अब तक के शिक्षा सफर में आंगनवाड़ी केन्द्र बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा, पोषण और संपूर्ण विकास के लिए मूलभूत आधार तैयार करते हैं। 'असर 2024' रिपोर्ट बताती है कि बड़ी संख्या में बच्चे आंगनवाड़ी केन्द्रों में नामांकित हो रहे हैं, लेकिन शिक्षा की गुणवत्ता में अभी भी सुधार की आवश्यकता बनी हुई है। आंगनवाड़ी कार्यकताओं की भूमिका को केवल पोषण और स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित न रखते हुए, अब उन्हें बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा में सक्रिय भागीदारी के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण उन्हें बच्चों के संज्ञानात्मक, भाषागत, मानसिक और शारीरिक विकास को अधिक प्रभावी बनाने में मदद कर रहा है।

'असर' की ताजा रिपोर्ट के निष्कर्ष दर्शाते हैं कि देश में प्रारंभिक शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव होते दिख रहे हैं, लेकिन अभी भी कई क्षेत्रों में व्या पक सुधार की आवश्यकता है। अगर शिक्षक बेहतर तरीके से पढ़ाएंगे, तो बच्चे भी बेहतर सीख पाएंगे। शिक्षण प्रक्रिया को रोचक बनाने के लिए कविता, कहानियों, गतिविधियों और प्रयोगों को शामिल किया जाए। दूसरा, बड़ा कदम स्कूलों में जरूरी शैक्षिक संसाधन उपलब्ध कराना है जिसमें पर्याप्त पुस्तकें, प्रयोगशाला, डिजिटल साधन और स्मार्ट क्लास जैसी सुविधाएं शामिल हैं। एक जरूरी बात है, स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था का लगातार आंकलन और निगरानी। यह देखना चाहिए कि बच्चे जो पढ़ रहे हैं, वह सही तरीके से समझ भी रहे हैं या नहीं। अगर किसी क्षेत्र में सुधार की जरूरत है, तो समय रहते उस पर ध्यान दिया जाए। अभिभावकों और समुदाय की भागीदारी को भी सशक्तर करने की दिशा में प्रयास हों। अगर अभिभावक स्कूलों से जुड़ेंगे, शिक्षकों से संवाद करेंगे और पढ़ाई में बच्चों को सहयोग देंगे, तो इसका असर स्कूली शिक्षा पर भी पड़ेगा। 'स्कूल प्रबंधन समितियों' (एसएमसी) को भी अधिक सक्रिय भूमिका निभानी होगी, ताकि माता-पिता को भरोसा हो कि उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल रही है। एक अहम पहलू है, आंगनवाड़ी और प्राथमिक स्कूलों के बीच बेहतर तालमेल, ताकि छोटे बच्चों को शुरू से ही अच्छा सीखने का माहौल मिले।

ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के लिए अभी भी बहुआयामी प्रयासों की जरूरत है। शिक्षकों के प्रशिक्षण, शिक्षण सामग्री की प्रभावशीलता, परिवेश में सुधार और समुदाय की सक्रिय भागीदारी जैसे पहलुओं पर निरंतर कार्य किए जाने की आवश्यकता है। साथ ही, बुनियादी ढांचे को मजबूत करना, डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाना और बच्चों की सीखने की जरूरतों के अनुरूप शिक्षण पद्धतियों को विकसित करना भी जरूरी है। जब ये सभी पहलू एक साथ क्रियान्वित होंगे, तभी हर बच्चा समान अवसरों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकेगा और एक उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ पाएगा।

# ज्ञानार्जन करना ही साक्षात आराधना

विजय गर्ग

**इस** समय देश-विदेश की अनेक घटनाएं सुर्खियों में हैं, क्योंकि नए साल में नई उम्मीदों के साथ घटनाओं का विश्लेषण आम रहा है। मगर इसके इतर एक गहन विषय पर चिंतन किया जाना चाहिए कि बच्चों और युवाओं के भीतर इन घटनाओं, क्रियाकलापों, राजनीतिक और आर्थिक घटनाचक्र आदि में दिलचस्पी अत्यंत कम क्यों है। बच्चे और युवा टीवी या मोबाइल पर इन घटनाओं का विश्लेषण न कर नकारात्मक मनोरंजन के साधनों में समय बिता रहे हैं। युवाओं को देश के सकल घरेलू उत्पाद की, संगीत, साहित्य और कला के फनकारों की, राजनीति के नेपथ्य में गूंजते स्वरों की प्रारंभिक जानकारी भी नहीं है। युवा वर्ग को अभिनेताओं- अभिनेत्रियों के पुनर्विवाह, व्यापारी परिवार के विवाह उत्सव, टीवी के गेम शो या 'चैलेंज' क्रिकेटर के तलाक आदि की तो जानकारी मिल जाती है, लेकिन उन्हें ओलंपिक खेलों, इजराइल - हमास युद्ध, रूस-यूक्रेन संकट, बजट के आधारभूत तत्त्वों, रेल दुर्घटनाओं और पनपते पर्यावरण संकट की सतही जानकारी भी नहीं होती है। यह बहुत चिंताजनक स्थिति है ।

अगर बुद्धिमता के विकास की दृष्टि से देखा जाए, तो यह आने वाले कुछ वर्षों में एक संकट बनने वाला है, क्योंकि दस वर्ष बाद ये बारह से बीस वर्षीय युवा और ज्यादा बड़े होंगे और जब इन्हें कुछ जानकारी नहीं होगी, तो ये अगली पीढ़ियों को क्या सिखा सकेंगे! ऐसी बात करने पर कई बार इनके बीच के कुछ युवाओं का तर्क होता है कि जो बात अधेड़ और बूढ़े व्यक्ति अखबारों, पत्रिकाओं में पढ़ते हैं, वे उन्हें मोबाइल पर उपलब्ध है। बात सही है, लेकिन उन्हें 'खुद से ये पूछना चाहिए कि वे उस मोबाइल में रक्षा, शिक्षा, अर्थ नीति को पढ़ते हैं या चमक-दमक वाली सतही मनोरंजन वाली खबरों या संभावनाओं का अध्ययन करते हैं।

विडंबना यह कि कई अभिभावकों को भी लगता है कि जीवन का सुख और आनंद, हास्य विनोद, मनोरंजन, रील बनाने और मनमर्जी से खान- पान में निहित है। इस भोगवादी रवैये के चलते युवाओं में ज्ञान और जीवन मूल्यों का विकास रुक-सा गया है। हालांकि सिर्फ युवाओं को दोष देना अनुचित है, क्योंकि घरों में अखबार, पत्र-पत्रिकाएं, पुस्तकें उपलब्ध ही नहीं हैं। पुस्तक, अखबार या पत्रिका हो तो बच्चा कम से कम फोटो देखेगा और उसके भीतर कुछ प्रश्न उभरेंगे। अब तो यह भी नहीं है। ज्यादातर माता - पिता खुद कुछ पढ़ ही नहीं रहे तो वे क्या और किसकी चर्चा करेंगे? माता-पिता को जरूरी पत्रिकाओं और अखबारों के नाम तक से उदासीन होते हैं तो इसमें युवाओं का क्या दोष? माता-पिता द्वारा स्वाध्याय कर अपने बच्चों का ज्ञान बढ़ाने से ही इस समस्या का समाधान संभव हो सकेगा । इसके लिए मोबाइल को छोड़कर स्वाध्याय की तरफ कदम बढ़ाना होगा।



बच्चों या युवाओं में स्वाध्याय करके कुछ बनने या अपने जीवन को संवारने का भाव तब आता है, जब उन्हें लगे कि उनका जीवन एक संग्राम है और वे अपने जीवन के स्वयं निमार्ता हैं। मगर लगता है, आज युवाओं में यह बोध ही नहीं है, क्योंकि उनको महसूस होने लगा है कि माता-पिता द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का उपभोग करना ही जीवन है। वे जमकर पढ़ाई नहीं कर रहे हैं। दरअसल, कई माता- पिता ने अपनी संतान के जीवन को इतना ज्यादा सुगम और आनंददायी बना दिया है कि बच्चों में संघर्ष करने, हार को स्वीकार करने और खुद अपने दम पर कुछ कर गुजरने की इच्छा मानो लुप्त सी हो गई है। प्रेम के स्थान पर बेलगाम पुचकार की प्रवृत्ति के कारण संतान हाथ से निकल रही है और यह प्रक्रिया इतनी शांत और तेज है कि अभिभावक इस परिवर्तन को समझ ही नहीं पा रहे । प्रेम शुद्ध सात्विक भाव है। बच्चों की इच्छाओं को पूरा करना, उन्हें उत्तम शिक्षा देना, उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखना, उन्हें भावनात्मक संबल देना प्रेम की संज्ञा में आता है। बच्चों की नाजायज मांग को पूरा करना, उनके गलत शौकों को भी पूरा करना बेवकूफी कहलाता है । अत्यधिक और विवेक से रहित प्यार में पलने वाले और स्वाध्याय से दूर बच्चे जीवन में बहुत जल्दी हार मान लेते हैं। शोध के अनुसार, इनके अवसादग्रस्त, मनोरोगी होने, आत्मघाती कदम उठाने की प्रवृत्ति अन्य बच्चों की अपेक्षा अधिक होती है।

पढ़ने से बुद्धि का विकास होता है, विचार पोषित होते हैं और व्यक्ति के जीवन को आधार व संबल मिलता है। महापुरुषों की जीवनियां, उनके कृत्य, उद्यमियों के संघर्ष आदि पढ़ने से व्यक्ति अंधकार से प्रकाश की ओर यात्रा प्रारंभ करता है । 'ज्ञान ही शक्ति है' के सिद्धांत को समझकर यह जानना होगा कि नया सीखना, खुद को अद्यतन करना और समाज को अपने शोध से कुछ देना ही जीवन का उद्देश्य है। मंदिर या देवालय ध्वस्त हो सकते हैं। बड़ी से बड़ी इमारत नष्ट हो सकती है । पैसा समाप्त हो सकता है। जमीन-जायदाद बिक सकती है। इन सबके बीच सिर्फ ज्ञान ही ऐसा है, जिसे न तो खरीदा जा सकता है, न बेचा जा सकता है और न ही यह नष्ट हो सकता है। इसलिए ज्ञानार्जन करना ही साक्षात आराधना है।

# भारत सहित दुनियाँ के मतदाताओं की ताकत का दम- भारत की राजधानी दिल्ली सहित प्रमुख देशों की सत्ता बदल दी

## भारत की राजधानी दिल्ली सहित अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन ईरान,दक्षिण अफ्रीका के चुनावों में मतदाताओं ने दिखाया अपना रुतबा

**मतदाता राजनीतिज्ञों के भाग्य विधाता हैं-हर मतदाता को अपने वोट का इस्तेमाल हाई अलर्टपर रहकर पूर्ण विश्वास के साथ करना जरूरी-एडवोकेट किशन सनंमुखदास भावनानी गोंदिया**



एडवोकेट किशन सनंमुखदास भावनानी गोंदिया

**गोंदिया-** वैश्विक स्तरपर आज मतदाताओं का रुतबा पूरी दुनियां में तेजी से बढ़ रहा है,क्योंकि बढ़ते लोकतंत्र की ट्रेंड में मतदाताओं की ताकत इतनी विस्तृत हो गई है कि वह किसी भी नेता, राजनेता, राजनीतिज्ञ को सर पर बिठा सकते हैं तो, जमींदररोज भी कर सकते हैं, राजा से रंग बना सकती हैं, आज इस विषय पर हम इसलिए बात कर रहे हैं,क्योंकि अभी हमने देखे भारत की राजधानी दिल्ली में 5 फरवरी को चुनाव हुए चुनावी महापर्व में 8 फरवरी 2025 को आए परिणामों में देखे कि अबकी बार 27 साल बाद भाजपा को मतदाताओं ने सत्ता का ताज पहनाया तो 11 साल से सत्ता का ताज पहना आप पार्टी से छीन लिया,न केवल नकार दिया बल्कि उस पार्टी शीर्ष नेतृत्व नेताओं को भी हार का सामना करना पड़ा हालांकि कुछ महीनो सालों पूर्व ऐसा ही कुछ नजारा अभी दुनियां के अन्य विकसित बड़े-बड़े देशों में भी देखना पड़ा था जिसमें अभी- अभी हमने ट्रंप द्वारा 20 जनवरी 2025 को शपथ ग्रहण के रूप में देखें इसके पूर्व में ईरान के राष्ट्रपति चुनाव में 50 प्रतिशत बहुमत किसी पार्टी को ना आने से अगले दौर का चुनाव 5 जुलाई 2024 को निश्चित किया गया था । वहीं फ्रांस में राष्ट्रपति मैक्रो की पार्टी भी पिछड़कर तीसरे नंबर पर आ गई थी,जिसमें दूसरे दौर का चुनाव 7 जुलाई 2024 को हुआ था। इसी तरह दक्षिण अफ्रीका में भी नेल्सन मंडेला की पार्टी 30 वर्षों में पहली बार अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस को संसदीय चुनाव में बहुमत नहीं मिला है। सिर्फ 40 प्रतिशत वोट मिले हैं,इसलिए 1 जुलाई 2024 को नेता रामाफोसा ने दोबारा चुने जाने के लिए गठबंधन का सहारा लिया था। उधर ब्रिटेन में भी भारतीय मूल के पीएम ऋषि सुनक को भी मतदाताओं ने हार का मुंह दिखा दिया था,तो दुनियां के सबसे पुराने लोकतंत्रअमेरिका में भी 5 नवंबर 2024 को पूर्व राष्ट्रपति ट्रंपने बहुमत हासिल किया व 20जनवरी 2025 को शपथ ग्रहण किया और अब 8 जनवरी 2025 को आए रिजल्ट में भाजपा को 48 सीटों के रूप में बहुमत मिला,इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दुनियां के मतदाताओं की ताकत का दम,दिल्ली सहित प्रमुख देश की सत्ता बदल दी। मतदाता राजनीतिज्ञों के भाग्य विधाता हैं, हर मतदाता को अपने वोट का इस्तेमाल हाई अलर्ट में रहकर पूर्ण विश्वास से करना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम 8 फरवरी 2025 को आए दिल्ली विधानसभा के चुनाव परिणाम की करें तो,राजधानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह आठ बजेसे मतगणना शुरू हुई। चुनावी मैदान में 70 सीटों के लिए 699 उम्मीदवार थे। चुनाव परिणाम में भाजपा ने 48 सीटें हासिल हैं।







आम आदमी पार्टी 22 सीटों पर जीती, जबकि कांग्रेस का खाता तक नहीं खुला। पांच फरवरी को करीब 13 हजार से अधिक बूथों पर कुल 60.54 फीसदी मतदान हुआ था।बता दें कि लगातार तीन बार इस सीट का प्रतिनिधित्व करने वाली दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को 2013 विधानसभा चुनाव में शिकस्त देकर अरविंद केजरीवाल दिल्ली की सत्ता पर काबिज हुए थे। उन्होंने लगातार तीन बार इस विधानसभा का प्रतिनिधित्व किया। आम आदमी पार्टी को यहां बड़ा झटका लगा है। नई दिल्ली सीट से पूर्व सीएम और आप प्रत्याशी अरविंद केजरीवाल हार गए हैं। भाजपा के प्रत्याशी प्रवेश वर्मा जीत गए हैं। कांग्रेस ने इस सीट से संदीप दीक्षित को चुनावी मैदान में उतारा था। प्रवेश वर्मा ने केजरीवाल को 4089 से हराया है। कालकाजी सीट से आप प्रत्याशी आतिशी चुनाव जीत गई हैं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी को 3521 वोटों से हराया है। बता दें कि कालकाजी सीट सबसे चर्चित सीटों में शामिल है। इस बार आम आदमी पार्टी ने कालकाजी सीट से मुख्यमंत्री आतिशी को टिकट दिया। वहीं कांग्रेस ने पूर्व विधायक अलका लांबा को उतारा। इन चेहरों के कारण कालकाजी सीट एक बार फिर हॉट सीट बन गई। वहीं भाजपा ने यहां से रमेश बिधूड़ी को टिकट दिया। कालका सीट से उम्मीदवार बनाए गए बिधूड़ी अपने बयानों की वजह से विवादों में रहते हैं।जंगपुरा सीट से आप प्रत्याशी मनीष सिसोदिया 675 वोटों से हार गए हैं। भाजपा के प्रत्याशी तरविंदर सिंह मारवाह ने यहां जीत दर्ज की है। हार के बाद आम आदमी पार्टी नेता और जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार मनीष सिसोदिया ने कहा, "जंगपुरा के लोगों ने बहुत प्यार दिया लेकिन लगभग 600 वोट से हम पीछे रह गए। जो उम्मीदवार जीते हैं, हम उन्हें बधाई देते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि जंगपुरा के लोगों की समस्याओं को वे हल करेंगे।।करावल नगर सीट से भाजपा के कपिल मिश्रा जीत गए हैं। आम आदमी पार्टी के मनोज त्यागी को उन्होंने 23355 वोटों से हराया है।आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी सौरभ भारद्वाज हार गए हैं। भाजपा की शिखा राय ने उन्हें 3188 वोटों से हराया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने ऐतिहासिक जीत के साथ 27 साल बाद सत्ता में वापसी की है।भाजपा ने पिछले चुनाव(2020) के मुकाबले वोट शेयर में 9 पेर्सेंट से ज्यादा का इजाफा हुआ। वहीं, एएपी को 10 पर्सेंट से ज्यादा का नुकसान हुआ है। कांग्रेस को भले ही एक सीट मिलती नहीं दिख रही, लेकिन वोट शेयर 2 पर्सेंट बढ़ाने में कामयाब रही।बीजेपी की चुनावी जीत के पीछे एक रणनीतिकार होता है जो चुनाव लड़ने से लेकर उसके नतीजों के लिए भी जिम्मेदार होता है,परंतु सबसे ताकतवर होता है मतदाता जो सट्टा का ताज पहन सकता है तो झटके से उतार भी सकता है। साथियों बात अगर हम फ्रांस के मौजूदा संसदीय चुनाव की करें तो,पहले चरण के चुनाव के बाद उनकी पार्टी हार के बेहद करीब रही थी।मैक्रों इस समय फ्रांस के राष्ट्रपति हैं और 2027 तक इसी पद पर बने रहेंगे। हालांकि देश के संविधान के तहत वह तीसरी बार इस पद के लिए नहीं लड़ सकते और बतौर राष्ट्रपति उनका कार्यकाल इसी के साथ खत्म हो जाएगा। लेकिन संसदीय चुनावों में हार उनकी पार्टी के लिए बड़ा झटका साबित हुई। यह औपचारिक समारोह 20 जनवरी को होने वाला है, जो अमेरिकी कांग्रेस द्वारा ट्रंप की चुनावी जीत को प्रमाणित किए जाने के लगभग 2 सप्ताह बाद होगा। ट्रंप-वेंस उद्घाटन समिति ने आने वाले राष्ट्रपति के 'मित्र' प्रधानमंत्री मोदी को निमंत्रण दिया है। विशेष रूप से, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व किए। इस यात्रा के दौरान, जयशंकर आने वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक किए।डोनाल्ड ट्रंप ने दूसरी बार राष्ट्रपति का चुनाव जीतकर इतिहास रच दिया है। 20 जनवरी 2025 को पदभार ग्रहण किए । डोनाल्ड ट्रंप को 50.9 पेर्सेंट वोट मिले। वहीं कमला हैरिस को 47.6 फीसदी मत मिले। इलेक्टोरल कॉलेज में ट्रंप को 295 और कमला हैरिस को 226 वोट मिले। अमेरिका में राष्ट्रपति के लिए बहुमत का आंकड़ा 270 था।

**अतः** अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत सहित दुनियाँ के मतदाताओं की ताकत का दम- दिल्ली सहित प्रमुख देश की सत्ता बदल दी।भारत की राजधानी दिल्ली सहित अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, ईरान, दक्षिण अफ्रीका के चुनावों में मतदाताओं ने दिखाया अपना रुतबा। मतदाता राजनीतिज्ञों के भाग्य विधाता हैं- हर मतदाता को अपने वोट का इस्तेमाल हाई अलर्टपर रहकर पूर्ण विश्वास के साथ करना जरूरी।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र 9284141425**

## सार संक्षेप

### लॉकी फर्ग्यूसन के चोटिल होने से न्यूजीलैंड की चिंता बढ़ीं

**अबूधाबी** : चैंपियंस ट्रॉफी से ठीक पहले न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन की फिटनेस ने न्यूजीलैंड की चिंता बढ़ा दी हैं। फर्ग्यूसन को बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात में आईएलटी-20 के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट लगी थी, जिससे चैंपियंस ट्रॉफी और पाकिस्तान में पूर्ववर्ती त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए उनकी उपलब्धता पर संदेह के बादल मंडराने लगे हैं। डेजर्ट वाइपर्स के लिए खेलते हुए फर्ग्यूसन अपने स्पेल की अंतिम गेंद डालने में असमर्थ रहे थे और चोट के कारण मैदान छोड़ दिया था। मैच के बाद प्रेजेंटेशन में बोलते हुए, फर्ग्यूसन ने अपनी चोट के बारे में बात करते हुए कहा था, थोड़ी सी हैमस्ट्रिंग की समस्या हो गई है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने पुष्टि की है कि चोट की गंभीरता का आकलन करने के लिए फर्ग्यूसन का स्कैन कराया गया है और आगे की जानकारी का इंतजार किया जा रहा है। स्टीड ने आज शुरु होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला की शुरुआत से एक दिन पहले कहा कि यूएई में गुरुवार को लॉकी का स्कैन हुआ। हमें यहां छवियां मिल गई हैं और हम अपने रेडियोलॉजिस्ट की रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। न्यूजीलैंड अपने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अभियान की शुरुआत ग्रुप ए में मेजबान पाकिस्तान के खिलाफ 19 फरवरी को कराची में करेगा, इसके बाद 26 फरवरी को रावलपिंडी में बांग्लादेश और 2 मार्च को दुबई में भारत के खिलाफ मैच होंगे।

### दिल्ली ने बनाया लीजेंड-90 लीग का सबसे बड़ा स्कोर

**रायपुर** : लीजेंड-90 लीग में दिल्ली रायल्स ने लीग का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा करते हुए निर्धारित 15 ओवरों में 195 रन बनाए, हालांकि राजस्थान की टीम ने इस लक्ष्य को भेदने की बहुत कोशिश की, लेकिन दिल्ली की गेंदबाजी के आगे उनकी एक न चली और टीम 41 रन से इस मैच को हार गई। शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में सुबह 12 बजे से शुरू हुए इस मुकाबले में बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली रॉयल्स शुरुआत से ही अलग अंदाज में नजर आई। दिल्ली के कप्तान शिखर धवन भी लय पकड़ते नजर आए, हालांकि उनकी पारी बहुत लंबी तो नहीं रही, लेकिन 5 चौकों के साथ 26 रन बनाकर उन्होंने टीम को एक सशक्त शुरुआत दी, लेकिन आज दिन था उनका साथ निभाने आए सलामी बल्लेबाज लेंडल सिमन्स का। सिमन्स ने 39 गेंदों पर 12 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 87 रन बनाकर राजस्थानी गेंदबाजी की कमर तोड़ के रख दी। जिसके बाद आए एंजेलो परेरा ने 24 गेंदों में 3 छक्कों और 6 चौकों की मदद से ताबड़तोड़ 54 रन बनाकर टीम को 195 रनों के विशालकाय स्कोर तक पहुंचा दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान किंग्स के सलामी बल्लेबाज फिल मस्टर्ड को परविंदर अवाना ने पहले ही ओवर चलता कर दिया, जिसके बाद गौरव तोमर (34), राजेश विश्नोई (31), रजत सिह (48) और मनप्रीत गोनी (27) ने प्रयास तो किया, लेकिन उतना काफी नहीं था और टीम 41 रन से पीछे रह गई।

### मुकुंद, रामकुमार और करण बनेंगे दिल्ली ओपन की शान

**नई दिल्ली** : डेविस कप खिलाड़ी शशिकुमार मुकुंद, रामकुमार रामनाथन और करण सिंह को एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट दिल्ली ओपन के पुरुष एकल में वाइल्ड कार्ड एंट्री दी गयी है। इसके अलावा डेविस कप प्रशिक्षण शिविर का भाग ले चुके चिराग दुहान और आर्यन शाह को आदित्य गोविला और सिद्धार्थ रावत के साथ क्वालीफाइंग स्पर्धा के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर रह चुके लॉयड हैरिस और 2019 जूनियर विबलडन चैंपियन शिंटारो मोचीजुकी एटीपी चैलेंजर 75 टूर्नामेंट में शीर्ष आठ वरीय खिलाड़ियों में शामिल होंगे जो 10 से 16 फरवरी तक डीएलटीए परिसर में होने वाले पांचवें चरण में खेलेंगे। दक्षिण अफ्रीका के हैरिस एकल मुख्य ड्रॉ में चौथे स्थान पर होंगे। जापान के उभरते हुए 21 वर्षीय मोचीजुकी को छठी वरीयता दी गई है।

### चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को हराना एक कड़ी चुनौती : शरीफ

**लाहौर** : चैंपियंस ट्रॉफी का खुमार पाकिस्तान में चरम पर है और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ भी 19 फरवरी से शुरु होने वाले क्रिकेट के महाकुंभ से अछूते नहीं है। शरीफ ने लाहौर में नये सिरे से तैयार गद्दाफी स्टेडियम के उद्घाटन के अवसर पर कहा कि भारत को हराना आसान नहीं होगा और पड़ोसी देश को क्रिकेट के मैदान पर शिकस्त देने के लिये पाकिस्तान की टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। गौरतलब है कि चैंपियंस ट्राफी में पाकिस्तान की भारत से भिड़ंत 23 फरवरी को दुबई में होगी। शरीफ ने कहा कि हमारी टीम बहुत अच्छी है और उसने हाल के दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन उनके सामने अब वास्तविक चुनौती चैंपियंस ट्रॉफी जीतना ही नहीं बल्कि दुबई में होने वाले मैच में हमारे चिर प्रतिद्वंद्वी भारत को हराना होगा। पाकिस्तान की टीम को पूरे देश का समर्थन हासिल है।

# पहले दिन एथलेटिक्स में हुई जबरदस्त प्रतिस्पर्धा

## राष्ट्रीय खेल

देहरादून

**उत्तराखंड** में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेल के तहत एथलेटिक्स स्पधाएं शनिवार से शुरू हो गईं। पहले दिन के इवनिंग सेशन में कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

100 मीटर पुरुष वर्ग में महाराष्ट्र के सुरज गोरेख ने 10.32 सेकंड के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि असम के अमलान बोरघान ने 10.43 सेकंड के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। 100 मीटर महिला फाइनल में महाराष्ट्र की सुदेशना शिवांका ने 11.76 सेकंड में स्वर्ण पदक जीता। तेलंगाना की नित्या गांधे ने 11.79 सेकंड में रजत और तमिलनाडु की गिरिधरानी आर ने 11.88 सेकंड के साथ कांस्य पदक जीता। डिस्कस थ्रो (महिला - 1.00 किग्रा): हरियाणा की सीमा ने 52.70 मीटर फेंककर स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली की भावना यादव ने 51.82 मीटर के साथ रजत और पंजाब की अमानत कम्बोज ने 49.94 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। पोल वॉल्ट (महिला): तमिलनाडु की पवित्रा वेंकटेस ने 3.95 मीटर की छलांग से स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडु की बारानिका इलंगोव ने 3.90 मीटर के साथ रजत और केरल की मरिया जैसन ने 3.90 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। लॉन्ग जंप (पुरुष): उत्तर प्रदेश के शाहनवाज खान ने 7.70 मीटर की छलांग से स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडु के श्रीराम वी ने 7.59 मीटर के साथ रजत और केरल के अनुराग सी वी ने 7.56 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। डिस्कस थ्रो (पुरुष - 2.00 किग्रा): सर्विसेज के गगनदीप सिंह ने 55.01 मीटर की दूरी तय कर स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा के निर्भय सिंह ने 54.07 मीटर के साथ रजत और केरल के एलेक्स पी थैंकाचान ने 52.79 मीटर के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। 1500 मीटर (महिला): दिल्ली की चंदा ने 4:17.74 समय में स्वर्ण पदक जीता। मध्य प्रदेश की दीक्षा ने 4:21.92 समय के साथ रजत और पंजाब की अमनदीप कौर ने 4:22.75 समय में कांस्य पदक जीता। 1500 मीटर (पुरुष): सर्विसेज के यूनुस शाह ने 3:46.48 समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। मध्य प्रदेश के रितेश ओहरे ने 3:46.64 समय के साथ रजत और उत्तराखंड के राम सिंह ने 3:50.24 समय के साथ कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके अलावा, पुरुषों के ठेकायलॉन वर्ग में पांच स्पधाएं (100 मीटर, लॉन्ग जंप, शॉट पुट 7.260 किग्रा, हाई जंप, 400 मीटर) पूरी हुईं। साथ ही, पुरुषों और महिलाओं की 400 मीटर दौड़ के पहले राउंड भी आयोजित किए गए। एथलेटिक्स की इन प्रतिस्पधाओं में देशभर के शीर्ष एथलीट हिस्सा ले रहे हैं और आगे भी कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी।

### हॉकी में मणिपुर, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक ने जीते मुकाबले

हरिद्वार के वंदना कटारिया हॉकी स्टेडियम में 38वें राष्ट्रीय खेल 2025 के पांचवे दिन चार हॉकी मुकाबले खेले गए।




महिला और पुरुष दोनों वर्गों में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जिनमें मणिपुर, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक ने अपनी-अपनी जीत दर्ज की। दिन के पहले मुकाबले में मणिपुर ने उत्तराखंड को 5-2 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मणिपुर की ओर से ब्रह्मचारीमयुम सरिता देवी, सुमन देवी थौडम, चानू लांचेनबी खुद्रकपम और देवी थोनाओजम निरुपमा ने गोल किए, जबकि उत्तराखंड के लिए सलोनी पिलखवाल ने दो गोल दागे। इस हार के साथ उत्तराखंड टूर्नामेंट से बाहर हो गया, जबकि मणिपुर चार अंकों के साथ पूल बी में चौथे स्थान पर है। मध्य प्रदेश ने पश्चिम बंगाल को 2-1 से हराकर पूल ए की शीर्ष स्थिति बरकरार रखी। नीलांजली राय और अंजलि गौतम के गोलों की बदौलत मध्य प्रदेश ने यह मुकाबला जीत लिया। पश्चिम बंगाल की ओर से सुबिला टिर्की ने एकमात्र गोल किया। महाराष्ट्र ने उत्तराखंड को 2-1 से हराया। उत्तराखंड के गोविंद सिंह बिष्ट ने पांचवें मिनट में गोल कर टीम को बढ़त दिलाई, लेकिन महाराष्ट्र के कप्तान सुनील वाल्मीकि ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर टीम को जीत दिलाई। इस जीत के साथ महाराष्ट्र सात अंकों के साथ पूल बी में दूसरे स्थान पर है, जबकि उत्तराखंड टूर्नामेंट से बाहर हो गया। कर्नाटक ने मणिपुर को 4-1 से हराकर पूल ए में शीर्ष स्थान कायम रखा। कर्नाटक के गणेश मज्जी, सूर्य एन एम, भरत महालिंगप्पा कुर्तकोटी और शमंथ सी ने गोल किए। मणिपुर के लिए इरेंगबम रोहित सिंह ने एकमात्र गोल किया। इस जीत के साथ कर्नाटक नौ अंकों के साथ पूल ए में शीर्ष पर है, जबकि मणिपुर टूर्नामेंट से बाहर हो गया।

### लॉन बॉल में झारखंड ने किया शानदार प्रदर्शन

महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के हॉकी प्रैक्टिस ग्राउंड में 1 से 8 फरवरी तक आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेल के लॉन





बॉल मुकाबलों में झारखंड और बिहार के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। विभिन्न वर्गों के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों में रोमांचक खेल देखने को मिला। मेंस सिंगल्सः झारखंड ने बिहार को 21-17 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। मेंस फोर्स : झारखंड ने पश्चिम बंगाल को 17-10 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वुमेंस पेयर्स : असम ने ओडिशा को 19-10 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वुमेंस ट्रिपल्सः बिहार ने पश्चिम बंगाल को 16-14 से हराकर स्वर्ण पदक हासिल किया। सेमीफाइनल मुकाबलेः मेंस सिंगल्सः बिहार ने पश्चिम बंगाल को 21-09 से हराया, जबकि झारखंड ने असम को 21-18 से मात दी। मेंस फोर्सः झारखंड ने मणिपुर को 26-06 से हराया और पश्चिम बंगाल ने असम को 18-12 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। वुमेंस पेयर्स : ओडिशा ने झारखंड को 16-14 से हराया, जबकि असम ने पश्चिम बंगाल को 20-09 से हराया। वुमेंस ट्रिपल्सः बिहार ने दिल्ली को 21-20 से हराया, जबकि पश्चिम बंगाल ने झारखंड को 25-03 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का उत्साह और प्रतिस्पर्धा उच्च स्तर पर रही। लॉन बॉल के खेल को इस बार नई पहचान मिली और यह निश्चित रूप से भविष्य में और अधिक लोकप्रिय होगा।

### महिला 10,000 मीटर फाइनल में उत्तराखंड को रजत और कांस्य पदक

उत्तराखंड ने 38वें राष्ट्रीय खेल के महिला 10,000 मीटर फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत और कांस्य पदक जीते। इस रोमांचक दौड़ में महाराष्ट्र की संजीवनी जाधव ने 33:33.47 के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। उत्तराखंड की अंकिता ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 34:31.03 के समय के साथ रजत पदक हासिल किया, जबकि सोनिया ने 35:45.19 के समय के साथ कांस्य पदक जीतकर राज्य की मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। यह दौड़ उत्तराखंड की लॉन्ग डिस्टेंस दौड़ में बढ़ती ताकत का प्रमाण थी, जिसमें अंकिता और सोनिया ने अपनी दृढ़ता और सहनशक्ति का शानदार प्रदर्शन किया।

### हरियाणा ने की पुरुष और महिला हैंडबॉल में शानदार शुरुआत

38वें राष्ट्रीय खेल के हैंडबॉल मुकाबलों की शुरूआत धमाकेदार रही। पहले दिन कुल सात मुकाबले खेले गए, जिसमें हरियाणा की पुरुष और महिला टीमों ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की। महिला वर्ग में हरियाणा ने बिहार को 47-16 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरूआत की। हरियाणा की ओर से सोनिका और आशा रानी ने छह-छह गोल किए, जबकि रेनू, प्रियंका और निक्की ने पांच-पांच गोल किए। बिहार के लिए खुशबू कुमारी ने सर्वाधिक छह गोल किए। दिन के दूसरे मुकाबले में हिमाचल प्रदेश ने उत्तराखंड को 45-6 के बड़े अंतर से मात दी। हिमाचल के लिए मिताली शर्मा ने आठ, कृतिका ठाकुर ने सात और जागृति देवी ने सात गोल किए। वहीं, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, जिसमें राजस्थान ने 23-22 से जीत दर्ज की। पहले हाफ में दोनों टीमें 11-11 की बराबरी पर थीं, लेकिन दूसरे हाफ में राजस्थान ने 12-11 की बढ़त बनाकर गैच अपने नाम किया। राजस्थान की ओर से रुक्मिणी बिधू और गनीषा ने पांच-पांच गोल किए, जबकि उत्तर प्रदेश के लिए मोना और सपना कश्यप ने पांच-पांच गोल किए। पुरुष वर्ग में राजस्थान और दिल्ली के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, जिसमें दिल्ली ने 31-30 से रोमांचक जीत दर्ज की। राजस्थान के लिए लोकेन्द्र सिंह और रोहिताश ने छह-छह गोल किए, जबकि विक्रम और दिनेश ने पांच-पांच गोल दागे। दिल्ली की ओर से विकास (6), सुशील (5) और कृष्ण (5) ने शानदार प्रदर्शन किया। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के बीच खेला गया मुकाबला 28-28 की बराबरी पर समाप्त हुआ। मध्य प्रदेश के जसमीत और छत्तीसगढ़ के मोहम्मद आमिर हुसैन ने 10-10 गोल किए। एमपी के अमित ने छह गोल के साथ अहम भूमिका निभाई। हरियाणा की पुरुष टीम ने झारखंड के खिलाफ 46-26 की बड़ी जीत दर्ज की। झारखंड के लिए नदीम ने 9 और मोहम्मद शाहरुख अनवर ने 7 गोल किए।

### तीरंदाजी में उत्तर प्रदेश और हरियाणा का वर्चस्व

38वें राष्ट्रीय खेल में तीरंदाजी का समापन शानदार प्रदर्शन के साथ हुआ। इस दौरान विभिन्न श्रेणियों में रोमांचक मुकाबले हुए और कई खिलाड़ियों ने अपनी बेहतरीन तीरंदाजी से दर्शकों का दिल जीता। पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धाः स्वर्ण पदकः उत्तर प्रदेश के मनीष ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। रजत पदकः उत्तर प्रदेश के शुभम ने रजत पदक हासिल किया। कांस्य पदकः मणिपुर के चिंगाखम नेल्सन सिंह ने कांस्य पदक अपने नाम किया।




# सीरीज जीतने के इरादे से मैदान पर उतरेगा भारत

● कटक, वार्ता

**श्रृंखला** के शुरूआती मैच में शानदार प्रदर्शन से उत्साहित भारत आज बाराबती स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे मैच में रविवार को तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला अपने नाम करने के इरादे से मैदान पर उतरेगा वहीं मेहमान इंग्लैंड सीरीज को जीवित रखने के लिए पुरजोर कोशिश करेगा।

नागपुर में पहले वनडे में आसान जीत हासिल करने के बाद, भारतीय टीम मुकाबले में लय के साथ उतरेगी। हालांकि, कप्तान रोहित शर्मा की फॉर्म को लेकर चिंता बनी हुई है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले केवल दो मैच बचे हैं और सलामी बल्लेबाज अपनी फार्म को वापस पाने के लिए बेकरार होगा। रोहित ने मैच से पहले कहा कि मैं बस यही चाहता हूं कि हम यह सुनिश्चित करते रहें कि हम जितनी बार संभव हो सही चीजें करें। ऐसा कुछ भी खास नहीं है जिसे हम हासिल करना चाहते हैं। हम सिर्फ गेंदबाजी, बल्लेबाजी और अन्य पहलुओं को चुस्त दुरुस्त और अधिक बेहतर रखना पसंद करेंगे। नागपुर में पदार्पण मैच पर प्रभावित करने वाले युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा अपने प्रदर्शन को आगे बढ़ाना चाहेंगे। हालांकि इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाजों ने उन्हें शुरू में ही दबाव में डाल दिया था, लेकिन उन्होंने जोरदार वापसी की और तीन महत्वपूर्ण विकेट लेकर मेहमान टीम को 248 रन पर रोक दिया।




दूसरे वनडे में इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के खिलाफ उनकी भूमिका अहम साबित हो सकती है। रन मशीन विराट कोहली की वापसी से भारत के बल्लेबाजी क्रम में बदलाव देखने को मिल सकता है। अनुभवी बल्लेबाज घुटने में दर्द के कारण पहला वनडे नहीं खेल सके और इस मैच में उनकी भागीदारी की अभी भी साफ नहीं हुई है। यदि वह लौटते हैं, तो टीम प्रबंधन को कठिन निर्णय का सामना करना पड़ेगा कि किसे बाहर रखा जाए, क्योंकि उनकी जगह लेने वाले श्रेयस अय्यर ने सफल रन चेज में शानदार अर्धशतक बनाया है। अय्यर ने मैच के बाद कहा था कि हम सभी जानते हैं, दुर्भाग्य से, एक खिलाड़ी चोटिल हो गये और फिर मुझे मौका मिला। लेकिन मैंने खुद को तैयार रखा। मुझे पता था कि किसी भी समय, मुझे मौका मिल सकता है। दूसरी ओर, इंग्लैंड वापसी के लिए बेताब होगा। श्रृंखला के शुरुआती मैच में उनकी बल्लेबाजी लड़खड़ा गई और उन्हें अपने मध्यक्रम से मजबूत प्रयास की जरूरत होगी। मेहमान भारत की मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप को रोकने के लिए अपने गेंदबाजों पर भी भरोसा करेंगे।

### कटक वनडे के लिए कोहली फिट

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को इंग्लैंड के खिलाफ आज खेले जाने वाले दूसरे एक दिवसीय मैच के लिए फिट घोषित कर दिया गया है। घुटने की चोट के चलते कोहली पहला वनडे नहीं खेल सके थे। मैच की पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने पत्रकारों से कहा कि कोहली फिट हैं और वह हमारे साथ अभ्यास करेंगे। कोहली की टीम में वापसी की दशा में अंतिम एकादश में किसी एक बल्लेबाज को अब बेंच पर बैठना पड़ेगा। इनमे यशस्वी जायसवाल और श्रेयस अय्यर में से किसी एक का चुनाव किया जा सकता है। इसके साथ ही विराट के लिये अच्छा प्रदर्शन करना एक चुनौती होगा। विराट का बल्ला एक जमाने से खामोश चल रहा है।

# दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया जीत के करीब

## कंगारुओं ने तीसरे दिन मेजबान श्रीलंका के 211 रन पर झटके आठ विकेट

● गाले, वार्ता

**मैथ्यू** कुनमन (52 रन पर चार विकेट) और नाथन लॉयन (80 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने यहां दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को मेजबान श्रीलंका के आठ विकेट मात्र 211 रन पर झटक कर अपना शिकंजा कस लिया है।

मेजबान टीम ने अब तक महज 54 रन की मामूली बढ़त हासिल कर सकी है। आस्ट्रेलिया की कोशिश श्रीलंका की दूसरी पारी को जल्दी समेटकर श्रृंखला 2-0 से जीतने के लिए लक्ष्य का पीछा करने की होगी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 414 रन बनाए थे। श्रीलंका ने एक समय 81 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे जिससे ऐसा लग रहा था कि उसे तीन दिन में एक और पारी की करारी हार का सामना करना होगा मगरर एंजेलो मैथ्यूज (76) ने अर्धशतकीय पारी खेल कर श्रीलंका की उम्मीदों को जिंदा




रखा। उन्होंने धनंजय डी सिल्वा के साथ 48 रन की साझेदारी की और कुसल मेंडिस के साथ 70 रनों की साझेदारी निभाई। उनके स्टंप तक डटे रहने की उम्मीद थी लेकिन दिन का खेल खत्म होने से ठीक पहले उनकी चुनौती समाप्त हो गई जब उन्होंने नाथन लियोन की गेंद पर स्वीप करने का प्रयास किया, लेकिन फाइन लेग पर ब्यू वेबस्टर द्वारा शानदार कैच लपका गया।

### नायर के शतक से विदर्भ ने छह विकेट खोकर बनाए 264 रन

**नागपुर, वार्ता** : करुण नायर (100 नाबाद) और दानिश मलेवर (75) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत शुरुआती झटकों के बावजूद विदर्भ ने रणजी ट्राफी क्वार्टर फाइनल मैच के पहले दिन शनिवार को तमिलनाडु के खिलाफ छह विकेट पर 264 रन बना लिये।

नायर का घरेलू सीजन यह छठा शतक है। तमिलनाडु ने विदर्भ को शुरुआती झटके दिए मगर दानिश मलेवर और नायर ने चौथे विकेट के लिये 98 महत्वपूर्ण रन जोड़ लिये। मलेवर विजय शंकर की गेंद पर आउट हुये। दिन का खेल समाप्त होने से पहले नायर ने अपना शतक पूरा कर लिया और पहले दिन के खेल की समाप्ति तक विदर्भ ने छह विकेट के नुकसान पर 264 रन बना लिए हैं। वहीं चिंतन गजा (48 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी की मदद से गुजरात ने रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मैच के पहले दिन शनिवार को यहां सौराष्ट्र की पहली पारी को 216 रन पर समेट दिया।

# दिग्गज सस्ते में ढेर, मुलानी और कोटियान फिर बने खेवनहार

● कोलकाता, वार्ता

**शीर्ष** क्रम के सस्ते पर निपटने के बाद क्रीज पर आये शम्स मुलानी (91) और तनुष कोटियान (85 नाबाद) की बेहतरीन पारियों की मदद से मुबंई ने रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मुकाबले के पहले दिन शनिवार को हरियाणा के खिलाफ अपनी पहली पारी में आठ विकेट पर 278 रन बना लिए।

ईडन गार्डन पर टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुबंई की शुरुआत निराशाजनक रही। अंशुल काम्बोज (58 रन पर तीन विकेट) और सुमित कुमार (57 रन पर दो विकेट) की घातक गेंदबाजी के आगे मुबंई के धुरंधर अपने विकेट गंवाते चले गए और एक समय मुबंई की आधी टीम 65 रन पर पवेलियन वापस पहुंच चुकी थी। सूर्य कुमार यादव (09),शिवम दुबे (28) और कप्तान आंजिक्य रहाणे ने 31 रन का योगदान दिया। संकट में फंसी मुबंई के लिए एक बार फिर से शम्स मुलानी और



### रणजी ट्रॉफी : मुंबई ने पहली पारी में आठ विकेट खोकर बनाए 278 रन

कोटियान खेवनहार बने। दोनों के बीच आठवें विकेट के लिए 165 रन की मजबूत साझेदारी हुई। मुलानी दिन के खेल के अंतिम सत्र में जयंत यादव की गेंद पर उन्हे ही कैच दे बैठे और अपने शतक से चूक गए मगर अपनी दमदार पारी के दौरान उन्होने 178 गेंदों का सामना किया ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)